You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-101 ❒ सोमवार, 11 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




सपा शासन में नेताओं, गुंडों और माफियाओं को 'कटिया मारकर बिजली चलाने' का खुला लाइसेंस दे दिया गया था। अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया। एं.के. शर्मा


हिमंता बिस्व सरमा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया 11

प्रीति जिंटा ने टीम के लिए दरबार साहिब में की अरदास 12


## संक्षेप

### संजीव अरोड़ा सात दिन के ईडी रिमांड पर

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को रविवार सुबह अदालत में पेश किया। अदालत ने अरोड़ा को सात दिन के रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। उनसे गुरुग्राम के एमजी रोड स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। ईडी ने शनिवार को अरोड़ा के चंडीगढ़, गुरुग्राम स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। वह लुधियाना वेस्ट से विधायक हैं। ईडी ने करीब 10 घंटे तक चली छापेमारी के बाद शनिवार शाम पांच बजे मंत्री संजीव अरोड़ा को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। ईडी सूत्रों के अनुसार, मंत्री संजीव अरोड़ा व उनसे संबंधित कंपनियों पर 157.12 करोड़ रुपये की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के जरिये फर्जी एक्सपोर्ट दिखाने के आरोप हैं। इन्हीं आरोपों में उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

### सीपीआरआई से स्मार्ट मीटरों की जांच करवाई जाए : उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** स्मार्ट मीटरों की अंतरिम रिपोर्ट में उनकी सटीकता सही पाने का दावा आने के बाद राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट मीटरों की जांच बेंगलुरु स्थित केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) से करवाने की मांग की है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में 84 लाख से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जा चुके हैं। इनमें से ज्यादातर उपभोक्ता रीडिंग में असामान्य इजाफ़े की शिकायत कर रहे हैं, जिसकी वजह से उनका बिजली बिल बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन की जांच इकाई की रिपोर्ट का कोई मतलब नहीं है क्योंकि उनकी टेस्टिंग सामान्य मीटर की तरह की जा रही है। इन्हें हमें स्मार्ट मीटर की तरह इस्तेमाल करना है, लिहाजा इनकी जांच पूरे सॉफ्टवेयर के साथ चलाकर की जानी चाहिए। इसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि डाटा ट्रांसमिशन, रिमोट कम्युनिकेशन, प्रीपेड बैलेंस, बिलिंग और सर्वर प्रोसेसिंग में कोई तकनीकी कमी नहीं है।

### प्रदेश में लगेगी हुनर की पाठशाला

**लखनऊ।** यूपी को देश का अग्रणी ''स्किल हब'' बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। मिशन द्वारा प्रदेश के 13 प्रमुख विभागों को कौशल विकास प्रशिक्षण का प्रस्ताव भेजते हुए आगामी तीन महीनों में बड़े स्तर पर युवाओं को रोजगारपरक एवं उ?द्योग आधारित प्रशिक्षण से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत शहरी गरीब परिवारों, ग्रामीण युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों, अल्पसंख्यक समुदाय, निर्माण श्रमिक परिवारों, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तथा कारागारों से जुड़े युवाओं को उनकी रुचि एवं उद्योगों की वर्तमान मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं।

# योगी मंत्रिमंडल में छह नये मंत्री शामिल, दो मंत्रियों का प्रमोशन

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार कर छह नये मंत्री शामिल किये है जबकि दो मंत्रियों को प्रोन्नत किया है।

भूपेन्द्र चौधरी तथा मनोज पांडेय को कैबिनेट मंत्री और सुश्री कृष्णा पासवान , कैलाश सिंह राजपूत , सुरेन्द्र दिलेर तथा हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री के रुप में मंत्री परिषद में शामिल किया गया है। मंत्रिपरिषद में पहले से शामिल दो राज्यमंत्रियों अजीत पाल तथा सोमेन्द्र तोमर को प्रोन्नत कर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।

इन सभी मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां जन भवन में एक सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। मंत्रिपरिषद विस्तार को 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश करते हुए विभिन्न वर्गों के नेताओं को इस विस्तार में जगह दी है। श्री चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख जाट नेताओं में शामिल है और मुरादाबाद के रहने वाले हैं। वह लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा



❒ भूपेन्द्र चौधरी व मनोज पांडेय बने कैबिनेट मंत्री, चार को बनाया राज्य मंत्री

❒ दो राज्य मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार के रूप में मिला प्रमोशन

संगठन में सक्रिय रहे है। वह वर्ष 2016 में पहली बार विधान परिषद सदस्य बने तथा 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें पंचायती राज राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया और 2019 में कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज की जिम्मेदारी मिली। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया था। श्री मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह 2012-17 में समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। वह 2022 में सपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक भी रहे। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए थे। श्री कैलाश सिंह राजपूत कन्नौज की

**ये हैं मंत्री**

❒ भूपेंद्र चौधरी : पश्चिम यूपी में जाट राजनीति का चेहरा ❒ मनोज पांडेय : सपा से आये बड़े ब्राह्मण नेता ❒ अजीत सिंह पाल : पिता की विरासत संभालते हुए समाज में प्रभावी ❒ डॉ. सोमेंद्र तोमर : मेरठ के पुराने छात्रनेता रहे हैं ❒ कृष्णा पासवान: दलित प्रतिनिधित्व का दांव ❒ कैलाश राजपूत : कन्नौज क्षेत्र के चर्चित चेहरा ❒ सुरेंद्र दिलेर राजनीतिक परिवार के चेहरा ❒ हंसराज विश्वकर्मा: ओबीसी राजनीति का मजबूत चेहरा

तिर्वा विधानसभा सीट से विधायक है। वह 1996 में पहली बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में जीते थे। बाद में 2007 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीते और 2017 में वह फिर भाजपा में लौटे और लगातार दो बार विधानसभा पहुंचे। श्री हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद के सदस्य है और पिछड़ा वर्ग की राजनीति में मजबूत पकड़ रखते है। उन्होंने 1989 में बूथ स्तर से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी। वाराणसी में 2019 लोकसभा और 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। श्री सुरेंद्र दिलेर अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट से विधायक है और भाजपा के प्रमुख दलित युवा नेताओं में गिने जाते हैं। वह पूर्व भाजपा सांसद राजवीर सिंह दिलेर के पुत्र हैं। सुश्री कृष्णा पासवान फतेहपुर जिले की खागा विधानसभा सीट से विधायक है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की थी। वह चार बार विधायक और दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं तथा भाजपा का प्रमुख दलित महिला चेहरा मानी जाती हैं। श्री सोमेंद्र तोमर मेरठ दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक है और मंत्रिपरिषद में अब तक ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत राज्य मंत्री के रुप में कार्यरत रहे हैं। उन्हें राज्य मंत्री से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसी तरह कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा सीट से विधायक श्री अजीतपाल सिंह अब तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री के रुप में काम करते रहे है। उन्हें भी राज्य मंत्री से प्रोन्नत कर राज्य मंत्री ● शेष पेज 11 पर

# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की विजय ने ली शपथ





**एजेंसी**

❒ टीवीके प्रमुख की मुख्य टीम को मंत्रिमंडल में मिली जगह

चेन्नई। सी जोसेफ विजय ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रविवार को यहां रंगारंग समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और इसी के साथ ही इस दक्षिणी राज्य में 60 साल में पहली बार द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से इतर किसी दल की सरकार बनी।

अभिनेता (51) से नेता बने विजय के पहले मंत्रिमंडल में युवा और अनुभवी दोनों तरह के नेता हैं। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख की मुख्य टीम को भी इसमें जगह मिली है। विजय ने अपने पहले संबोधन में कहा कि वह किसी राजघराने से नहीं हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि वह झूठे वादे कर लोगों को धोखा नहीं देंगे।


उन्होंने कहा कि एक नयी शासन व्यवस्था शुरू हुई है तथा वास्तविक, धर्मनिरपेक्ष एवं सामाजिक न्याय का नया युग आरंभ हो रहा है। विजय के पिता एस ए चंद्रशेखर और उनकी मां शोभा, शीर्ष अभिनेत्री तृषा तथा बड़ी संख्या में आमंत्रित लोग जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। विजय ने सरकारी फाइलों पर पहली बार हस्ताक्षर करते हुए घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल गठित करने को मंजूरी दी। राज्यपाल आर वी आर्लेकर ने विजय और उनके मंत्रिमंडल के नौ सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले मंत्रियों में द्रविड़ राजनीति के अनुभवी नेता के ए सेंगोट्टैयन और युवा चेहरे डॉ. टी के प्रभु तथा एस कीर्तना शामिल हैं। टीवीके कार्यकर्ताओं की लगातार गूंजती सीटियों के बीच विजय ने ईश्वर के नाम पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके मंत्रियों ने भी ईश्वर के नाम पर शपथ ली जो पूर्ववर्ती द्रमुक सरकार के अधिकतर मंत्रियों के शपथ ग्रहण से अलग रहा। टीवीके नेता आधव अर्जुन, एन आनंद, आर निर्मल कुमार, के जी अरुणराज और सेंगोट्टैयन ने मंत्री पद की शपथ ली। ● शेष पेज 11 पर

# झूठे पोस्ट संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ : सीजेआई

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में अपने नाम से प्रसारित जातिवादी बयान की निंदा करते हुए उसे ''मनगढ़ंत, घृणित, ओछा और दुर्भावनापूर्ण'' बताया।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने अपने बयान में कहा, ''मनगढ़ंत बयान गढ़ना और उसे देश के सर्वोच्च न्यायिक पद से जोड़ना घोर बेईमानी, जानबूझकर सामाजिक रूप से भड़काने वाला और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अवमानना का कृत्य है। बयान के अनुसार, ''इस तरह का गैरजिम्मेदाराना आचरण न्यायपालिका और कानून के शासन में जनता के भरोसे पर सीधा प्रहार करता है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच पर व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे कुछ पोस्ट का जिक्र किया और उन्होंने विशेष रूप से 'एक्स' पर 'अनरिजर्व्डमेरिट' नाम के एक अकाउंट का उल्लेख किया। प्रधान न्यायाधीश ने



❒ प्रधान न्यायाधीश ने सोशल मीडिया पर उनके हवाले से प्रसारित जातिवादी बयान का खंडन किया

अपने बयान में कहा है कि उस सोशल मीडिया अकाउंट से जो पोस्ट किया गया है उससे उनका नाम जोड़ा गया है। पोस्ट मूल रूप से हिंदी में किया गया है। पोस्ट में कहा गया है, ''यदि कोई समाज, आईएएस, आईपीएस, प्रधान न्यायाधीश, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसे पद देने के बाद भी शोषित रहना चुनता है तो ● शेष पेज 11 पर

# यूक्रेन संघर्ष समाप्ति की ओर अग्रसर: पुतिन

मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष समाप्त होने वाला है। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की जीत के उपलक्ष्य में मस्को में आयोजित एक सीमित सैन्य परेड के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह जानकारी बीबीसी ने रविवार को दी। सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण रूस की वार्षिक परेड में टैंकों एवं मिसाइलों का सामान्य प्रदर्शन नहीं हुआ क्योंकि अधिकारियों को आशंका थी कि यूक्रेन ड्रोन से रेड स्क्वायर को निशाना बना सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता से मास्को और कीव के बीच अंतिम समय में हुए युद्धविराम ने किसी भी हमले के खतरे को कम कर दिया और परेड बिना किसी रुकावट के संपन्न हुई। श्री पुतिन की ये टिप्पणियां उनके विजय दिवस भाषण के कुछ ही घंटों बाद आईं जिसमें उन्होंने युद्ध को जायज ठहराया था। उस भाषण में उन्होंने कहा कि रूस एक न्यायपूर्ण युद्ध लड़ रहा है और यूक्रेन को एक आक्रामक शक्ति करार दिया जिसे नाटो के पूरे गुट द्वारा हथियार और समर्थन दिया जा रहा है। बाद में, जब एक ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के कई शहरों में आतंकियों के निशाने पर अफसर-नेता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आईएसआई के इशारे पर इंस्टाग्राम व सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म के जरिए संदिग्ध आतंकियों के कई छोटे-छोटे ग्रुप तैयार किए गए हैं। एक ग्रुप में दो से चार युवकों को जोड़कर उन्हें प्रशासन-पुलिस के अधिकारियों व स्थानीय नेताओं पर हमले के अलावा प्रमुख स्थानों के वीडियो-फोटो भेजने के टास्क सौंपे गए हैं।

आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की पड़ताल में यह तथ्य सामने आने के बाद संदिग्ध आतंकी बाराबंकी निवासी दानियाल अशरफ व कुशीनगर निवासी कृष्णा मिश्रा से नए सिरे से पूछताछ की तैयारी है। एटीएस दोनों आरोपियों की पुलिस कस्टडी रिमांड हासिल करने के लिए सोमवार को कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगी।

एटीएस ने सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम

❒ एटीएस पाकिस्तानी गैंगस्टर से जुड़े कई संदिग्धों की कर रही पड़ताल

❒ एक ग्रुप में दो से चार युवकों को जोड़कर उन्हें प्रशासन-पुलिस के अधिकारियों व स्थानीय नेताओं पर हमले के अलावा प्रमुख स्थानों के वीडियो-फोटो भेजने के टास्क सौंपे गए





चैनल के माध्यम से पाकिस्तानी गैंगस्टर के संपर्क में दानियाल व कृष्णा से शुरुआती पूछताछ में उन्हें सौंपे गए टास्क के बारे में जानकारी हासिल की थी। दोनों को पुलिस थानों व पुलिस अधिकारियों पर हमले की खास जिम्मा सौंपा गया था।

इससे पहले एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर से जुड़े दो अन्य संदिग्ध आतंकियों तुषार व समीर को गिरफ्तार किया था। एटीएस को शुरुआती पड़ताल में चारों संदिग्ध आतंकियों के बीच कोई आपसी कनेक्शन नहीं मिला है। दानियाल व कृष्णा तथा तुषार व समीर के ग्रुप अलग-अलग थे। ऐसे ही कई अन्य ग्रुप भी बनाए गए हैं, जिनमें शामिल युवकों से अलग-अलग पाकिस्तानी हैंडलर संपर्क कर हमलों की साजिश रचते हैं। आरोपियों के मोबाइल फोन से मिले संदिग्ध मोबाइल नंबरों के जरिए उनके अन्य साथियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। दानियाल व कृष्णा से जुड़े दो अन्य संदिग्ध युवकों के नाम भी सामने आए हैं।

# अमेरिका की परमाणु धमकी 'बेहद बेतुकी बात' : ईरान

**एजेंसी**

तेहरान। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कथित परमाणु हमले की चेतावनी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ''घृणित बेतुकापन'' करार दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह टिप्पणी अमेरिका की कथित 'शांति की इच्छा' से मेल नहीं खाती है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि यह ''विकृत विडंबना'' है कि अमेरिका एक ओर शांति और परमाणु संकट रोकने की बात करता है और दूसरी ओर ''एक बड़ी चमक'' जैसी भाषा का इस्तेमाल कर सैन्य धमकी देता है। श्री बकाई ने अपनी पोस्ट में हॉलीवुड फिल्म 'डॉ. स्ट्रेंजलव' का उल्लेख करते हुए अमेरिकी बयानबाजी का उपहास भी उड़ाया। यह प्रतिक्रिया श्री ट्रंप के उस बयान के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि ईरान के साथ युद्धविराम समाप्त होता



है तो ''आपको जानने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बस ईरान से उठती एक बड़ी चमक दिखाई देगी।'' उन्होंने यह भी कहा था कि ईरान को समझौते पर जल्द हस्ताक्षर कर देने चाहिए, अन्यथा उसे ''काफी दर्द'' झेलना पड़ेगा। इस बीच, मॉस्को में विजय दिवस समारोह के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका-ईरान तनाव को ''बेहद कठिन'' स्थिति बताया और कहा कि रूस को उम्मीद है कि संघर्ष जल्द समाप्त होगा। श्री पुतिन ने कहा कि ईरान के परमाणु हथियार विकसित करने के कोई प्रमाण नहीं हैं और विवाद का समाधान कूटनीतिक तरीके से संभव है। उन्होंने कहा कि रूस को ऐसा ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस देश की सबसे बड़ी महिला विरोधी पार्टी: मोदी

## करती है सिर्फ झूठ और विश्वासघात की राजनीति, उसकी सत्ता की किताब में गवर्नेंस का कोई अध्याय ही नहीं

**एजेंसी**

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे देश की सबसे बड़ी महिला विरोधी पार्टी करार दिया। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित रखा। बेंगलुरु के एचएएल एयरपोर्ट परिसर में भाजपा के अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि महिला आरक्षण विधेयक पहले लागू हो गया होता तो देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और अधिक मजबूत होती। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से भी बड़ी संख्या में महिला विधायक और सांसद सामने आ सकती थीं, लेकिन कांग्रेस ने इसे रोककर महिलाओं के साथ अन्याय किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निराशा में डूबी हुई पार्टी बन चुकी है और उसके पास अब कोई स्पष्ट



विचारधारा नहीं बची है। जनता की समस्याओं को सुलझाने के बजाय सरकार आंतरिक कलह में उलझी हुई है। उन्होंने कहा, पिछले तीन वर्षों में कर्नाटक की जनता कांग्रेस की गारंटियों की वास्तविकता देख चुकी है। राज्य सरकार इस चिंता में फंसी हुई है कि मुख्यमंत्री कितने दिन पद पर बने रहेंगे और दूसरे नेताओं को मौका मिलेगा या नहीं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही चर्चाओं पर परोक्ष टिप्पणी की। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में पिछले तीन वर्षों से जनता की समस्याएं सुलझाने की बजाय सरकार का अधिकतर समय आंतरिक कलह में बीत रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में यह तक तय नहीं हो पाता कि मुख्यमंत्री कितने दिन रहेंगे और किसे मौका मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को परजीवी पार्टी करार देते हुए कहा कि वह अपने सहयोगियों के साथ भी विश्वासघात करती है। उन्होंने तमिलनाडु में कांग्रेस और एम के स्टालिन नीत द्रमुक के संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों पुराने गठबंधन के बावजूद कांग्रेस ने सत्ता के लालच में अपने सहयोगी की पीठ में छुरा घोंपा। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकारों के लिए लोक कल्याण सर्वोपरि है और उनका मंत्र सबका साथ, सबका विकास है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मॉडल सुशासन का मॉडल है, इसलिए जनता विभिन्न राज्यों में भाजपा को दूसरी और तीसरी बार सेवा का अवसर दे रही है, जबकि कांग्रेस की राज्य सरकारें दोबारा सत्ता में लौटने में विफल रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों से केंद्र में एनडीए की सरकार है और देश के 21 से अधिक राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकारें विकास के मंत्र के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक प्रक्रियाओं और न्यायपालिका के प्रति घृणा फैलाने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस इतनी निराशा में डूब चुकी है कि उसके पास गाली-गलौज और भद्दी भाषा के अलावा कोई एजेंडा नहीं बचा है। उन्होंने हालिया चुनाव परिणामों का उल्लेख करते ● शेष पेज 11 पर

# आईजीआरएस में रामपुर ने फिर मारी बाजी

## पीलीभीत ने दूसरा, श्रावस्ती और अमेठी को मिला तीसरा स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ आईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट में डीएम रामपुर ने 98.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया पहला स्थान

❒ 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की हर माह आईजीआरएस से की जाती है समीक्षा



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले नौ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम योगी के सपनों को साकार करने में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। आईजीआरएस से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में आईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में रामपुर ने 138 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि पीलीभीत ने दूसरा और श्रावस्ती के साथ अमेठी ने बराबर-बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

आईजीआरएस द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और जन शिकायत की सुनवाई की रिपोर्ट जारी की जाती है। आईजीआरएस द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। आईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार रामपुर ने मानक पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 138 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसका रेश्यो 98.57 प्रतिशत है।

जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप रामपुर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आईजीआरएस के जरिये मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। बता दें कि रामपुर पिछले चार माह से पहले स्थान पर है। पीलीभीत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई में शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि जिले में जनशिकायतों के निस्तारण दर में लगातार सुधार हो रहा है। पीलीभीत लगातार चार माह से प्रदेश में दूसरा स्थान बनाए हुए है। आईजीआरएस की अप्रैल माह की रिपोर्ट में भी पीलीभीत पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। पीलीभीत ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 137 अंक प्राप्त किये। इसका रेश्यो 97.86 प्रतिशत है। इसी तरह श्रावस्ती ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 136 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त है। इसका रेश्यो 97.14 प्रतिशत है।

श्रावस्ती जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि विकास परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा करने के लिए हर हफ्ते अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जाती है। साथ ही आम जनमानस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। उनकी समस्या के निस्तारण के संतुष्टीपूर्ण फीडबैक पर ही आईजीआरएस की रिपोर्ट जारी की जाती है। इसी तरह अमेठी ने भी 136 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं हाथरस, बरेली, हमीरपुर, बदायूं, बाराबंकी और बलिया ने टॉप टेन जिलों में जगह बनायी है।

# समाजवादी पार्टी की सोच घटिया : दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल से केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी पर की गई टिप्पणी को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे समाजवादी पार्टी की घटिया सोच, हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रतीक बताया है। आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी अब व्यक्तिगत हमलों तक पहुंच चुकी है, जो राजनीतिक मर्यादाओं के लगातार गिरते स्तर को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी राजनीतिक रूप से बैकफुट पर पहुंच चुकी है और अब संवाद, संयम एवं वैचारिक राजनीति की जगह व्यक्तिगत टिप्पणी और अराजकता की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में विरोध की भाषा और स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। आयुष मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक विरोध स्वाभाविक है, लेकिन व्यक्तिगत हमले स्वस्थ राजनीति का हिस्सा नहीं हो सकते। जनता भी इस प्रकार की नकारात्मक राजनीति और कटु व्यक्तिगत टिप्पणियों को कभी स्वीकार नहीं करती। डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत पार्षद पद से की थी और लगातार सात बार महाराजगंज से चुनाव जीतकर जनसेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तक का पंकज चौधरी का सफर संघर्ष, संगठन और मूल्यों की राजनीति का उदाहरण रहा है। डॉ. दयालु ने कहा कि पंकज चौधरी हमेशा समाज और जनता की सेवा के लिए समर्पित हैं।

# योगी सरकार में जल जीवन मिशन को मिल रहा भरपूर बजट, जल्द पूरा होगा लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन (हर घर नल योजना) न केवल एक सरकारी योजना है, बल्कि यह ग्रामीण जीवनशैली में एक बड़े बदलाव का प्रतीक बन गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस मिशन को युद्धस्तर पर लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्र से उत्तर प्रदेश के लिए 13 हजार 425 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित हो चुका है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार भी ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को करीब 15 हजार करोड़ रुपये वर्ष 2026-27 में योजनाओं को पूरा करने के लिए देगी। इस 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बजट से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को सुनिश्चित करने में कोई बाधा नहीं आएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में 2.62 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाए। इस लक्ष्य को अब जल जीवन मिशन 2.0 के जरिए हासिल किया जाएगा। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के बीच जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुका है। इसमें जल जीवन मिशन की डेड लाइन जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में दिसंबर 2028 तक बढ़ा दी गई है। साथ ही जारी वित्तीय वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश को 13 हजार 425 करोड़ रुपये भी आवंटित किए गए हैं। एसडब्ल्यूएसएम, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के विशेष सचिव व एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रभास कुमार ने बताया कि मिशन के नए स्वरूप और बजट के साथ नई जिम्मेदारियों को भी जोड़ा गया है। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत प्रदेश में जल गुणवत्ता परीक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विंध्य और बुंदेलखंड समेत प्रदेश के कई इलाकों में पानी में रासायनिक तत्वों की जांच कर उन्हें पीने योग्य बनाना सबसे जरूरी है। इसके लिए पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। जनभागीदारी भी इसका दूसरा सबसे अहम बिंदु है। प्रदेश में जलापूर्ति के लिए जितने भी पंप हाउस, पानी की टंकी समेत अन्य निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्राम एवं पेयजल स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी) को सौंपा जाएगा। 10 वर्षों तक जल निगम, (वीडब्ल्यूएससी), निर्माण एजेंसियां व ठेकेदार मिलकर इनके सुचारु संचालन को सुनिश्चित करेंगे। पानी के स्रोत के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि एक बार निर्माण हो जाने के बाद कोई भी बोरवेल, पंप या पानी का स्रोत सूखे नहीं। इससे सभी ग्रामीण इलाकों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो पाएगी।

प्रभास कुमार ने बताया कि वर्ष 2027 में सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी, ताकि लक्ष्य पूरा किया जा सके। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत सभी नई प्राथमिकताओं को प्रदेश में लागू कराया जाएगा। विभाग के मुताबिक जल जीवन मिशन के तहत अभी तक 2.43 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। वहीं वर्ष 2026-27 में 2.62 करोड़ कनेक्शन का लक्ष्य पूरा करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

## मछलीशहर में देह व्यापार का भंडाफोड़

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र में इलाहाबाद रोड स्थित खजुरहट गांव में रविवार को पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक होटल में चल रहे कथित अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान होटल से आठ युवक-युवतियों को संदिग्ध परिस्थितियों में हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार खजुरहट स्थित एक होटल को लेकर काफी समय से स्थानीय लोगों द्वारा अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें की जा रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने गोपनीय जांच कराई, जिसके बाद आज नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव की मौजूदगी में पुलिस टीम ने होटल पर अचानक छापा मारा। छापेमारी के दौरान होटल के विभिन्न कमरों से युवक-युवतियां संदिग्ध हालत में मिलीं, जिन्हें तत्काल हिरासत में लेकर मछलीशहर कोतवाली लाया गया। पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है तथा उनके दस्तावेजों एवं होटल के रजिस्टर की भी जांच की जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि होटल में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो पा रही थी।

# बेटी के भविष्य को लेकर पति-पत्नी में विवाद, विवाहिता ने दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ रात में पति से कहासुनी के बाद छत पर गई थी महिला, सुबह कमरे में फंदे से लटका मिला शव



निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के भैरमपुर गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक विवाहिता का शव घर की छत पर बने कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में बेटी के स्कूल एडमिशन को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार भैरमपुर मजरा मीरख नगर गांव निवासी 36 वर्षीय प्रिंसी वर्मा पत्नी आनंद कुमार वर्मा की शादी वर्ष 2020 में हुई थी। उनकी तीन वर्षीय बेटी पीहू उर्फ तन्नु है। परिजनों के मुताबिक शनिवार देर रात बेटी के एडमिशन को लेकर दोनों के बीच तीखी कहासुनी हुई थी। विवाद के बाद प्रिंसी नाराज होकर छत पर चली गई थी। पति आनंद कुमार ने इसकी जानकारी अपने साले सौरभ को फोन पर दी थी। रविवार सुबह जब काफी देर तक प्रिंसी नीचे नहीं आई तो परिवार के लोग छत पर पहुंचे। सीढ़ी का दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसी की मदद से दरवाजा खुलवाया गया तो कमरे के अंदर प्रिंसी का शव साड़ी के सहारे छत के हुक से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद के बाद आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रविवार को भी खुले डाकघरों के आधार केंद्र, 200 लोगों ने उठाया लाभ

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डाक विभाग, लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र की ओर से शुरू की गई रविवार आधार सेवा पहल को लोगों का अच्छा समर्थन मिला। रविवार को चयनित डाकघरों में सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक आधार नामांकन और अद्यतन सेवाएं संचालित की गईं, जिसमें करीब 200 लोगों ने सेवाओं का लाभ उठाया। रविवार को लखनऊ जीपीओ, चौक प्रधान डाकघर, इंदिरानगर डाकघर, गोमतीनगर डाकघर, अलीगंज डाकघर, राजेंद्र नगर डाकघर, आलमबाग डाकघर और आवास विकास कॉलोनी डाकघर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी सुविधानुसार आधार संबंधी कार्य कराए। लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के सुनील कुमार राय ने बताया कि इस पहल को लोगों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है और आगे भी इसे जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही लखनऊ परिक्षेत्र के अन्य जिलों के डाकघरों में भी रविवार को आधार सेवाएं शुरू की जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही डाक सेवा जन सेवा मिशन को और गति दी जा सके।

## गाली देने का विरोध करने पर युवक पर जानलेवा हमला, दांत टूटा

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के करोरा गांव में गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर दबंग ने युवक पर ईंट, घूंसों और लातों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित का दांत टूट गया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित घनश्याम पुत्र कल्लू निवासी ग्राम करोरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की रात करीब 10 बजे गांव के ही अजीत ने उसे भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने ईंट, घूंसों और लातों से बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी, जिससे वह बेहोश हो गया। पीड़ित के मुताबिक मारपीट में उसका दांत टूट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मण्डल का चुनाव सम्पन्न, पिंटू गुप्ता बने अध्यक्ष

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मण्डल का चुनाव रविवार को सम्पन्न हुए। सुबह 10 बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ, जिसमें व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष पद के लिए पिन्टू गुप्ता एवं सुजीत कुमार गौतम के बीच मुकाबला हुआ, जबकि वरिष्ठ महामंत्री पद हेतु अखिलेश यादव एवं रविन्द्र शर्मा चुनाव मैदान में थे। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए, जिसमें पिन्टू गुप्ता 304 अधिक मत पाकर विजयी घोषित हुए तथा अखिलेश यादव ने 314 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

## भाजपा विधायक पंकज सिंह ने विपक्ष के हमलों पर तीखा पलटवार किया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे और उत्तर प्रदेश की नोएडा विधानसभा सीट से भाजपा विधायक पंकज सिंह ने रविवार को प्रयागराज में विपक्ष के हमलों पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जनता अब नकारात्मक राजनीति को नकार चुकी है और विकास के साथ चल रही है। पश्चिम बंगाल में जीत के बाद विपक्ष बौखलाया हुआ है। उन्हें अपनी विचारधारा और अपने कामों पर पुनर्विचार करना चाहिए। देश की जनता हर राज्य से विपक्ष को नकार रही है और भाजपा को अपना रही है। श्री पंकज सिंह ने कहा कि पूरा देश अब 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ जुड़ना चाहता है। उन्होंने महिलाओं के बढ़ते समर्थन पर बोलते हुए कहा कि चाहे उत्तर प्रदेश हो या बंगाल, महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में जमकर वोट किया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर भी उन्होंने विपक्ष की घेराबंदी की प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुलाकात पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल अपने निजी हितों के लिए साथ आता है, जबकि भाजपाराष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग और जांच एजेंसियों पर उठाए गए सवालों को हार की हताशा बताया। भाजपा का साफ कहना है कि विपक्ष अपनी हार को पचा नहीं पा रहा है और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना उनकी पुरानी आदत बन चुकी है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों वार-पलटवार का दौर तेज़ है।
उन्होंने कैबिनेट विस्तार और समाजवादी पार्टी की बयानबाज़ी को लेकर तीखा हमला बोला है। श्री पंकज सिंह का कहना है कि समाजवादी पार्टी अब अस्तित्व के संकट से गुज़र रही है और उनके बयानों में सिर्फ 'भय' साफ़ नज़र आता है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है कि वह किसे मंत्री बनाते हैं, लेकिन सपा इस पर भी कटाक्ष कर रही है। यह उनकी घबराहट को दर्शाता है।

# डीपीएस आम्रपाली योजना में वृक्षारोपण अभियान, बच्चों ने मदर्स डे पर बांधा समां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । आम्रपाली योजना स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल शाखा में पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक भी किया गया।

वहीं विद्यालय के फाउंडेशनल स्टेज (पीजी से कक्षा दो तक) के विद्यार्थियों ने मदर्स डे भी हर्षोल्लास के साथ मनाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीत, नृत्य, कविताओं और हस्तनिर्मित कार्ड्स के जरिए अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में माताओं की सहभागिता ने माहौल को भावुक और आनंदमय बना दिया।




विद्यालय की प्रधानाचार्या नीता भल्ला ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, पारिवारिक मूल्यों और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पच्चीस लाख रुपये लेकर प्लॉट की रजिस्ट्री न करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, जनपद प्रयागराज के रहने वाले युवक ने मोहनलालगंज क्षेत्र के एक प्रॉपर्टी डीलर पर करीब पच्चीस लाख रुपये लेने के बाद भी प्लॉट की रजिस्ट्री न करने और पैसा वापस न देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत मोहनलालगंज कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वही पुलिस ने पीड़ित के के द्वारा शिकायती पत्र के अनुसार मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।पीड़ित आकाश जायसवाल पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश जायसवाल निवासी 125बी/1 चक दाउदनगर, काजीपुर रोड, नैनी, प्रयागराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में 256 वर्ग मीटर के दो प्लॉट खरीदने के लिए प्रॉपर्टी डीलर शिव प्रताप सिंह पुत्र गंगा प्रसाद सिंह निवासी पटेल नगर, निलमथा, लखनऊ से संपर्क किया था।आकाश जायसवाल के अनुसार जनवरी 2024 में अलग-अलग माध्यमों से आरोपी को 50 हजार रुपये, 4.50 लाख रुपये तथा 10 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए एडवांस के रूप में दिए गए। इसके अलावा 10 लाख रुपये नगद और 20 हजार रुपये बाउंड्री निर्माण के लिए यूपीआई के माध्यम से बीते 6 फरवरी 2024 को दिए गए। पीड़ित का कहना है कि कुल मिलाकर आरोपी को 25 लाख 20 हजार रुपये दिए जा चुके हैं।आरोप है कि रुपये लेने के बाद भी आरोपी लगातार रजिस्ट्री करने में टालमटोल करता रहा। बीते करीब 23 महीनों से न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई गई और न ही पैसा वापस किया गया। पीड़ित का कहना है कि जब भी वह पैसा मांगता है तो आरोपी नई तारीख देकर टाल देता है और कई बार चेक भी दिए, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। अब आरोपी का मोबाइल फोन भी अधिकतर बंद जा रहा है और कभी-कभार स्वयं फोन ऑन कर बात करता है।पीड़ित ने आरोप लगाया कि वह लगातार मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हो रहा है। मामले में उसने पुलिस से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। इसी आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा प्रदेश भर में सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा रविवार को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न करायी गयी। आज यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित की गयी।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा का संचालन आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर पूर्ण पारदर्शिता, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न कराया गया। परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गयी। आयोग के अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में परीक्षा केन्द्रों पर लगे एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर निरंतर दृष्टि रखी गयी। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा तकनीकी नवाचार एवं पारदर्शिता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ जनपद के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा समाप्ति के तत्काल बाद परीक्षार्थियों द्वारा प्रयुक्त ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग परीक्षा कक्ष में ही करायी गयी। स्कैनिंग प्रक्रिया अभ्यर्थियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई तथा स्कैन डाटा को तत्काल सुरक्षित करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गयी। सम्पूर्ण प्रक्रिया की निगरानी भी आयोग के एआई एकीकृत नियंत्रण कमांड कक्ष से की गयी। आयोग अध्यक्ष ने जानकारी दी कि 09 मई का लिखित परीक्षा में कुल 89,766 (38.04 प्रतिशत) परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जिनमें महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 34.89 प्रतिशत एवं पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 42.26 प्रतिशत रही।

## अखिलेश ने योगी मंत्रिपरिषद विस्तार पर कसा तंज

# सीएम मतलब अब सिर्फ़ कुरियर मैसेंजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिपरिषद विस्तार को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला है।

श्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मंत्रिपरिषद विस्तार में मुख्यमंत्री की कोई भूमिका नहीं रह गई है और फैसले ''ऊपर से आने वाली पर्चियों'' के आधार पर हो रहे हैं।

सपा प्रमुख ने व्यंग्य करते हुए लिखा, ''समय बिताने के लिए करना है कुछ काम! वैसे भी मंत्रिमंडल के विस्तार में तो इनका कोई काम है नहीं। उधर से पर्ची आएगी, यहाँ तो सिर्फ़ पढ़ी जाएगी। भाजपा राज में वैसे भी सीएम का मतलब बस यही रह गया है : कूरियर मैसेंजर। उन्होंने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता पूछ रही है कि ''फ़िल्म सबसे आगे बैठकर देखेंगे या पीछे बैठकर'' साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि फ़िल्म ध्यान से देखिएगा, हो सकता है ''कर्मफल-कंसफल'' का सिद्धांत समझ में आए और कुछ सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। दरअसल योगी आदित्यनाथ रविवार को पूरी मंत्रिमंडल के साथ शाम को लोकभवन में कृष्णावतरम् फ़िल्म देखेंगे।

श्री अखिलेश यादव ने अपने बयान में नैतिकता और आत्ममंथन का संदेश भी दिया। उन्होंने लिखा कि मूल रूप से व्यक्ति नहीं, बल्कि उसका ''लालच और लोभ'' बुरा होता है, जो धीरे-धीरे दुराचरण का रूप ले लेता है। इसके विपरीत जब व्यक्ति स्वार्थ छोड़कर परमार्थ के मार्ग पर चलता है तो सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। उन्होंने कहा कि महाकाव्यों का संदेश भी यही है कि अच्छाई अंततः बुराइयों पर विजय प्राप्त करती है। अपनी गलतियों और दुर्भावनाओं के लिए प्रायश्चित का कोई निश्चित स्थान नहीं होता, बल्कि इसके लिए भीतर के प्रकाश की आवश्यकता होती है। पोस्ट के अंत में उन्होंने वैदिक मंत्र ''तमसो मा ज्योतिर्गमय'' लिखते हुए अपने संदेश का समापन किया।

## सार्वजनिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम मोहम्मद इरफान (Mohd Irfan) पुत्र मोहम्मद इकराम (Mohd Iqram) निवासी बाबली खेड़ा-2, बदली खेड़ा, कानपुर रोड, मानस नगर, लखनऊ 226023 है। मेरे कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम Mohd Irfan तथा पिता का नाम मुन्ना Munna अंकित हो गया है जोकि गलत है। अतः भविष्य में मेरे उपरोक्त सभी नाम एवं विवरण एक ही व्यक्ति के माने जाएँ।

डॉ. राजेश्वर सिंह के आपका विधायक आपके द्वार अभियान से जनसमस्याओं के समाधान को मिली नई गति

# 26 जनसमस्याएं प्राप्त, 3 का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के अर्जुनगंज मंडल के इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड स्थित मलाक, नीलमथा में विधायक के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित 167वें आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह की जनसेवा आधारित कार्यशैली के चलते यह कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस, रोड एवं नाली, आवास योजना (शहरी), आंगनबाड़ी केंद्र, स्ट्रीट लाइट, जलभराव, आयुष्मान कार्ड, स्कूल सौंदर्यीकरण एवं मंदिर में बेंच व हैंडपंप जैसी जनसरोकार से जुड़ी कुल 26 शिकायतें एवं आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 3 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाए गए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को शेष समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें शुगर, बीपी एवं नेत्र जांच शामिल रही। साथ ही 20 लोगों को चश्मे हेतु चिन्हित किया गया। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रेरणा से 181वें बॉयज यूथ क्लब का गठन भी किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर सम्मानित किया गया। साइकिल प्राप्त करने वाले मेधावी

## 181वें बॉयज यूथ क्लब का गठन, मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल वितरण

विद्यार्थियों में सुश्री हर्षिता पांडे (कक्षा 12वीं, 76.6%), अमरेंद्र शुक्ला (कक्षा 12वीं, 91%), हिमांशु धीमान (कक्षा 12वीं, 68.4%) तथा सुश्री छाया (कक्षा 10वीं, 84.3%) शामिल रहे।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी, सेक्टर संयोजक आर पी शुक्ला, पार्षद ब्रजमोहन शर्मा, गंगा भट्ट, मंडल मंत्री अमित कुमार, बूथ अध्यक्ष अशोक सिंह, मनोज कुमार राय, शिव कुमार लोधी, मुकेश सिंह, गोविंद पांडे, गीता गुप्ता, पूनम सिंह, महेश विश्वकर्मा, अमित रावत, राम चंद्र यादव, राम कुमार, तिलेश्वर सिंह एवं पप्पू कनौजिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अवध चौराहा, नहरिया क्षेत्र बना अवैध बस संचालन का केंद्र!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बाहरी जिलों से आने-जाने वाली निजी एवं अनुबंधित बसों की ओवरलोडिंग अब बड़ा सवाल बन चुकी है। विशेषकर अवध चौराहा, नहरिया और आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बसों में क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरकर फर्राटे भरे जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल जिम्मेदार विभागों की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन कार्रवाई न के बराबर दिखाई देती है।स्थानीय लोगों और यात्रियों का आरोप है कि आरटीओ लखनऊ के कुछ अधिकारी एवं कर्मचारियों की कथित मिलीभगत तथा संबंधित थाना क्षेत्र की ढिलाई के चलते यह अवैध धंधा लगातार फल-फूल रहा है। सूत्रों की मानें तो कई बस संचालक बिना किसी डर के सड़क किनारे अवैध तरीके से बसें खड़ी कर

## आरटीओ, स्थानीय पुलिस और संबंधित विभागों की मिलीभगत के आरोप

यात्रियों को भरते हैं और फिर ओवरलोड बसों को तेज रफ्तार में दौड़ा दिया जाता है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई बसों में यात्रियों को सीटों के अलावा गेट और गलियारों तक में खड़ा कर सफर कराया जाता है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं।अवध चौराहा और नहरिया क्षेत्र में दिनभर बसों की भीड़ और अवैध स्टॉपेज के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि बस चालक मनमाने तरीके से सड़क पर वाहन रोक देते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। कई बार शिकायतों के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।जानकारों का कहना है कि यदि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ईमानदारी से संयुक्त अभियान चलाए तो ओवरलोडिंग और अवैध बस संचालन पर तत्काल रोक लग सकती है। लेकिन कार्रवाई न होने से विभागीय कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि अवध चौराहा, नहरिया और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान चलाकर ओवरलोड बसों को तत्काल सीज किया जाए तथा कथित संरक्षण देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की भी निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।

यदि समय रहते इस गंभीर समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह होगा कि प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है या फिर यह खतरनाक खेल यूं ही चलता रहेगा।

सूरज हत्याकांड का खुलासा

# मां से प्रेम प्रसंग के चलते बेटे ने की थी हत्या, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार को खाली प्लॉट में मिले एक युवक के शव और हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया है। प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या हुई थी। पुलिस ने एक अपराधी व बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) अमित कुमार आनंद ने रविवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि अशरफ नगर के गांव के बाहर एक खाली प्लॉट से नौ मई को सूरज की लाश बरामद हुई थी। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी थी। सर्विलांस और स्थानीय थाना की पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर सूरज की हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने देर रात को ग्राम रसूलपूर इठुरिया नाले पर बनी पुलिया से अनिल यादव और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। उनकी निशादेही पर आला कत्ल चापड़ व ईंट बरामद की गई है। पूछताछ के दौरान मुख्य अभियुक्त अनिल यादव ने बताया कि उसकी मां सुषमा देवी का सूरज से प्रेम सम्बंध करीब तीन साल से चल रहा था। दो माह पहले सूरज को मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उस समय लोक लाज की वजह से मैं अपनी मां और सूरज से कुछ कह नहीं पाया था। बाद में मैंने सूरज को मना किया था कि तुम मेरे घर मत आया करो, परन्तु सूरज नहीं माना।

इस बात से मुझे बहुत गुस्सा आया और सूरज की हत्या करने के लिये मैंने अपने चाचा (नाबालिग बाल अपचारी) के साथ प्लान बनाया। 8 मई को शादी में जाने से पहले पैसे देकर सूरज से शराब मंगवायी। इसके बाद हम गांव के बाहर आम के बाग के सामने झील के पास पड़े खाली प्लॉट पर जाकर शराब पी। सूरज को ज्यादा दारु पिलायी, जिससे वह नशे में हो गया। पहले से छुपाकर लाये चापड़ से जब सूरज के चेहरे पर जान से मारने के इरादे से वार किया तो सूरज ने भागने लगा। कुछ दूर जाकर गिर पड़ा और इसके बाद मैने चापड़ से और बाल आपचारी ने ईंट से तब तक मारा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। सूरज का मोबाइल उसकी जेब से निकालकर, चापड़ व खून में सनी ईंट को बगल में चरी के खेत में फेंक दिया था और हम लोग वहां से भाग गये थे।

प्राथमिक पूछताछ मे यह भी ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों ने कपड़े से खून के दाग धुलकर दोबारा वही कपड़े पहन कर शादी में गये थे जिससे किसी को शक न हो। जब घटनास्थल पर पुलिस आयी थी तब भी हम लोग वहाँ गये थे ताकि किसी को शक न हो। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि अभियुक्त अनिल एक मॉल में स्वीपर का काम करता था, जबकि बाल अपचारी कक्षा नौ का छात्र है। पुलिस ने बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजकर मुख्य अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# भाजपा सरकार में मीटर के नाम पर लूट, बदहाल स्कूल व्यवस्था और बढ़े महिला अपराध : संजय सिंह

आआपा 16 मई से मेरठ से गाजियाबाद तक निकलेगी रोजगार दो–सामाजिक न्याय दो पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर स्मार्ट मीटर घोटाले, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, महिला अपराधों में लगातार बढ़ोतरी, किसानों की आत्महत्या और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि पार्टी के आंदोलन और जनता के दबाव के कारण सरकार को प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना पर पीछे हटना पड़ा, लेकिन पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के जरिए अभी भी जनता को लूटने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि देश से प्यार करने वाले हर नागरिक को शिक्षा, लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई में आगे आना होगा।

सांसद संजय सिंह रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसी का 600 रुपये का बिजली बिल तीन हजार रुपये आ रहा है, किसी का दो हजार रुपये का बिल 10 हजार रुपये तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि मिल्खा सिंह से तेज भागने वाले स्मार्ट मीटरों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए और पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ भी लड़ाई जारी रहेगी।

संजय सिंह ने शिक्षा व्यवस्था पर कहा कि नीति आयोग और भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 9508 विद्यालय ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक के भरोसे पूरा स्कूल चल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से सवाल पूछा कि क्या एक शिक्षक के भरोसे मिड डे मील, पढ़ाई और पूरे विद्यालय का संचालन संभव है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जिसका अर्थ है कि गांवों की शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए संजय सिंह ने कहा कि वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में महिला अपराध के 66398 मामले दर्ज हुए, जो पूरे देश में सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनता की प्राथमिकताएं समाप्त हो चुकी हैं। संजय सिंह ने घोषणा की कि आम आदमी पार्टी की रोजगार दो-सामाजिक न्याय दो पदयात्रा 16 मई से 20 मई तक मेरठ से गाजियाबाद तक निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले पार्टी ने सदियों से संगम, अयोध्या से प्रयागराज, रामपुर से अमरोहा, मिर्ज़ापुर से सारनाथ और आगरा से मथुरा तक पदयात्राएं निकाली हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जाति और धर्म के नाम पर भेदभाव बढ़ रहा है और बेरोजगार युवाओं पर लाठियां बरसाई जा रही हैं।

# नो एंट्री में भारी वाहनों की आवाजाही पर फूटा गुस्सा, घैला चौकी पर सांकेतिक धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। फैजुल्लागंज क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर नो एंट्री समय में भारी वाहनों की आवाजाही रोकने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने रविवार को घैला चौकी पर मड़ियांव पुलिस के खिलाफ सांकेतिक धरना दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस की अनदेखी के चलते दिनभर भारी वाहनों का संचालन जारी रहता है, जिससे क्षेत्र में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। धरने का नेतृत्व कर रहीं सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने कहा कि फैजुल्लागंज क्षेत्र के घैला रोड, डुडौली रोड, महर्षि नगर, श्रीनगर, आरजू नगर और इंद्रपुरी समेत कई प्रमुख मार्गों पर नो एंट्री के बावजूद भारी वाहन धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। इससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस की शह पर ही नो एंट्री समय में भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है। डीसीपी उत्तरी को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई कि क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी रोक लगाई जाए। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो नागरिक मड़ियांव पुलिस के विरोध में पैदल मार्च निकालने को बाध्य होंगे। धरने में अखिलेश अवस्थी, धर्मेंद्र तिवारी, मुरली प्रसाद वर्मा, अमित शुक्ल, सुरेंद्र कुमार, डॉ. विशाल सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, उमेश चंद्र मौर्य, प्रियांका बाजपेई, राधा सिंह, उमाशंकर, कृपानाथ गुप्ता और संदीप कुमार समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने 'कैंसर फ्री वूमेन भारत यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को 'मदर्स डे' के अवसर पर जन भवन से स्त्री वेलफ़ेयर फाउंडेशन की ओर से रविवार को आयोजित कैंसर फ्री वूमेन भारत यात्राऽआनंदी मां एक जीवन बचाओ अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

रैली जन भवन पोर्टिको से शुरू होकर महात्मा गांधी मार्ग से होते हुए अटल चौक, पार्क रोड, डॉ. भीमराव अम्बेडकर मार्ग, सिविल चौराहा और भानुमति रोड से गुजरते हुए सरोजिनी नायडू मार्ग चौराहे पर सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता एवं स्वस्थ भारत के संकल्प को लेकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अभियान की सराहना करते हुए संस्था के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज की मजबूती का आधार है। समय पर जांच एवं जागरूकता से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम संभव है। रैली में 130 से अधिक लोगों ने सहभागिता कर स्वस्थ मांऽसुरक्षित भविष्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। राज्यपाल ने संस्था को भविष्य में और व्यापक स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में नई चेतना एवं सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि हर मां सुरक्षित हो, हर बहन जागरूक हो, हर बेटी स्वस्थ और सशक्त हो। यह अभियान केवल एक रैली नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य, जागरूकता एवं मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रैली के शुभारंभ के अवसर पर विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर महादेव बोबडे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पासी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझ रही भाजपा : अम्ब्रीश सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने भारतीय जनता पार्टी पर पासी समाज की लगातार उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पासी समाज को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया, लेकिन सत्ता और संगठन में समाज को सम्मानजनक भागीदारी नहीं दी गई।

जारी बयान में पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में पासी समाज को उसका अधिकार और उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास पासी समाज के सबसे अधिक विधायक होने के बावजूद आज तक समाज को प्रभावशाली कैबिनेट प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि पासी समाज हमेशा से सामाजिक न्याय, संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों का मजबूत वाहक रहा है, लेकिन भाजपा चुनाव के समय समाज को याद करती है और सत्ता में भागीदारी के समय उसे नजरअंदाज कर देती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या भाजपा को पासी समाज में कोई योग्य व्यक्ति नहीं मिला, जो कैबिनेट मंत्री बन सके। उन्होंने कहा कि अब समाज भाजपा की नीतियों और सोच को समझ चुका है तथा समाज में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। पूर्व विधायक ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पासी समाज भाजपा को जवाब देगा

# अखिलेश सरकार ने पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया : ए.के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार के ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राज में बिजली व्यवस्था को लेकर ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार ने प्रदेश के बिजली तंत्र को पूरी तरह बर्बाद करने का काम किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा शासन में नेताओं, गुंडों और माफियाओं को 'कटिया मारकर बिजली चलाने' का खुला लाइसेंस दे दिया गया था। ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के पूरे बिजली ईको सिस्टम में 'बबूल' बोने का काम किया।

ऊर्ज़ा मंत्री ने जारी बयान में कहा कि सपा शासन में नेताओं और उनके करीबी लोगों को कटियाबाजी कर मुफ्त बिजली बांटने की खुली छूट थी। 'हर जगह इनके गुंडे और माफिया बिजली के वितरक बन गए थे। खुद कटियाबाजी करते थे और दूसरों को भी कटियाबाजी करवाते थे।' उन्होंने दावा किया कि संभल और मथुरा समेत कई जिलों में सुनियोजित ढंग से बिजली चोरी कराई जाती थी। योगी सरकार ने ऐसे कटियाबाजों पर कड़ी कार्रवाई कर लगाम लगाने का काम किया।

ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि सपा सरकार के समय लगाए गए ट्रांसफॉर्मर, तार और खंभे बेहद खराब गुणवत्ता के थे। आए दिन फुंक जाते थे। आज भी प्रदेश जिन खराब तारों और जर्जर खंभों की समस्या से जूझ रहा है, वह सपा सरकार की ही देन है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने पिछले वर्षों में बिजली व्यवस्था में बड़े सुधार किए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को बेहतर बिजली ढांचा देने का काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने इन भ्रष्ट व्यवस्थाओं को सुधारने का बीड़ा उठाया है। तकनीकी सुधारों और डिजिटल सिस्टम के जरिए मानवीय हस्तक्षेप कम किया गया ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लग सके और जनता को राहत मिले। एके शर्मा ने आरोप लगाया कि सपा सरकार ने बिजली खरीद में भी घोटाले किए। उन्होंने कहा कि आज सरकार जिस दर पर बिजली खरीद रही है, उससे भी ज्यादा महंगी दरों पर सपा सरकार



ने बिजली खरीद के करार किए थे। इसका खामियाजा आज भी प्रदेश की जनता भुगत रही है। आने वाले वर्षों तक लोगों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना मेरिट और गलत तरीके से भर्तियां की गईं, जिसके चलते भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत हुईं। ऐसे कर्मचारियों ने पहले दिन से ही जनता को लूटने का काम शुरू कर दिया था और हर स्तर पर उपभोक्ताओं का शोषण हुआ।

एके शर्मा ने सपा सरकार पर बिजली विभाग के कर्मचारियों के भविष्य निधि घोटाले का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये का पीएफ गलत जगह निवेश कर कर्मचारियों का पैसा डुबाने की कोशिश की गई। यही कारण था कि बिजली कर्मियों में असुरक्षा और भ्रष्टाचार बढ़ा।

ऊर्ज़ा विभाग की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सरकार ने दावा किया कि प्रदेश में अब जनपद मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 22 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 20 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही है। वर्ष 2017 से नवंबर 2025 तक 15.87 लाख नए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाए गए और 765 नए 33/11 केवी सब-स्टेशन बनाए गए। प्रदेश की अधिकतम बिजली मांग 31 हजार 486 मेगावाट तक पहुंची है। सरकार ने 165 लाख नए बिजली कनेक्शन दिए। 59 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए और 26 हजार किलोमीटर से ज्यादा पारेषण लाइन का विस्तार किया। साथ ही सौभाग्य योजना के तहत 2.86 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभान्वित किया गया और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निजी नलकूपों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

# समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

❒ आज का युवा फौज में जाने की बात नहीं करता, फौजियों की संख्या घट गई : कर्नल शरद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरन आज मुख्य अतिथि के रूप में बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक शामिल हुए। इस दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला पहनाकर व बुके देकर जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि पहले गांव में नौजवान सुबह चार बजे उठकर फौज की तैयारी करते थे। अब गांवों में जाने पर युवा फौज में नहीं जाने की बात कहते हैं। वह बोलते हैं कि वह ऐसी विभाग में जाएंगे, जहां पर 31 तारीख को वेतन निकालने की जरूरत न पड़े। कहा कि अग्निवीर योजना में चार साल में रिटायर कर दिया जाएगा। उन्हें पेंशन भी नहीं दी जाएगी। ऐसे में 25 साल के रिटायर्ड नौजवान को लोग बेटी तक नहीं देने को तैयार हैं। यूनिटों में फौजियों की संख्या घटी है। फौजी का आत्मबल चला गया। कहा कि अगर सैनिक का आत्मबल कमजोर होगा तो इसका खतरा केवल किसी व्यक्ति या परिवार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की सुरक्षा और अस्तित्व पर असर पड़ेगा। कहा कि देश के पूर्व रक्षामंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने अपने कार्यकाल में सैनिको के सम्मान में उनके शहीद होने पर उनकी पार्थिव शरीर को ससम्मान घर तक पहुंचवाने का कानून बनाया था। बैठक समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कैप्टन ओमप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, जनपद बरेली के सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार, बदायूं के सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ब्रह्मपाल, हरदोई के सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, फर्रुखाबाद के सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, शाहजहांपुर सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष तेजपाल सिंह यादव, बरेली सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रेहान रजा खान, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हफीज अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सत्यपाल, पातीराम कश्यप, जगतपाल यादव, लेखपाल, अवधेश कुमार, जितेंद्र पाल, दीनदयाल भोजवाल, शिवदत्त, आरिफ खान, भगत सिंह, रामवीर, रानू खान, रफत खान, संदीप कुमार, रवि प्रकाश पांडे, मोहम्मद मुनीर, यश मौर्य आदि मौजूद रहे।

## चोरी के तार समेत अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना निगोही पुलिस ने चोरी किए गए बिजली के तार समेत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस इससे पहले अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। बीती 02 अप्रैल को थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पैना खुर्द निवासी गौरव कुमार ने थाना निगोही क्षेत्र के गांव उदरिया निवासी अर्जुन उर्फ कुन्नू, नरवीर और 02 अज्ञात के खिलाफ बिजली के तार चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस 03 अप्रैल को गांव उदरिया निवासी अभियुक्त नरवीर और गोविन्द वर्मा समेत जनपद पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव गुलेंदा गौटिया निवासी ललित उर्फ बंटू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने उक्त अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का तार भी बरामद किया था। इस चोरी की घटना में नामजद अभियुक्त अर्जुन उर्फ कुन्नू फरार चल रहा था। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त अर्जुन उर्फ कुन्नु को ग्राम उदरिया अंडरपास के पास बनी पुलिया से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया 17 किलोग्राम सरकारी बिजली का डॉग तार बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है।

## जनगणना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर । संविदा कर्मी परिजन सेवा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे जनगणना जागरूकता अभियान के तहत रविवार को बिसवां के शंकरगंज मोहल्ले में दोपहर एक बजे जनगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अपना दल (एस) के राष्ट्रीय सचिव एवं सदस्य, पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश करुणा शंकर पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार पटेल ने किया।

इस अवसर पर मोहसिन अंसारी ने उपस्थित लोगों को जनगणना 2027 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने जनगणना को जरूरी कार्य बताते हुए स्व गणना की जानकारी देते हुए लोगों को स्व गणना के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सरकार द्वारा जनगणना कराये जाने का उद्देश्य बताया तथा इसकी अनिवार्यता के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही सभी से जनगणना कार्यक्रम में सहयोग कर उसे सफल बनाने की भी अपील की। मोहसिन अंसारी ने बताया कि जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व क्षेत्रीय विधायक ने भी क्षेत्र की जनता से जनगणना में सहयोग की अपील की है।इस मौके पर अजय वर्मा,.फ़ेरीलाल पटेल, कमलेश कुमार पटेल,अतीक अहमद,राम नरेश पटेल, सुशील कुमार पटेल, ओम प्रकाश वर्मा व अमर सिंह पटेल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण शिकायतों का निस्तारण व विवेचनाओं की समीक्षा

❒ पीड़ितों को न्याय, आमजन में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण स्थापित करना सर्वोच्च प्राथमिकता: एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त चौकी प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, विवेचनाओं के समयबद्ध निष्पादन तथा शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई।

इस दौरान एसपी ने समस्त चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक चौकी पर प्रार्थना पत्र रजिस्टर अनिवार्य रूप से संधारित किया जाए तथा चौकी पर प्राप्त होने वाले सभी प्रार्थना पत्रों का विधिवत अंकन सुनिश्चित किया जाए। डायल 112 से प्राप्त घटनाओं, शिकायतों से संबंधित प्रार्थना पत्रों को भी रजिस्टर में दर्ज किया जाए। प्राप्त प्रार्थना पत्र की निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध जांच कर शिकायतों का निस्तारण किया जाए। चौकी पर आगंतुक रजिस्टर बनाया जाए, जिसमें आगंतुक व फरियादी का विवरण अंकित किया जाए। साथ ही उनसे सम्मानजनक, संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार किया जाए। चौकी पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। समस्त विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयावधि में किया जाए। अपराध नियंत्रण एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। वांछित अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। घटनास्थल से डिजिटल एवं भौतिक साक्ष्यों को समयबद्ध रूप से अपलोड करें। कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय तथा आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन सहित जनपद के समस्त चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

महमूदाबाद / सीतापुर। कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र में तेज रफ्तार मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित परिवार ने लापरवाही से वाहन चलाने वाले चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामपुर कलां क्षेत्र के नयागांव निवासी कुतुबुद्दीन पुत्र नसरुद्दीन उम्र करीब 19 वर्ष रविवार 10 मई 2026 को लगभग 12 बजे अपनी मोटरसाइकिल संख्या ठघ 34 उठ्ठ 8892 से महमूदाबाद की ओर आ रहे थे। इसी दौरान शारदा नहर स्थित मोड़ के पास तेज रफ्तार मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुतुबुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मृतक के परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

# खुलासा: प्रेमिका से बात करने पर की थी हरिओम की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना मदनापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने हरिओम हत्याकांड खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्योरोपी की प्रेमिका से मृतक हरिओम बात करता था। प्रेमिका से बात करने पर आरोपी ने लोहे की रॉड से पीटकर हरिओम की हत्या की थी।बीती 07 मई को थाना मदनापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बौरी के चंद्पुर गांव निवासी पिकअप वाहन चालक 19 वर्षीय हरिओम का शव रामनगर गांव के एक खेत में पड़ा मिला था। उसके सिर और शरीर पर चोटों के निशान थे। मृतक के भाई दिनेश ने रामनगर गांव के रामवीर पर संदेह जताकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस विवेचना, साक्ष्य संकलन और सर्विलांस से प्राप्त तथ्यों के आधार पर गांव चंद्पुर के रहने वाले अभिषेक पुत्र सुरेश का नाम प्रकाश में आया। आज पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अभिषेक को चन्दोखा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे की रॉड भी बरामद की।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अभिषेक ने बताया कि उसका गांव की एक युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन आजीविका के सिलसिले में वह चण्डीगढ़ काम करने चला गया। जिसके बाद उसकी प्रेमिका से मृतक हरिओम बातचीत करने लगा। जानकारी मिलने पर वो 20 अप्रैल को चण्डीगढ़ से वापस गांव आया। उसने मृतक हरिओम को समझाया कि वह उसकी प्रेमिका से दूरी बनाए रखे, लेकिन हरिओम ने उसकी बात को अनसुना कर दिया और उसकी प्रेमिका से लगातार बातचीत जारी रखी। बताया कि 07 मई को उसे जानकारी मिली कि मृतक हरिओम उसकी प्रेमिका को मिलने के लिए बुला रहा है। इसलिए उसने सुबह से ही मृतक हरिओम से फोन पर बातचीत शुरू की तथा उसे बातों में फंसाकर गुरूराज सिंह के यूकेलिप्टिस के बाग में बुला लिया। वहां भी उसने हरिओम को प्रेमिका से दूर रहने के लिए कहा, लेकिन हरिओम ने उसकी प्रेमिका के लिए अपमानजनक शब्द कहे। जिससे उसने आवेश में आकर लोहे की पाइप से मृतक हरिओम के सिर पर प्रहार कर दिया, हरिओम घायल होकर नीचे गिर गया। इसके बाद उसने हरिओम के सीने पर बैठकर लोहे की पाइप से उसके सिर पर कई बार प्रहार किए। जिससे उसकी मौत हो गई और वह मौके से फरार हो गया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

# डीएम ने किया रेडिको खेतान यूनिट का निरीक्षण की औद्योगिक व्यवस्थाओं की सराहना

❒ सीतापुर में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार, डीएम पहुंचे रेडिको खेतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार, डीएम पहुंचे रेडिको खेतान रोजगार और राजस्व में अहम योगदान दे रही रेडिको खेतानः डीएम

रेडिको खेतान लिमिटेड की ग्राम कंदुनी, बिसवां मार्ग, जनपद सीतापुर स्थित औद्योगिक इकाई का औपचारिक निरीक्षण एवं भ्रमण जनपद के जिलाधिकारी आर राजागणपति द्वारा किया गया। इकाई पहुँचने पर प्रबंधन द्वारा उनका पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर इकाई के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्री अंशु श्रीवास्तव, एचआर हेड श्री अजय कुमार गोस्वामी, फाइनेंस हेड श्री अनिल कुमार जैन तथा अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया।इस दौरान यूनिट हेड द्वारा प्रतिष्ठान में नए प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत हो रहे विस्तारीकरण एवं भावी योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई। एचआर हेड श्री अजय कुमार गोस्वामी ने क्षेत्र में हो रहे रोजगार सृजन एवं स्थानीय युवाओं को उपलब्ध हो रहे अवसरों पर प्रकाश डाला, वहीं फाइनेंस हेड श्री अनिल कुमार जैन ने प्रतिष्ठान द्वारा जनपद एवं प्रदेश के राजस्व वृद्धि में दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान की जानकारी साझा की।भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने आसवानी इकाई, बॉटलिंग विभाग, मैचुरेशन हॉल एवं फर्मेंटेशन सेक्शन का विस्तृत अवलोकन किया। इस अवसर पर आसवानी विभागाध्यक्ष श्री डी. के. यादव एवं बॉटलिंग विभागाध्यक्ष श्री भूपेंद्र तोमर द्वारा उत्पादन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्थाओं, आधुनिक तकनीकी प्रक्रियाओं तथा इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इकाई में संचालित नवीन औद्योगिक परियोजनाओं एवं भावी विकास योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।निरीक्षण के दौरान संयंत्र में अपनाए जा रहे उच्चस्तरीय सुरक्षा मानकों, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली, पर्यावरणीय अनुपालन तथा तकनीकी दक्षता की सराहना की गई। एचआर हेड श्री अजय कुमार गोस्वामी द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (एट्टट) के अंतर्गत संचालित शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसकी माननीय जिलाधिकारी ने विशेष प्रशंसा की। अधिकारियों द्वारा उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली एवं औद्योगिक विस्तार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रस्तुत की गईं।क. ट. टथद्ब्रथद्दथद्बथध्थप्द्धभ ने जनपद में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन एवं आर्थिक प्रगति में टथदद्बदध खद्धथद्बप्थद्ब खद्बद्वद्बप्द्द की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के उत्कृष्ट औद्योगिक योगदान जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

# समिति सचिव व लेवी संचालकों के चलते गेहूं खरीद में मलाई काट रहे दलाल

❒ गेहूं खरीद में बड़े स्तर के फर्जीवाड़े की शिकायतें मिल रही हैं किसानों के हितार्थ जल्द ही एसडीएम बिसवां को अवगत कराया जाएगा:रामशंकर सिंह जिलाध्यक्ष भाकियू जनमंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। क्षेत्र में धान खरीद की भांति एक बार गेहूं खरीद भी दलालों के हत्थे चढ़ती नजर आ रही है जिसके चलते क्रय केंद्र महराजनगर, अदवारी, दुगाना, ऊंचगांव में तो खुलेआम दलालों का गेहूं तौला जा रहा है तो बी पैक्स अरुआ व सांडा के केंद्र क्षेत्र से दूर दराज भेजकर स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेंचने के लिए भटकाया जा रहा है अभी काफ़ी समय तक केंद्र संचालकों के द्वारा बोरों की अनुपलब्धता बताकर किसानों से टाल मटोल की जा रही थी पर अब पूर्णतः शासन व प्रशासन की आँखों में धूल झोंकते हुए बनियों का 2300रूपए में खरीदा गेहूं 2584 रूपए में बेंचा जा रहा है।

इस सारे खेल में किसानों की जेब पर सरेआम डाका डालने का काम किया जा रहा है, मजे की बात तो ये है कि क्षेत्र अरुआ का केंद्र 18किलोमीटर दूर बिसवां की ग़ल्ला मंडी में व सांडा का तो 30 किलोमीटर दूर रूसा क्षेत्र के डलिया में बना दिया गया है इससे किसानों को तीन गुना भाड़ा देना पड़ रहा है। किसानों की बदहाली के जिम्मेदार हैं कि अपनी जेबें गरम करने के लिए उनकी सुध न लेने के चलते सिर्फ दलालों का गेहूं ही तौल रहे हैं।किसानों की दयनीय स्थिति के बारे में किसान नेता रामशंकर सिंह ने बताया कि कुछ लोगों के चलते योगी जी की सरकार को बदनाम करने का काम किया जा रहा है अगर जिम्मेदारों ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो जल्द ही उपजिलाधिकारी को अवगत कराते हुए कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर करे उर्वरको का प्रयोग: डॉ रीमा



**खैराबाद ,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केंद्र कटिया द्वारा विकास खंड खैराबाद के ग्राम बरशोइया में 'संतुलित उर्वरक उपयोग जागरूकता अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मिट्टी की सेहत के प्रति जागरूक करना और खेती में बढ़ती लागत को कम करने के वैज्ञानिक उपायों से अवगत कराना था।अभियान के दौरान केवीके के वैज्ञानिकों ने उपस्थित 48 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की महत्ता समझाते हुए संतुलित मात्रा में खाद के उपयोग पर जोर दिया। वैज्ञानिकों ने बताया कि अंधाधुंध उर्वरकों के प्रयोग से न केवल मिट्टी की उर्वरक शक्ति क्षीण होती है, बल्कि किसान की खेती की लागत भी बढ़ जाती है। आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर ही खेती को लाभ का सौदा बनाया जा सकता है और ग्रामीण खुशहाली का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।कार्यक्रम में गृह वैज्ञानिक डॉ. रीमा ने किसानों को संबोधित करते हुए खेती के साथ-साथ परिवार के पोषण और उन्नत गृह प्रबंधन के गुर सिखाए। उनके द्वारा संतुलित आहार और आधुनिक कृषि में महिलाओं की भागीदारी पर भी चर्चा की गई।इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में कृषि सखी मधुरानी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषक शशिकांत, बाबूराम, रामकुमार सहित क्षेत्र के अन्य प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने वैज्ञानिक विधि से खेती करने का संकल्प लिया।

## पुण्य उदय होने पर ही मिलता है भागवत श्रवण का लाभ

**लहरपुर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम धौरहरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भक्ति रस की अविरल धारा बह रही है, जिसका रसपान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं,कथा प्रवाचक पंडित अखिलेश महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि जब जन्म जन्म के पुण्य उदय होते हैं तब श्रीमद् भागवत कथा सुनने का लाभ मिलता है। कथा प्रवाचक ने परीक्षित जन्म, भीष्म पितामह के प्राण त्याग और भीष्म-युधिष्ठिर संवाद का सुंदर वर्णन किया, उन्होंने इस मौके पर शरशय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की उपस्थिति में युधिष्ठिर को धर्म और राजनीति का उपदेश देने और उनके देह त्याग के प्रसंग की कथा का वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में चल रहे मूल पाठ और मंत्र जाप के अनुष्ठान में आचार्य राधा मोहन अवस्थी के द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण का विधि-विधान से मूल पाठ किया जा रहा है और चंद्र शेखर शास्त्री के द्वारा निरंतर द्वादशाक्षर मंत्र ? नमो भगवते वासुदेवाय का जाप भी किया जा रहा है जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं, लगातार हो रहे धार्मिक अनुष्ठानों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर मुख्य यजमान लक्ष्मी नारायण शुक्ल, दिनेश शुक्ल, आसाराम, रमाकांत दीक्षित, राममित्र शुक्ल, ध्रुव दीक्षित, दयाशंकर दीक्षित, अंकित दीक्षित, शिव सागर लाल मिश्र, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत बरातपुर में उमड़ा उत्साह युवाओं ने लिया महाराणा प्रताप के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प

**महोली, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद सीतापुर के महोली ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत बरातपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं का भारी उत्साह और राष्ट्रभक्ति का जज्बा देखने को मिला।महापुरुषों के विचार ही युवाओं की असली पूंजी: आशीष कुमारकार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशीष कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि स्वाभिमान, साहस और त्याग के साक्षात प्रतीक थे। उन्होंने जोर देकर कहा, ''ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों के कठिन संघर्षों को गहराई से समझने का अवसर मिलता है।''आशीष कुमार ने युवाओं को प्रेरित करते हुए आगे कहा कि महाराणा प्रताप ने जिस प्रकार कठिन परिस्थितियों में भी कभी घुटने नहीं टेके, वही अटूट जज्बा आज के युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल व्यक्तिगत उत्साहवर्धन होता है, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूती मिलती है।'जय मेवाड़' के नारों से गूंजा गांवकार्यक्रम की शुरुआत महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और उनके अदम्य साहस को याद करते हुए की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिकों सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का सामूहिक संकल्प लिया।पूरा कार्यक्रम परिसर ''जय मेवाड़'' और ''महाराणा प्रताप अमर रहें'' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

# आबकारी टीम ने कंचनपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप अवैध जहरीली शराब बनाने व बिक्री करने पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में धौरहरा टीम ने शनिवार दोपहर गांव कंचनपुर के निकट सुखनी नाले के समीप छापा मार कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में तैयार शराब व उपकरण बरामद हुए हैं।किसी मुखबिर की सूचना पर शनिवार दोपहर आबकारी इंस्पेक्टर अब्दुल अजीज अपनी टीम के साथ कंचनपुर गांव के निकट सुखनी नाले के समीप दबिश दी जहां पर बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब बनाने का कारोबार चल रहा था। आबकारी टीम की आहट पाकर अवैध शराब के निर्माण में लगे धंधेबाज मौके से रफू चक्कर हो गए। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अजीज के मुताबिक कार्रवाई के दौरान मौके से 110 लीटर तैयार शराब बरामद की गई वहीं करीब 200 किलोग्राम लहन और भारी मात्रा में उपकरणों को नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। आबकारी टीम के द्वारा निरंतर हो रही छापा मार कार्रवाई से अवैध शराब के निर्माण व बिक्री में लगे धंधेबाजों में हड़कंप मच गया है।

# मिशन शक्ति के तहत महिला थाने पर 08 जोड़े परिवार की काउन्सलिंग कराके टूटने से बचाया

❒ काउन्सलर के सहयोग से 14 मामलों में सुलह समझौता का प्रयास किया गया, 8 का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा मिशन शक्ति अभियान जनपद में चलाया जा रहा है, जिंसके अन्तर्गत थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला ने काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, किरन अग्रवाल, कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी के सहयोग से अभियान चला कर पारिवारिक विवादों के मामलों में सुलह कराके आठ जोड़े दंम्पतियों की विदाई कराई है ।

बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के दिशा निर्देशन में महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक शिल्पी शुक्ला एवं काउंसलरों के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थनापत्रों में काउन्सलर के सहयोग से 14 मामलों में सुलह समझौता का प्रयास किया गया , जिसमें से 08 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 04 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है, 02 मामलों में जिसमें सुलह प्रयास सार्थक नही हुआ इस अवसर पर महिला थाने की महिला आरक्षी सुमन लता, सारिका सिंह चौहान , बबली पवार द्वारा काफी सहयोग किया गया है ,थाने पर पक्षकारों के परिवारिजन भी उपस्थित रहे जिन्हें मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं के हेल्पलाइन नंबर व अन्य योजना कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# महोबा में प्रधानाध्यापिका ने बीएसए पर लगाए संगीन आरोप, एसपी से की एफआईआर दर्ज करने की मांग

❒ जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महोबा । उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा सनसनीखेज मामला सामने आया है। राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापिका ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) पर यौन उत्पीड़न की मंशा रखने और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रधानाध्यापिका ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बीएसए समेत दो शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है।रविवार को जनपद मुख्यालय निवासी एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि वह मुख्यमंत्री द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित हैं। 01 फरवरी 2025 को स्कूल की बाउंड्री वॉल की समस्या बताने बीएसए कार्यालय गई थीं। जहां बीएसए राहुल मिश्रा उन्हें घूरकर बुरी नजर से देखने लगे और शाम को आवास पर बुलाया। बुरी मंशा भांपकर वह आपस पर नहीं गईं। इसके साथ ही प्रधानाध्यापिका ने स्कूल के सहायक अध्यापक और सहायक अध्यापिका पर भी दबाव बनाने का आरोप लगाया है।प्रधानाध्यापिका ने बताया कि 27 फरवरी 2026 को वह अपने पिता के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय (बीएसए) गईं। वहां बीएसए ने उनके पिता को बेइज्जत कर बाहर निकाल दिया। आरोप है कि इसके बाद बीएसए ने उनसे कहा कि अमर्यादित बातें कीं और आपत्तिजनक हरकत की कोशिश की।प्रधानाध्यापिका ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीएसए की बात न मानने पर उन्हें झूठी जांचों में फंसाया गया और जनवरी 2026 को बिना समुचित साक्ष्य के उन्हें निलंबित कर दिया गया। वह 17 साल से शिक्षण कार्य कर रही हैं। प्रधानाध्यापिका ने एसपी शशांक सिंह से बीएसए राहुल मिश्रा और दो सहायक अध्यापकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।वहीं इस मामले को लेकर बीएसए राहुल मिश्रा ने कहा कि आरोप निराधार हैं, मामले की जांच हो जो दोषी पाया जाए उस पर कार्रवाई हो। सीडीओ बलराम कुमार ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।




## सपा विधायक ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन

रायबरेली। बछरावां विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी विधायक श्याम सुंदर भारती इन दिनों अपने विकास कार्यों, जनसरोकारों और सादगीपूर्ण कार्यशैली को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। क्षेत्र में सड़क, नाली, खड़ंजा, सामुदायिक भवन, विद्युत लाईटें, शौर्य ऊर्जा लाईटें व अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विधायक निधि और विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि से कराए जा रहे कार्यों को जनता का भरपूर समर्थन और सराहना मिल रही है। आपको बता दें कि, इसी क्रम में शनिवार को विधायक श्याम सुंदर भारती ने क्षेत्र की सलेथू ग्राम पंचायत में विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निर्मित होने वाले इंटरलॉकिंग मार्ग का विधिवत लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान सुनीता साहू एवं उनके प्रतिनिधि आरपी साहू के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। लोकार्पण समारोह के दौरान ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामवासियों, महिलाओं, युवाओं एवं संभ्रांत नागरिकों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि, ञजनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है।

# सामाजिक एकता के साथ धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। क्षेत्र के चोप सिंह के पुरवा, सिकंदरपुर ग्राम पंचायत में वीर योद्धा शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पहली बार पूरे हर्षोल्लास एवं सामाजिक एकता के संदेश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य लोगों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मिठाई वितरित की गई तथा बड़े-बुजुर्गों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ठाकुर शिव गोपाल सिंह, तिलक सिंह, सोनू सिंह, बब्लू सिंह, देशराज सिंह, गोशाई बाबा, नीरज नेता , राजेश कुमार जी, अनिल शास्त्री , तीरथ , अंशुमान जी, गुलाब सिंह अधिवक्ता, मोहन सिंह , राम पाल , रणजीत बीडीसी, प्रहलाद , सर्वेश जी, आशुतोष जी, बाबा राम केवल, अनशनकारी प्रधान प्रत्याशी धर्मराज रावत जी सहित अनेक लोगों ने सामाजिक एकता एवं परिवर्तन मिशन टीम अनशनकारी के साथ मिलकर महाराणा प्रताप जयंती को उत्साहपूर्वक मनाया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। पूरे आयोजन के दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

# सपा की भाषा उसकी मानसिकता का परिचायक : अरुण सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अयोध्या । समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पर सोशल मीडिया के माध्यम से की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा नेताओं में आक्रोश व्याप्त है। भाजपा नेताओं ने इसे सपा की विकृत मानसिकता और गिरते राजनीतिक स्तर का परिचायक बताते हुए कड़ी निंदा की है। रानोपाली स्थित प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन से पूर्व भाजपा नेताओं ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि सपा की भाषा और कार्यशैली पूरी तरह से उनकी नकारात्मक एवं अराजक मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को वैचारिक मर्यादा के भीतर रहकर अपनी बात रखनी चाहिए, लेकिन सपा लगातार अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर राजनीति के स्तर को गिराने का काम कर रही है।प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि जनता सब देख रही है और आने वाले समय में सपा को इसका करारा जवाब मिलेगा। भाजपा विकास, राष्ट्रहित और जनसेवा की राजनीति करती है, जबकि सपा भ्रम फैलाने और विवाद पैदा करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियों से आम जनता में भारी नाराजगी है।क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सपा की राजनीति हमेशा से जातिवाद, तुष्टीकरण और विवाद पर आधारित रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर की गई टिप्पणी से स्पष्ट हो गया है कि सपा के पास अब जनहित के मुद्दे नहीं बचे हैं।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा के बढ़ते जनसमर्थन से घबराकर सपा अनर्गल बयानबाजी कर रही है। आम जनता इस प्रकार की भाषा से आहत है और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी।महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की टिप्पणी उनकी हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण है। भाजपा नेतृत्व पर अभद्र टिप्पणी करना लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है।भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सपा को अपनी भाषा और संस्कारों पर नियंत्रण रखना चाहिए। जनता ऐसे नेताओं और दलों को कभी स्वीकार नहीं करती जो मर्यादा की सीमाएं लांघते हैं। आने वाले समय में जनता स्वयं इसका जवाब देगी।

# मां ममता, करुणा और त्याग की प्रतिमूर्ति : संजीव

❒ शिविर के दसवें दिन स्काउट गाइड ने भीषण गर्मी में राहगीरों और दूर-दराज से आए यात्रियों को शीतल जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। भारत स्काउट और गाइड संस्था के तत्वावधान में गांधी नेत्र चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस श्रद्धा, सम्मान और सेवा भाव से मनाया गया। वहीं निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के दसवें दिन स्काउट गाइड ने भीषण गर्मी में राहगीरों और दूर-दराज से आए यात्रियों को शीतल जल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। सेवा कार्य के साथ मातृ शक्ति के सम्मान में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि मां दुनियां में पूज्यनीय है। मां की असीम कृपा से बच्चे महान लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। जिला सचिव आलोक कुमार पाठक ने कहा कि माता पूजनीय और वंदनीय है। मां जन्म देने वाली ही नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, स्नेह और मानवता की दिशा देने वाली प्रथम गुरु होती है। जिला संगठन कमिश्नर मु.असरार ने कहा कि मां का प्रेम निस्वार्थ, पवित्र और असीम होता है। मां अपने बच्चों के सुख और उज्ज्वल भविष्य के लिए हर कठिनाई सहन कर लेती है। आज की युवा पीढ़ी को माता-पिता के सम्मान और सेवा का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि मां ममता, करुणा और त्याग की सजीव प्रतिमा है। मां के चरणों में ही जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जल जीवन के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार मां का स्नेह और आशीर्वाद जीवन को ऊर्जा और दिशा प्रदान करता है।गाइड कैप्टन रेनू गुप्ता ने कहा कि मां परिवार की आधारशिला होती है, जो अपने संस्कारों से समाज और राष्ट्र का निर्माण करती है। स्काउट संस्था सदैव सेवा, संस्कार और मानवता के कार्यों को आगे बढ़ाती रही है। निस्वार्थ सेवा में स्काउट गाइड जुट रहते हैं। भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को शीतल जल पिलाना भी मां की सेवा और मानवता के संस्कारों का ही प्रतीक है। इस मौके पर कृष्णा, आरुषी, मोहिनी, कीर्ति, वैष्णवी, अनुष्का, रवनीत कौर, रुचित बाबू, हिमांशु, देवांश, रोशनी आदि मौजूद रहीं।

## वजीरगंज थाना क्षेत्र में बिल्सी रोड पर तमंचे के बल पर बाइक लूटी

**वजीरगंज, बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में बिल्सी रोड पर शनिवार रात बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक लूट ली। बिल्सी के वैरमई बुजुर्ग निवासी लोकेश बाबू अपने ताऊ के साथ ससुराल कटसरी, आंवला से लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे क्यौली मढ़ी के पास पीछे से आए तीन बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रास्ता रोक लिया। तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाश उनकी ड्डद्दद्ध राइडर बाइक और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। सूचना पर 112 डायल पुलिस भी पहुंची मगर कोई कामयाबी ना मिल सकी।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर पलटी टूरिस्ट बस, एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

**बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें टूरिस्ट बस पलटने से एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बिसौली पुलिस मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसा बिसौली थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर के समीप हुआ, जहां हरिद्वार से प्रयागराज जा रही टूरिस्ट बस अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देने के साथ बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी वजीरगंज भेजा गया। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार घायल यात्रियों में संगीता पत्नी सुरेशचंद्र निवासी प्रयागराज, विमला पत्नी सुनील निवासी मीरापुर प्रयागराज, मीना पत्नी विजय प्रकाश निवासी प्रयागराज तथा अंजू पत्नी आलोक कुमार सहित कई लोग घायल हुए हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया। बताया जा रहा है कि बस हरिद्वार से गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते प्रयागराज जा रही थी। हादसा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 152.8 के पास हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गंगा घाट पर अवैध वसूली जोरों पर, पुलिस बनी मूकदर्शक

**उझानी, बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के पतित पावनी गंगा के कछला घाट पर आस्था शर्मसार है। यहां सत्ता के गुर्गों ने वसूली का साम्राज्य खड़ा कर दिया है। स्नान को आने वाली हर कार, बस एवं टेम्पो से 50 रूपये का 'गुंडा टैक्स' लिया जा रहा है। मुरादाबाद से आए श्रद्धालु विनोद शर्मा ने जब कर वसूली पर सवाल दागा '' कि जब सरकार ने पूरे प्रदेश में पार्किंग शुल्क खत्म कर दिया, तो फिर किस बात के रूपये तो ठेकेदार के लड़कों ने कॉलर पकड़ ली। बोले, योगी जी का राज है, देना तो पड़ेगा।''स्थानीय दुकानदार कल्याण कश्यप का आरोप- ''पुलिस चौकी 100 मीटर दूर है, पर कोई सुनवाई नहीं। सबकी मिलीभगत है।'' सूत्र बताते हैं बिना टेंडर के खुलेआम उगाही चल रही है। पैसा न देने पर मारपीट तय है। श्रद्धालु पूछ रहे हैं- क्या गंगा में डुबकी अब सत्ता की मर्जी से लगेगी? प्रशासन कब तोड़ेगा ये अवैध वसूली का सिंडिकेट? स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों में इसे लेकर काफ़ी आक्रोश है।

## चार दिनों में 32,000 से अधिक लोगों ने की स्व-गणना

**मुरादाबाद,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में स्व-गणना के लिए प्रतिदिन पीतल नगरी वासी आगे आ रहे हैं। स्व-गणना अभियान प्रारंभ होने के बाद 4 दिन के अंदर रविवार शाम तक 32000 से अधिक लोगों ने स्वगणना कर ली। स्व-गणना में अपने घर की लोकेशन ढूंढने में लोगों को थोड़ा सा अधिक समय लग रहा है।अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने रविवार को बताया कि 7 मई को स्व-गणना अभियान प्रारंभ हुआ था जो 21 में तक चलेगा 22 में से 20 जून तक जनगणना अभियान के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना होगी।एडीएम फाइनेंस में आगे बताया कि ढ्ढह्लह्य://पद्ग.दद्गह्यपफ्र.द्दश्र1.द्बठ्ठ पोर्टल पर स्व-गणना के माध्यम से प्रत्येक परिवार अपने मकान एवं परिवार से संबंधित विवरण स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकता है।

## वैश्य एकता परिषद का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन 17 को

**औरैया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद, औरैया की आवश्यक बैठक रविवार को श्री गोपाल वाटिका आश्रम नरायनपुर में जिलाध्यक्ष विपिन कुमार पोरवाल (बंटू) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 17 मई को आयोजित होने वाले प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।जिला प्रभारी आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएसए विश्वविद्यालय कानपुर के वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता मौजूद रहेंगे, जबकि शुभारंभ एमएलसी सलिल बिश्नोई करेंगे। आयोजन में वैश्य समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, सभासदों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा।बैठक में रमन पोरवाल, नरेश चंद्र शिवहरे, राजीव पोरवाल रानू, विनय पुरवार, कपिल गुप्ता, अनूप गुप्ता, मनीष पुरवार हीरु समेत बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग उपस्थित रहे। संचालन आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने किया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने प्रदर्शन कर फूंका सपा प्रमुख का पुतला

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को गोलघर स्थित इंदिरा बाल बिहार चौराहे पर समाजवादी पार्टी(सपा) प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के खिलाफ दी गई कथित अशोभनीय टिप्पणी को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सपा विरोधी नारे लगाए।कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो के क्षेत्रीय मंत्री एवं कार्यक्रम आयोजक अम्बिकेश धर दुबे ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा अब अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए अनर्गल बयानबाजी और व्यक्तिगत टिप्पणियों का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का सार्वजनिक जीवन चार दशक की तपस्या, संघर्ष और संगठनात्मक समर्पण का प्रतीक है। ऐसे वरिष्ठ और लोकप्रिय नेता पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना सपा की कुंठित मानसिकता को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि सपा आज पूरी तरह गुंडों और माफियाओं की पार्टी बनकर रह गई है। प्रदेश की जनता और युवा वर्ग सपा की राजनीति को भलीभांति समझ चुका है, इसलिए पार्टी लगातार जनाधार खो रही है।भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा नेतृत्व के सम्मान पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी और विपक्ष की अभद्र राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दिया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और पार्टी के झंडे लेकर नारेबाजी की।इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंहा, पार्षद पिंटू गौड़, भाजयुमो क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य गोविंद वर्मा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष गौरव गोस्वामी, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सार्थक जायसवाल, सचिन चौधरी, जयदित्य सिंह, गुलशन सिंह, सुशील अग्रहरि, लोकेश पांडेय, सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीएससीटी ने वितरित की कन्यादान चेक और टीमों का किया सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। टीएससीटी यानि टीचर्स सेल्फ केयर टीम की तरफ वैदिक इंटर कॉलेज में कन्यादान योजना के तहत चेक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें जनपद रायबरेली के सात शिक्षको की बेटियों को 51 -51 हजार रुपए के चेक मुख्य अतिथि प्रांतीय संगठन मंत्री अंकित शुक्ला और प्रांतीय सचिव बबीता वर्मा व विशिष्ट अतिथि गरिमा पाण्डेय ने आशीर्वाद स्वरुप प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि व प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी विश्वनाथ प्रसाद, सुनीति सिंह व आशीष बाजपेई ने संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद, प्रदेश महामंत्री सुधेश पांडे व प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक द्वारा स्थापित टीएससीटी व एनएससीटी की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला संयोजक अनुराग मिश्र व मंडल प्रवक्ता अवध किशोर ने बताया कि टीएससीटी द्वारा अब तक 560 कन्याओं के विवाह में लगभग 3 करोड रुपए आशीर्वाद स्वरुप प्रदान किए जा चुके है। जिला प्रवक्ता अखिलेश चौरसिया व जिला मीडिया प्रभारी/कन्यादान प्रभारी शशांक त्रिवेदी ने बताया की टीएससीटी द्वारा अब तक 576 दिवंगत परिवारों को 254 करोड़ रुपए की मदद की जा चुकी है। कन्यादान सह प्रभारी व जिला सहसंयोजक हनी गुलाटी व संगीता अग्रहरि द्वारा जानकारी दी गई की कन्यादान योजना के अंतर्गत रायबरेली के 13 शिक्षकों की बेटियों को लगभग सात लाख रुपए आशीर्वाद स्वरुप दिए जा चुके हैं और इसके लिए प्रति कन्या मात्र एक रुपए का सहयोग लिया जाता है। जिला सलाहकार धीरज श्रीवास्तव जिला सहसंयोजक अमित कुमार सिंह मयंक शुक्ला द्वारा बताया गया कि जल्द ही टीएससीटी द्वारा अपने सदस्यों को, हेल्थ इंश्योरेंस, कम इंटरेस्ट पर होम लोन, एजुकेशन लोन आदि सुविधाएं दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर समस्त ब्लॉक टीमों को सम्मानित किया गया जनपद में पहले स्थान पर रहने वाली अमावा टीम दूसरे स्थान पर रहने वाली राही टीम व तीसरे स्थान पर रहने वाली महाराजगंज टीम को सम्मानित किया गया। टीएससीटी रायबरेली को सदैव अपना सहयोग और समर्पण प्रदान करने के लिए जिला सहसंयोजक संगीता अग्रहरि और हनी गुलाटी को टीएससीटी रायबरेली रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन अमित सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त ब्लॉक संयोजक जेपी रावत, डॉ आशीष पटेल, सुनील कुमार, विनोद कनौजिया, शशि सिंह, अमरेश सिंह, राकेश सोनकर सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लोक अदालत में कैदियों की कला का प्रदर्शन जेल प्रशासन ने लगाई विशेष प्रदर्शनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला जेल प्रशासन द्वारा कैदियों के हुनर को मंच देने के उद्देश्य से एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बंदियों द्वारा तैयार की गई आकर्षक कुर्तियां, कुशन कवर, पेंटिंग्स, गुलाब जल सहित विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।प्रदर्शनी का उद्देश्य बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को समाज के सामने लाना रहा। लोक अदालत में पहुंचे लोगों ने बंदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की और उनके कार्यों में रुचि दिखाई।इस दौरान अनन्या ने बताया कि जेल में बंदियों को समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण दिए जाते हैं, जिससे वे सृजनात्मक कार्यों से जुड़ सकें और भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं जेल शिक्षिका गुलशन अफरोज ने जानकारी देते हुए कहा कि बंदियों द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उनके हुनर को पहचान मिल सके। प्रदर्शनी में मौजूद पेंटिंग्स, हस्तशिल्प और अन्य सजावटी वस्तुओं ने लोगों को काफी प्रभावित किया। जेल प्रशासन की इस पहल को सामाजिक सुधार और पुनर्वास की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। अनन्या ने यह भी बताया कि कैदीयों के मन मस्तिष्क में इस रचनात्मक कार्य को करने कि अलख जगाने बदायूँ जेल के जेलर कुंवर रणजय सिँह हैँ। उन्होंने उन्हें प्रेरित कर इस लायक बनाया।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू में उत्साह, उल्लास के साथ मनाया गया मदर्स डे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रायबरेली। मातृत्व के त्याग, प्रेम और समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू में रविवार को ञमदर्स डेञ्ज बड़े उत्साह, उल्लास और भावनात्मक वातावरण के बीच मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी से कक्षा-5 तक के विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया गया, जहां बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त कर सभी का मन मोह लिया।

बता दें कि, कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गीत, संगीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मातृत्व की महिमा का भावपूर्ण चित्र प्रस्तुत किया। बच्चों की मासूम अभिव्यक्तियों और भावनात्मक प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित माताएं भावुक हो उठीं और अपने बचपन की यादों में खो गईं। पूरे विद्यालय परिसर में स्नेह, अपनत्व और उल्लास का वातावरण दिखाई दिया। मदर्स डे को यादगार बनाने के लिए विद्यालय की ओर से माताओं हेतु विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं एक्टिविटी का आयोजन किया गया। ञफन एक्टिविटीञ्ज और ञहिट द टारगेट ममीञ्ज जैसी प्रतियोगिताओं में माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों के उत्साह और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम में जीवंतता भर दी। विजेता माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वहीं ञमदर्स ऑफ द डेञ्ज का चयन भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वयं अपने हाथों से सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार प्रकट किया। बच्चों की इस भावनात्मक अभिव्यक्ति ने उपस्थित सभी लोगों का हृदय छू लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव ने सभी माताओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मां त्याग, प्रेम, दया और स्नेह की प्रतिमूर्ति होती है। मां ही वह पहली गुरु होती है जो बच्चे की मूक भाषा को भी सहजता से समझ लेती है। उन्होंने कहा कि आज भी ञमांञ्ज दुनिया का सबसे विश्वसनीय और पवित्र शब्द है। हमें सदैव अपने माता-पिता के प्रति समर्पण और सम्मान का भाव रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि, मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि की ममता, त्याग, प्रेम और बलिदान का अथाह सागर है। मातृत्व की इसी महानता को सम्मान देने और उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मदर्स डे मनाया जाता है, किंतु वास्तव में हर दिन मां का होता है और हमें प्रतिदिन उनका सम्मान एवं आभार व्यक्त करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य भूपेंद्र शुक्ला, आलोक पाण्डेय, स्वप्निल शुक्ला, हरिओम गुप्ता, बाला प्रसाद, अनिल, मंजिली अवस्थी, शिवानी, दिव्यांशी मिश्रा, अनामिका पटेल, श्रुति श्रीवास्तव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# भूमि विवाद के मैच में तहसीलदार कि एम्पायरी से मचा हड़कंप

❒ 5 मई 2026 को नायब तहसीलदार और लेखपाल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बिसौली,बदायूँ। तहसील क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद पर प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए कार्रवाई तेज कर दी है।तहसीलदार की रिपोर्ट के बाद कई अवैध कब्जों पर शिकंजा कस गया है, जिससे कब्जेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।पूरा मामला मिर्ज़ापुर बेहटा गांव से जुड़ा है।

शिकायत मिलने के बाद 5 मई 2026 को नायब तहसीलदार और लेखपाल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच मेंसरकारी और आरक्षित भूमि पर कब्जे की पुष्टि होने के बाद रिपोर्ट तहसीलदार को भेजी गई। जांच में सामने आया कि सरकारी भूमि के एक हिस्सा जो काजी हाउस के नाम दर्ज है, वहां बारात घर बना हुआ है। इसी भूमि के करीब 13.20 वर्ग मीटर हिस्से पर प्रदीप गुप्ता द्वारा दुकान संचालित किए जाने की बात सामने आई। इसके बाद नगर पंचायत फैजगंज ने संबंधित व्यक्ति को अंतिम नोटिस जारी कर दिया है। वहीं कुछ भूमि सड़क के नाम दर्ज पाई गई। मौके पर सड़क मौजूद होने के बावजूद लगभग 21.78 वर्ग मीटर भूमि पर दुकान बने होने की पुष्टि हुई। मामले में लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने को कहा गया है। इसके अलावा जो खाद के गड्ढे के लिए आरक्षित भूमि बताई गई, उस पर भी अवैध रूप से नींव भरने का मामला सामने आया। प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर नींव हटवा दी और कब्जे को समाप्त करा दिया। तहसीलदार बिसौली ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि शिकायत निस्तारण योग्य पाई गई है। इसके बाद अब प्रशासनिक कार्रवाई तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है और लोग इसे सरकारी भूमि बचाने की बड़ी कार्रवाई मान रहे हैं।

# गरीबों के उत्थान में कार्य कर रही केंद्र व प्रदेश सरकार : रवि किशन

❒ सांसद रवि किशन का ढोल-नगाड़ों के साथ हुआ जोरदार स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिष्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी में आयोजित कार्यक्रम में रविवार को गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ला के पहुंचने पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।सांसद के आगमन पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया।

इस मौके पर कंपनी के सीईओ कुलदीप मिश्रा ने उनका फूल मालाओं से स्वागत व अभिनंदन करते हुए क्षेत्रीय गतिविधियों की जानकारी दी।अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है।उन्होंने कहा



कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों,युवाओं,गरीबों व अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के हितार्थ लगातार कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि जनता के अटूट भरोसे और समर्थन के कारण भाजपा को चुनावों में लगातार प्रचंड बहुमत मिल रहा है।उन्होंने किसानों से आधुनिक खेती अपनाने और किसान उत्पादक संगठनों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की अपील किया।उन्होंने आगे कहा कि गांव और किसानों के विकास के बिना किसी भी देश का विकास संभव नहीं है।कार्यक्रम के दौरान सांसद ने क्षेत्रीय सम स्याओं और किसानों से जुड़े तमाम मुद्दों पर भी चर्चा किया। विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ला, कृष्णानंद त्रिपाठी उर्फ पुद्दे त्रिपाठी,श्री भगवान शुक्ला,मनीष तिवारी,राजू तिवारी,आशीष, अनुपम शुक्ला, मिश्रा,सतेंद्र तिवारी,डॉ.मोहित तिवारी, राजन शुक्ला,पवन तिवारी,मुकेश शुक्ला, शिव शंकर तिवारी, बब्लू ओझा,भारत उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# श्री राम कथा हुई हाईजैक: बीजेपी विधायक

❒ बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को निमंत्रण बांटे गए। मैं भाजपा का इकलौता विधायक हूँ सिर्फ मुझे ही कार्ड नहीं दिया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले के कटरा बाजार विधानसभा से भाज पा विधायक बावन सिंह ने अपने क्षेत्र में चल रही श्रीराम कथा में निमंत्रण न मिलने पर खुलकर ना राजगी जताई। उन्होंने कहा- कुछ लोगों ने श्रीराम कथा तक को ''हाईजैक'' करके राजनीतिक रंग दे दिया है।

बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को निमंत्रण बांटे गए। मैं भाजपा का इकलौता विधायक हूँ सिर्फ मुझे ही कार्ड नहीं दिया गया। श्री कथा में सपा जिलाध्यक्ष और बसपा प्रत्याशि यों को मंच पर बुलाकर माला पहनाई गई है पर मुझे क्षेत्रीय विधायक होने के बावजूद मुझे बुलाया तक नहीं गया।



अब मैं यहीं से श्री राम कथा व्यास गद्दी को प्रणाम करता हूँ। अपने क्षेत्र में कथावाचक राजन जी महाराज का स्वागत करता हूँ। इस दौरान बीजेपी विधायक बावन सिंह पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं संग जश्न मनाने पहुंचे हुए थे। उन्होंने कार्यकर्ता ओं को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पर सपा की अभद्र टिप्पणी की आलोचना की और कांग्रेस पर जमकर बरसे।

विधायक बावन सिंह ने कहा- कथा का आयोजन बहुत बड़ा और धार्मिक महत्व है,लेकिन इसे राजनीतिक कारणों से प्रभावित किया गया है.मैं अपने विधानसभा क्षेत्र का इकलौता भाजपा विधायक हूँ कि मुझे निमंत्रण तक नहीं मिला है। सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन और बसपा के पूर्व प्रत्याशी व सपा नेता मसूद आलम जैसे लोगों को मंच पर माला पहनाकर सम्मानित किया गया है। जबकि मुझे कार्ड तक नहीं दिया गया है और कथाको राजनीतिक मंच बना दिया गया है।

बताते है कि श्री राम कथा समिति की ओर से कटरा बाजार के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ला की दे खरेख में 3 से 11 मई तक श्रीराम कथा का आयो जन किया जा रहा है।जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक राजन जी महाराज कथावाचन कर रहे हैं।इससे प हले भी 23 सितंबर को भाजपा विधायक और भा जपा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इन दोनों समर्थकों केबीच मारपीट भी हुई थी।भवानी भीख शुक्ला कट रा बाजार से विधानसभा प्रत्याशी के रूप में टिकट की दावेदारी भी कर रहे हैं।


# छपिया, बौहान व मसकनवा में एक फोटो से लग रही है कई श्रमिकों की हाजरी

❒ बिना काम के ही फर्जी मस्टर रोल तैयार कर डका रा जा रहा सरकारी धन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। मंडलायुकत दुर्गा शक्ति नाग पाल,डीएम प्रियं का निरंजन व सीडीओ मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार को लेकर काफी सख्त रूख अख्तियार किए हुए हैं बावजूद मनबढ़ और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ग्राम प्रधान फर्जी मस्टररोल तैयार कर सरकारी धन को लूट रहे हैं।

हकीकत तो यह है कि गांवों में धरातल पर कहीं काम चल ही नहीं रहा है,लेकिन कागजों में बड़ी संख्या में श्रमिकों को पसीना बहा ते हुए दिखाया जा रहा है। जिले के छपिया विका स खंड की 18 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत चकभूमि समतलीकरण,तालाब की खुदाई, तालाब सौंदर्याकरण आदि कार्य वर्तमान में संचालित हैं। मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार 19 कार्यों में कुल 294 श्रमिकों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जा रही है,प्रतिदिन 74, 372 रूपए रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं,लेकिन मनरेगा से जुड़े कर्म चारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के




नाम पर कागज में खेला करके काम किया जा रहा है।छपिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत बौहान में ऑनलाइन मस्टर रोल में एक कार्य के लिए 27 मज दूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है,जबकि मस्टर रोल में एक ही व्यक्ति की फोटो से कई श्रमिको की हाजरी अपलोड की गई है,जिससे साफ फर्जी वाड़ा दिखाई दे रहा है।

वहीं ग्राम पंचायत मसकन वा में काली माता स्थान के बगल तालाब का जी र्णोद्धार कार्य व ममता के घर से नरेश के घर होते हुए अशोक के घर तक सीसी रोड निर्माण दो का र्यों के लिए 46 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है,लेकिन एक भी मजदूर कार्य नहीं कर रहे हैं।कई मस्टर रोल में एक ही श्रमिको की फोटो अ पलोड किया जा रहा है।यहां मनरेगा के कार्यों के लिए श्रमिकों की हाजिरी कागज में लगाई गई है।ग्राम पंचायत तेजपुर,सोहिला आदि भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है।इन ग्राम पंचायतों के अलावा कई अन्य ग्राम पंचायतें भी हैं,जहां डंके की चोट पर म नरेगा योजना को पलीता लगाया जा रहा है।

## मदर्स डे पर ममता का सम्मान, महिला अस्पताल में नवजातों और माताओं को बांटे उपहार

सीतापुर। श्रीकृष्ण नरायण सेवा समिति द्वारा मदर्स डे के अवसर पर जिला महिला अस्पताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नवजात शिशुओं और उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से नवजात बच्चों को कपड़े, खिलौने और पौष्टिक आहार वितरित किए गए, वहीं माताओं को अंगवस्त्र, फल और मिठाई देकर मातृत्व का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में भावुक और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।संस्था की पदाधिकारी सुनैना गुप्ता और श्वेता जैन ने कहा कि मां दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति होती है और मदर्स डे मातृत्व के सम्मान का अवसर है। उन्होंने बताया कि संस्था पिछले दस वर्षों से लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। जरूरतमंदों की मदद, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में संस्था निरंतर कार्य कर रही है।कार्यक्रम में सुनैना गुप्ता, रिंकी रस्तोगी, श्वेता जैन, नेहा गुप्ता, सीमा जैन, रेखा रानी सक्सेना, शिल्पी, प्रीती और आदित्य सहित कई लोगों ने सहयोग किया। इस दौरान डॉ. जैदी, डॉ. रीता एवं महिला अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ का भी विशेष सहयोग रहा। संस्था की ओर से सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# मां सिर्फ एक शब्द नहीं, पूरी दुनिया है

❒ मदर्स डे पर विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने मां के महत्व पर रखे विचार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। मदर्स डे के अवसर पर रविवार को विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े शिक्षाविदों, बैंक प्रबंधकों, चिकित्सकों एवं समाजसेवियों ने मां के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। वक्ताओं ने कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला नहीं होती बल्कि वह समाज और राष्ट्र निर्माण की पहली प्रेरणा भी होती है। इस अवसर पर अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने अपने संदेश में कहा कि मां का त्याग, प्रेम, धैर्य और संघर्ष किसी भी व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देने का कार्य करता है। सभी ने मातृत्व को ईश्वर का सबसे अनमोल उपहार बताते हुए माताओं के सम्मान और सेवा का संदेश दिया।

वैद्य भगवानदीन बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमैय्या मकसूद ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को मां के महत्व, त्याग और संस्कारों के बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं होती, बल्कि वह अपने बच्चों के जीवन को सही दिशा देने वाली पहली गुरु और सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मां के संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं।





स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नानपारा शाखा की प्रबंधक श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि मां का संघर्ष, समर्पण और प्रेम शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ बच्चों के भविष्य को संवारने में मां की भूमिका अतुलनीय होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान, स्वास्थ्य और खुशियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि मां का स्नेह जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

समाजसेवी एवं साहित्यकार हुस्न तबस्सुम निहाँ ने कहा कि मां प्रेम, त्याग, ममता और संस्कारों की जीवंत प्रतिमूर्ति होती है। मां का स्नेह जीवन की हर कठिनाई को आसान बना देता है और उनकी दुआएं इंसान की सबसे बड़ी ताकत होती हैं। उन्होंने कहा कि मां का सम्मान केवल एक दिन नहीं बल्कि जीवन के हर दिन किया जाना चाहिए, क्योंकि मां के कदमों में ही जन्नत बसती है।

मदर्स डे के अवसर पर कई शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा माताओं के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जहां बच्चों ने गीत, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कई स्थानों पर बच्चों ने अपनी माताओं को उपहार और शुभकामना पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

## विश्वनाथ मंदिर के लिए नया मार्ग बनाने के कार्य में तेजी, दालमंडी में तोड़े गए 29 मकान

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के लिए दूसरा बड़ा मार्ग बनाने का कार्य निरंतर जारी है। मंदिर के लिए दालमंडी मकानों को तोड़कर नया मार्ग बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 43 मकानों को एक साथ तोड़ने की कार्रवाई रविवार को पूरी क्षमता के साथ जारी है। जेसीबी के माध्यम से 29वें मकान को तोड़ दिया गया और अब 14 मकान तोड़ने और शेष रह गए हैं।एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने कहा कि शासन के निर्देश पर दालमंडी चौड़ीकरण की कार्रवाई निरंतर चल रही है। अपने दो पड़ाव में चल रही इस कार्रवाई में लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए दूसरे दिन भी चिन्हित मकानों को तोड़ा जा रहा है।

# मातृ दिवस पर जेपी गर्ल्स स्कूल में भावपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन

❒ मां-बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, बलून बैलेंसिंग एवं रैंप वॉक जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। स्थानीय जेपी गर्ल्स स्कूल, नानपारा में मातृ दिवस के अवसर पर माताओं के सम्मान में भावपूर्ण एवं आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गायन एवं नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तनिर्मित कार्ड, शिल्प गतिविधियों के साथ विशेष सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए, जो आकर्षण का केंद्र रहे।

मां-बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, बलून बैलेंसिंग एवं रैंप वॉक जैसे मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम



व्यक्त करते हुए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कविता पाठ, मनमोहक नृत्य एवं भावनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। कला एवं शिल्प गतिविधियों के अंतर्गत छात्रों ने अपनी माताओं के लिए हस्तनिर्मित उपहार एवं ग्रीटिंग कार्ड बनाकर उन्हें भेंट किए।कार्यक्रम में छात्रों ने मां के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण को रेखांकित करते हुए प्रेरणादायक भाषण एवं भावनात्मक संदेश प्रस्तुत किए, जिससे कई माताएं भावुक हो उठीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सृष्टि ने बच्चों एवं माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को सदैव अपनी मां का सम्मान करना चाहिए तथा उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु एवं सबसे बड़ी शुभचिंतक होती है।

# घाघरा घाट पहुंचकर डीएम ने संजय सेतु के मरम्मत कार्य का लिया जायज़ा

❒ घाघरा घाट के निरीक्षण के दौरान डीएम ने आगामी 17 मई से 16 जून तक मलमास महादेवा मेले की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की विमर्श किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । शनिवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने घाघरा घाट का भ्रमण कर घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की मरम्मत कार्य का जायज़ा लेते हुए पुलिस प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

घाघरा घाट के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने आगामी 17 मई से 16 जून तक मलमास महादेवा मेले के दौरान बढ़ने वाली भीड़ और यातायात व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। डीएम द्वारा एनएचएआई के अधिकारियों से इस बात पर भी चर्चा की गई कि क्या निर्माण कार्य के दौरान संजय सेतु पर से पैदल यात्री



सुरक्षित गुज़र सकते हैं। इस सम्बन्ध में एचएनएआई के हाईवे अभियन्ता सद्दाम हुसैन ने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण के सेतु ज्वाईन्टर को ,खोल दिया गया है इसीलिए सुरक्षा की दृष्टिगत से पैदल यात्रियों को गुज़रना सुरक्षित नहीं रहेगा।घाघराघाट के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए बनाये गये पीपा पुल के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए मेला के दौरान श्रद्धालुओं और वाहनों के बढ़ने से आने वाली चुनौतियों पर भी सभी सम्बन्धित अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। डीएम ने ट्रैफिक का दबाव बढ़ने पर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि मेले के दौरान यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। डीएम ने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया कि संजय सेतु पर चल रहे मरम्मत कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस सम्बन्ध में हाईवे अभियन्ता ने बताया कि मरम्मत कार्य 10 जून तक पूरा कर लिया जायेगा। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सुरक्षा और सुविधा के मानकों पर कोई समझौता न किया जाये साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित करें कि आमजनमानस व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

## ट्रक ड्राइवर का पेड़ पर लटकता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

देवरिया । उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सुरौली थाना क्षेत्र के जोकहा नकछेद टोला में रविवार को एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई।सुरौली थाना प्रभारी थानेदार राय ने बताया कि सुरौली क्षेत्र के जोकहा नकछेद टोला के रहने वाले सोनू यादव (34) का शव पेड़ पर गमछा के सहारे फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना के संबंध परिवार से पूछताछ की। परिजनों से पता चला कि सोनू यादव पेशे से ट्रक चालक और अक्सर बाहर रहते थे। संदिग्ध परिस्थितियों में उनका शव घर के पास फंदे से लटका मिला। घटना के पीछे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ब्लाक मुख्यालयों पर आयोजित होंगे दिव्यांगता चिन्हॉकन शिविर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ 11 मई से 30 मई तक आयोजित होंगे शिविर

❒ जिलाधिकारी ने शिविर रोस्टर की जानकारी देते हुए जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश भी दिये

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि जनपद के दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों से लाभान्वित कराये जाने के उद्देश्य से ब्लाकों एवं निकायों में 11 से 30 मई 2026 तक पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक चिन्हाकन शिविरों का आयोजन प्रस्तावित है। चिन्हांकन शिविरों में दिव्यांगजनों की पात्रता का चिन्हांकन कर उनकी दिव्यांगता के अनुरूप विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन कराये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

शिविर रोस्टर की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि 11 मई को ब्लाक परिसर चित्तौरा में ब्लाक चित्तौरा एवं नगर क्षेत्र बहराइच, 12 को ब्लाक परिसर रिसिया में ब्लाक रिसिया एवं नगर क्षेत्र रिसिया, 13 को ब्लाक परिसर तेजवापुर, 14 को ब्लाक परिसर बलहा में ब्लाक बलहा व नगर क्षेत्र नानपारा, 15 को ब्लाक परिसर महसी, 16 को ब्लाक परिसर शिवपुर, 18 को ब्लाक परिसर फखरपुर, 19 मई को ब्लाक परिसर पयागपुर ब्लाक पयागपुर एवं नगर क्षेत्र पयागपुर, 20 को ब्लाक परिसर कैसरगंज में ब्लाक कैसरगंज व नगर क्षेत्र कैसरगंज, 21 को ब्लाक परिसर हुज़ूरुपर, 22 को ब्लाक परिसर नवाबगंज में ब्लाक नवाबगंज व नगर क्षेत्र रूपईडीहा, 25 को ब्लाक परिसर मिहींपुरवा में ब्लाक मिहींपुरवा एवं क्षेत्र मिहींपुरवा, 28 को ब्लाक परिसर जरवल में ब्लाक जरवल व नगर क्षेत्र जरवल तथा 30 मई 2026 को ब्लाक परिसर विशेश्वरगंज में ब्लाक क्षेत्र विशेश्वरगंज के दिव्यांगजनों हेतु दिव्यांगता चिन्हांकन शिविर आयोजित किया जायेगा।

डीएम श्री त्रिपाठी ने दिव्यांगजनों को सुझाव दिया है कि इच्छुक दिव्यांगजन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदान किया गया दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (जिसमें दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो), सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान के स्तर से निर्गत आय प्रमाण-पत्र (जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की वार्षिक रू. 46,080=00 व शहरी क्षेत्र के लिए रू. 56,460=00 वार्षिक से अधिक न हो), एक नवीन आकार का दिव्यांगता दर्शाता हुआ पासपोर्ट साईज़ का फोटोग्राफ, सामान्य निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति और यदि आवेदक अनूसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है, तो जाति प्रमाण-पत्र के साथ शिविर में प्रतिभाग कर आयोजन का अधिकाधिक लाभ उठायें।

डीएम ने बताया कि गतिशीलता की दिव्यांगता से सम्बन्धित दिव्यांगजनों हेतु सहायक यंत्र जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सी.पी. चेयर, बैसाखी, छड़ी, स्मार्टकेन, एल्बो बैसाखी और वाकिंग फ़्रेम/रोलेटर्स, दृष्टिबाधित दिव्यांगता से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं के लिए शिक्षण उपकरण जैसे अंकगणितीय फ्रेम, एबॉकस, ज्यामितीय किट्स अथवा ब्रेल एजूकेशनल किट्स तथा डेजी प्लेयर, स्मार्ट फोन, टेबलेट, दृष्टिबाधित दिव्यांगजन के लिए सामान्य फोल्डिंग छडी, स्मार्ट छडी, श्रवणबाधित दिव्यांगजन हेतु विभिन्न प्रकार के श्रवण सहायक यंत्र, बी.टी.ई. (कान की मशीन) तथा शैक्षणिक किट, मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों एवं विद्यार्थियों हेतु एम.आर. किट, कुष्ठ रोग से मुक्त व्यक्तियों के दैनिक क्रियाकलापों को आसान बनाने हेतु ए.डी.एल. किट तथा बहुदिव्यांगता की दशा में अथवा जिन दिव्यांगजनों को एक से अधिक सहायक उपकरण की आवश्यकता होती है उनके लिए एक बार में अधिकतम रू. 15000/- तक के एक से अधिक उपकरण प्रदान किये जाने हेतु चिन्हांकन किया जायेगा।

# गोंडा लाइन में पुलिस परिवारों को मिली आधुनिक सुविधाओं की सौगात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जनसेवा के साथ पुलिस परिवारों के कल्या ण को प्राथमिकता देते हुए गोण्डा पुलिस ने रिजर्व पुलिस लाइन में अत्याधुनिक सुविधाओं का विका स किया है।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि जिले में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य,शिक्षा और मानसिक सुदृढ़ता को ध्यान में रखकर नई सुविधाएं तैयार की गई हैं।बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन वामा सारथी की अध्यक्षा मिनाक्षी सिंह की प्रेरणा से रिजर्व पुलिस लाइन में आधुनिक लाइब्रेरी, अत्याधुनिक जिम, आदर्श बैरक और आदर्श मेस का निर्माण कराया गया है।इसके अलावा वातानु कूलित क्रेच और शिशु गृह,पुलिस कैफ़े, बहुउद्दे शीय हॉल, चिल्ड्रेन पार्क और




ओपन जिम भी शुरू किए गए हैं।खेल प्रेमियों के लिए फ्लड लाइट युक्त क्रिकेट और फुटबॉल ग्राउंड भी विकसित किया गया है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सशक्त और स्वस्थ पुलिस बल ही सुरक्षित समाज की आधार शिला है। इन सुविधाओं से पुलिसकर्मियों, प्रशिक्ष णरत रिक्रूट आरक्षियों और उनके परिवारों को स्वस्थ, सुरक्षित और प्रेरणादायी माहौल मिलेगा। इससे उनकी कार्यक्षमता,मनोबल और सेवा भाव ना में और बढ़ोतरी होगी।पुलिस परिवारों का कल्याण उनकी प्राथमिकता बना रहेगा।

# ड्रग एसोसिएशन की बैठक में दवा व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन

❒ ड्रग इंस्पेक्टर ने दिया समाधान का भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर के अमोल बैंक्वेट हॉल में 09 मई 2026 को ड्रग एसोसिएशन पूरनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ड्रग इंस्पेक्टर नेहा वैश्य मौजूद रहीं कार्यक्रम में नगर के बड़ी संख्या में दवा व्यापारियों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर रखा बैठक के दौरान दवा व्यापारियों ने लाइसेंस,निरीक्षण, दवा बिक्री से संबंधित नियमों सहित अन्य व्यापारिक समस्याओं को ड्रग इंस्पेक्टर के समक्ष रखा इस पर नेहा वैश्य ने सभी व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि दवा व्यापारियों को नियमों के अनुरूप कार्य करना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के अवैध या गलत कारोबार से दूरी बनाए रखनी चाहिए ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि मेडिकल व्यवसाय एक जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है, जिसमें लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा विश्वास शामिल होता है इसलिए सभी व्यापारी दवा बिक्री के दौरान निर्धारित मानकों एवं सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करें उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यापारी को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह कार्यदिवसों में सीधे उनसे संपर्क कर सकता है बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश मिश्र ने की, जबकि संचालन नगर महामंत्री दीपक अग्रवाल ने किया कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई और अश्विनी शुक्ला को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने की घोषणा की गई, जिस पर उपस्थित व्यापारियों ने उनका स्वागत किया बैठक में आगामी 20 मई 2026 को आयोजित होने वाले प्रदेश बन्दी कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति भी तैयार की गई इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 मई को नगर की समस्त दवा दुकानें बंद रखी जाएंगी व्यापारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया सभा के अंत में ड्रग एसोसिएशन पूरनपुर की ओर से ड्रग इंस्पेक्टर नेहा वैश्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मौजूद दवा व्यापारियों एवं पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया बैठक में नगर अध्यक्ष महेश मिश्रा, महामंत्री दीपक अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष अश्वनी शुक्ला, अनूप गुप्ता, इमरान खान, अप्पू भाई, बाबा सिंह, राजकुमार बशिष्ठ, सचिन गुप्ता, शेखर गुप्ता, शिवपाल सिंह, नरोत्तम सिंह, सलमान, दीपक शुक्ला, रतन सिंह, उमाशंकर कोहली , एजाज खान व नगर के अनेक दवा व्यापारी, मेडिकल स्टोर संचालक एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे है।

## जमीन विवाद में विकलांग महिला से मारपीट व दी धमकी

पूरनपुर। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपूरपुर में जमीन विवाद को लेकर एक विकलांग महिला के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है पीड़िता आरती देवी पुत्री राम दयाल निवासी ग्राम कपूरपुर ने अपने सगे भाई जगदीश पुत्र राम दयाल एवं उसकी पत्नी फूलन देवी के खिलाफ कोतवाली पूरनपुर में शिकायत दर्ज कराई है पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पीड़िता आरती देवी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पिता की जमीन उसके नाम पर आई हुई है आरोप है कि उसका भाई जगदीश लगातार उस जमीन को अपने नाम करने का दबाव बना रहा है इसी बात को लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता है पीड़िता ने बताया कि वह विकलांग है और अलग मकान में निवास करती है, इसके बावजूद आरोपी पक्ष उसे लगातार प्रताड़ित करता है प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 10 मई 2026 को आरोपी जगदीश एवं उसकी पत्नी फूलन देवी ने पीड़िता और उसकी माता के साथ मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि घटना के दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया घटना के बाद पीड़िता एवं उसकी माता में भय का माहौल बना हुआ है।

# हमेशा सहारा रही मेरी माँ मातृत्व सबसे महान और सबसे कठिन अनुभव : शैली शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। मदर डे पर व्यापारी नेता शैली शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि आपकी प्यारी चाची। बड़ी बहन। पड़ोस में रहने वाली वो महिला जिसकी सलाह बेमिसाल होती है। हम सभी के जीवन में अलग-अलग माँ जैसी शख्सियतें होती हैं। और वैसे तो हमें हर पल उनका आभार व्यक्त करना चाहिए, लेकिन मातृ दिवस उन्हें यह दिखाने का मौका है कि हम उनसे कितना प्यार करते हैं। माँ, आप सिर्फ मेरी माँ ही नहीं, बल्कि मेरी सबसे अच्छी दोस्त भी हैं।

हमने साथ में जो भी पल बिताए हैं, मैं उन सभी को संजो कर रखना चाहता हूँ और आगे भी ऐसे कई पल बनाने की उम्मीद करता हूँ, आपके मेरे जीवन में होने से मुझे ऐसा महसूस होता है जैसे मैं दुनिया के सबसे भाग्यशाली लोगों में से एक हूं। भले ही शब्दों में यह व्यक्त करना संभव न हो कि मैं आपके लिए कितना मायने रखता हूँ, लेकिन मैं हमेशा आपके साथ रहूंगा। माँ वह है जो सबकी जगह ले सकती है, लेकिन जिसकी जगह कोई और नहीं ले सकता। आपकी हर कहानी के पीछे आपकी माँ की कहानी छिपी है, क्योंकि आपकी कहानी की शुरुआत उनकी कहानी से ही होती है। माँ वह है जो सबकी जगह ले सकती है, लेकिन जिसकी जगह कोई और नहीं ले सकता। माँ का प्यार एक दिशासूचक यंत्र की तरह होता है जो जीवन की यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करता है। मां वो एहसास है जो बिना कुछ कहे ही हमारी हर तकलीफ समझ जाती है। मां की गोद दुनिया की सबसे महफूज और सुकून भरी जगह होती है। मां की मुस्कान ही हमारी असली खुशी होती है। जब पूरी दुनिया साथ छोड़ दे, मां तब भी हमारे साथ मजबूती से खड़ी रहती है। दुनिया के लिए आप शायद एक ही इंसान हों, लेकिन मेरे लिए आप पूरी दुनिया हैं मेरी माँ। माँ, आपका दिन आपकी मुस्कान की तरह ही उज्ज्वल और सुंदर हो। आप दुनिया के सारे प्यार और खुशियों की हकदार हैं। माँ, आप सिर्फ मेरी माँ ही नहीं, बल्कि मेरी सबसे अच्छी दोस्त भी हैं। हमने साथ में जो भी पल बिताए हैं, मैं उन सभी को संजो कर रखना चाहती हूँ और आगे भी ऐसे कई पल बनाने की उम्मीद करता हूँ।आपकी कृपा, शक्ति और प्रेम हमें हर दिन प्रेरित करते हैं। हमारे परिवार की रानी को, मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## जमीन विवाद में भाई ने मां और भाई की गोली मारकर की हत्या

बांद । उत्तर प्रदेश में जनपद के बबेरू कोतवाली क्षेत्र में रविवार दोपहर एक युवक ने जमीन के विवाद में अपनी मां और भाई का की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। पत्नी को घायल कर दिया।वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगी हैं।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि तहसील परिसर के पीछे रहने वाले राजकिशोर उर्फ गोविंद ने अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग कर अपनी 60 वर्षीय मां शांती देवी और 40 वर्षीय छोटे भाई देवीदीन की हत्या कर दी।

# आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर में हाउस वाइज कैरम एवं चेस

❒ जूनियर वर्ग की चेस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रगति अग्निहोत्री तथा बॉयज वर्ग में आदित्य वर्धन विजेता रह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 9 मई 2026 को जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य हाउस वाइज कैरम एवं चेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता, खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना रहा विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया

जूनियर वर्ग की चेस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रगति अग्निहोत्री तथा बॉयज वर्ग में आदित्य वर्धन विजेता रहे वहीं जूनियर कैरम प्रतियोगिता में नंदिनी एवं शुभ वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सीनियर वर्ग की चेस प्रतियोगिता में पंखुड़ी एवं आरुष प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सीनियर कैरम प्रतियोगिता में पारुल यादव एवं अभिषेक चौहान विजेता बने प्रतियोगिता में मुख्य चयनकर्ता के रूप में निर्दोष कुमार एवं निर्णायक के रूप में विक्रमाकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय तथा उप-प्रधानाचार्य मोहित अवस्थी उपस्थित रहे उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक विकास, एकाग्रता एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी विद्यार्थियों को अनुशासन एवं खेल भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं आचार्या बहनें उपस्थित रहीं हैं।

# साइकिल लेकर खेलते हुए तालाब के गहरे पानी में गया किशोर, मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार, सुल्तानपुर। साइकिल लेकर चलाते हुए तालाब के गहरे पानी में पहुंच जाने पर डूबकर किशोर की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्चरी भेज दिया। मामला बंधुआ कला थाना क्षेत्र के पूरे दशवत बबुरी गांव से जुड़ा है।जहां शनिवार को ननिहाल में साइकिल चलाते हुए विनय कुमार (17) पुत्र भूपेंद्र सिंह निवासी सराय गोपी थाना सुबेहा बाराबंकी तालाब के पास गया था।तालाब समतल होने की वजह से साइकिल पानी के बीच दौड़ाने लगा।इतने में तालाब के गहरे गड्ढे में चला गया। परिजन खोजबीन करते रहे लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को शव उतराता दिखा तो परिजनो ने पुलिस को सूचना दी।घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपनी मां ममता सिंह के साथ मामा आशीष सिंह के यहां शादी समारोह में शामिल होने आया था।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रमोद पटेल ने बताया कि खेलते हुए गहरे पानी में जाने से किशोर की मौत की बात सामने आ रही है। घटनास्थल से साइकिल बरामद हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

# अमरिया कला और मुजफ्फरनगर में नायब तहसीलदार ने किया स्वयं जनगणना ऐप का प्रचार-प्रसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। शासन के निर्देशानुसार जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्वयं जनगणना अभियान के तहत नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने अमरिया कला एवं मुजफ्फरनगर गांव पहुंचकर ग्रामीणों को स्वयं जनगणना ऐप और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों को बताया कि अब जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से आसान बनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत लोग मोबाइल ऐप के जरिए स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि स्वयं जनगणना ऐप के माध्यम से परिवार की जानकारी, सदस्यों का विवरण और अन्य आवश्यक सूचनाएं सुरक्षित एवं सरल तरीके से दर्ज की जा सकती हैं इससे जनगणना कार्य में पारदर्शिता बढ़ेगी और समय की भी बचत होगी उन्होंने ग्रामीणों को मोबाइल में ऐप डाउनलोड करने, पंजीकरण करने और उसमें जानकारी भरने की पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन कर समझाया साथ ही यह भी बताया कि सही जानकारी देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, क्योंकि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही सरकार विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करती है अभिषेक त्रिपाठी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जागरूक बनें और स्वयं जनगणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी ऐप के उपयोग के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटल जनगणना प्रक्रिया से जुड़ सकें कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने स्वयं जनगणना ऐप से संबंधित कई प्रश्न पूछे, जिनका नायब तहसीलदार द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे जनगणना प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सरल और सुविधाजनक होगी इस अवसर पर ग्राम प्रधान, लेखपाल, पंचायत कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे है।

## जिसे सर्वस्व गंवाकर प्यार पाना अच्छा लगता है

देवरिया। नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा रविवार को आयोजित कवि गोष्ठी में कवियों और गीतकारों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मातृदिवस की भावनाओं से ओतप्रोत कविताओं, गीतों और ग़ज़लों की सरस प्रस्तुति ने माहौल को भावुक और साहित्यिक रंगों से भर दिया।सभा के पूर्व मंत्री इन्द्र कुमार दीक्षित ने मां की महत्ता पर आधारित कविता ‌ह्लजिसे सर्वस्व गंवाकर प्यार पाना अच्छा लगता है...‌ङ्क सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। इसके बाद छेदी प्रसाद गुप्त विवश ने भोजपुरी गीत प्रस्तुत कर श्रृंगार रस का वातावरण बनाया। रीना तिवारी ने मां को समर्पित भावपूर्ण पंक्तियों से श्रोताओं को भावुक कर दिया।कवयित्री कीर्ति त्रिपाठी ने ‌ह्लमां तेरा होना ही हमारे लिए वरदान है।

# अमेठी के एक सौ बानबे स्कूलों ने नवीन शैक्षिक सत्र में पांच से कम किया नामांकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बीएसए ने उक्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर दो दिवस में जबाब मांगा

अमेठी। नवीन शैक्षिक सत्र में परिषदीय विद्यालयों में नामांकन संख्या बढ़ाने के लिये शासन प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।जनपद के तेरह विकास क्षेत्रों के एक सौ बानबे विद्यालयों में पांच से कम बच्चों का नामांकन किये जाने का मामला सामने आया है। नामांकन संख्या में धीमी प्रगति पर बीएसए ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुये इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक नामांकन कराते हुये प्रेरणा पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश जारी किया है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि आठ मई को प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से विद्यालयवार वर्तमान सत्र में अद्यतन नामांकित छात्र संख्या की समीक्षा की गयी।पोर्टल से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद के एक सौ बानबे विद्यालयों में नवीन शैक्षिक सत्र में नामांकित बच्चों का नामांकन पांच से कम है जो कि किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि विकास क्षेत्र अमेठी के तेइस,बहादुरपुर के छह,भेंटुआ के ग्यारह, भादर के तीन, गौरीगंज के सत्तावन, जगदीशपुर के दस,जामो के बीस, मुसाफिरखाना के चौदह, संग्रामपुर के सात, शाहगढ़ के बारह, शुकुल बाजार के दो, सिंहपुर के आठ और तिलोई के उन्नीस विद्यालयों द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र में पांच से कम बच्चों का नामांकन किया गया है। बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि पांच से कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि दो दिवस में लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक नामांकन कराते हुये प्रेरणा पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रचलन में लायी जायेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किये गये इस पत्र के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है।

# 20 घंटे बाद भी नहीं सुलझी हत्या की गुत्थी

❒ शनिवार रात घर में गला काटकर की गई थी वृद्ध महिला की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुड़वार/सुल्तानपुर। शनिवार की रात घर के अंदर खून से लथपथ मिली वृद्ध महिला के शव मामले में 20 घंटे बाद भी पुलिस किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। जिले के आलाधिकारियों के निरीक्षण सहित डग स्क्वायड व फरेंसिक टीम सहित अन्य पुलिस टीमें खुलासे में लगी हुई है।

मामला बंधुआ कला थाना क्षेत्र के लंगड़ी गांव से जुड़ा है। जहां गांव निवासी विमलेश सिंह(65) पत्नी चंद्र शेखर सिंह का शव शनिवार रात को घर के अंदर मिला था। देर शाम हुई हत्या की खबर लगते ही स्थानीय पुलिस टीम सहित फोरेंसिक टीम, डग स्क्वायड मौके पर पहुंचे।फोरेंसिक टीम ने मौके से सैंपल एकत्रित किए।साथ ही डग स्क्वायड गांव में एक घर तक गया। घटना की जानकारी होते ही एसपी चारु निगम भी मौके पर पहुंची।उन्होंने 06 टीमों का गठन करते हुए जल्द खुलासे का निर्देश दिया।शनिवार रात में ही पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।वृद्ध महिला के पति जो इलाज के लिए पंजाब में रहने वाले बेटों दिनेश सिंह व संतोष सिंह के पास गए थे।घटना की जानकारी होने के बाद बेटों,बहुओं सहित रविवार को घर पहुंचे।साथ मृतका का नाती सूरज सिंह जो मर्चेंट नेवी में नौकरी करता है। वही शनिवार रात को लगातार फोन कर रहा था जब फोन नहीं उठा तो ग्रामीणों को सूचना देने के बाद घटना की जानकारी हुई। रविवार सुबह ही घर पहुंच गया। परिजनो के अनुसार उनकी गांव में किसी से कोई दुश्मनी नहीं है।अचानक हुए हत्याकांड से पूरा परिवार आवाक है। रविवार को भी सीओ सिटी सौरभ सामंत व एसओ प्रमोद कुमार, एसओजी, डग स्क्वायड की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जिस जगह तक रात में डग स्क्वायड गया था उसी जगह तक दिन में भी गया। पुलिस घटना के खुलासे को लेकर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। ब्लाइंड मर्डर खुलासे के लिए एसओजी प्रभारी शिवानंद यादव भी अपनी टीम के साथ गांव की गालियां छान रहे है। सीओ सिटी सौरभ सामंत ने बताया कि परिजनो द्वारा किसी पर भी आशंका व्यक्त नहीं की गई है। मृतका कुछ लोगों को रुपए भी ब्याज पर देती थी।घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर गहन छानबीन की जा रही है जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## शाहगढ़ स्टेशन से गांव तक सड़क निर्माण पर उठे सवाल, युवक ने वीडियो वायरल कर खोली पोल

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शाहगढ़ स्टेशन से गांव को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण कार्य पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किए गए वीडियो में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं वीडियो में युवक सड़क की परत को हाथों से उखाड़ते हुए निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाता दिखाई दे रहा है युवक का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिससे सड़क बनने के कुछ ही समय बाद टूटने लगी वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और ग्रामीणों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में पारदर्शिता नहीं बरती गई और जिम्मेदार विभाग को मौके पर पहुंचकर जांच करनी चाहिए ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है हाल के महीनों में प्रदेश के कई जिलों में सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन को जांच करनी पड़ी है।

## पिपरिया दुलाई में सड़क निर्माण की बड़ी सौगात

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विधायक बाबूराम पासवान की पहल पर ग्राम पिपरिया दुलाई में होली चौराहे से मुजफ्फरनगर रोड तक बनने वाली 6 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण परियोजना का विधि-विधान के साथ नारियल तोड़कर एवं पूजन कर भव्य शुभारंभ किया गया लगभग ?3 करोड़ 43 लाख की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस सड़क की मांग की जा रही थी, जिसे विधायक बाबूराम पासवान ने गंभीरता से लेते हुए स्वीकृति दिलाई सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से अब गांव के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी बेहतर सड़क बनने से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के हर गांव तक विकास पहुंचाना है उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं विधायक ने कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास से क्षेत्र में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है कार्यक्रम के दौरान मण्डल उपाध्यक्ष सुनील दीक्षित, विश्मवर दयाल मिश्रा, महेंद्र सिंह, सदन सिंह, सविन सिंह, शुभनीत मिश्रा, ग्राम प्रधान राजा राम वर्मा, मुन्ना दीक्षित, भुवनेश शुक्ला, सुरेश पाण्डेय एवं रामलखन पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए विधायक बाबूराम पासवान का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी

## भाजपा नेता ने किया क्षेत्र भ्रमण

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा नेता ऋतुराज पासवान ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के बीच पहुंचकर आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी और अन्य जनसमस्याओं से संबंधित मुद्दे विधायक पुत्र के सामने रखे ऋतुराज पासवान ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा और विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी उन्होंने कहा विधायक के कुशल मार्गदर्शन में उनका संकल्प है कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे साथ ही पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुए, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया ऋतुराज पासवान ने कहा कि जनता का स्नेह और आशीर्वाद ही उन्हें लगातार जनसेवा के लिए प्रेरित करता है उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर उनका समाधान कराने का प्रयास जारी रहेगा।

## दंगाइयों से निपटने के गुर सीखती नजर आई पीलीभीत पुलिस

**पीलीभीत , कैनविज टाइम्स संवाददाता।**।पीलीभीत में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में विशेष बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया इस दौरान जिले के विभिन्न थानों से पहुंचे पुलिस जवानों ने दंगा नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन से जुड़े आधुनिक तरीकों का अभ्यास किया ड्रिल के दौरान पुलिस लाइन का मैदान पूरी तरह प्रशिक्षण क्षेत्र में तब्दील दिखाई दिया पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी गई और उनका व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया प्रशिक्षण का नेतृत्व विधि भूषण मौर्य ने किया उन्होंने जवानों को उग्र भीड़ को नियंत्रित करने, दंगाइयों पर काबू पाने और विषम परिस्थितियों में संयमित कार्रवाई करने के तरीके बताए अभ्यास के दौरान पुलिस जवानों को आंसू गैस और रबर बुलेट के सही इस्तेमाल की तकनीक सिखाई गई उन्हें बताया गया कि आंसू गैस छोड़ते समय हवा की दिशा और दूरी का सही अनुमान कितना महत्वपूर्ण होता है साथ ही रबर बुलेट गन के सुरक्षित और सटीक उपयोग का भी प्रशिक्षण दिया गया इसके अलावा दंगा शील्ड और लाठी के समन्वित प्रयोग का अभ्यास कराया गया, ताकि पथराव या हमले की स्थिति में पुलिसकर्मी खुद को सुरक्षित रखते हुए आगे बढ़ सकें प्रशिक्षण में उग्र भीड़ को कम से कम बल प्रयोग के साथ नियंत्रित करने और भीड़ में फंसे निर्दोष लोगों को सुरक्षित निकालने की रणनीतियों पर भी विशेष ध्यान दिया गया क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य ने कहा कि पुलिस का प्राथमिक उद्देश्य जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखना है उन्होंने स्पष्ट किया कि बल प्रयोग हमेशा संयमित और संतुलित होना चाहिए साथ ही सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भी नियमित रूप से ऐसे अभ्यास कराते रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस का प्रतिक्रिया समय न्यूनतम रहे इस बलवा ड्रिल का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के भीतर आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाना था, जिससे किसी भी संभावित उपद्रव को समय रहते शांतिपूर्ण तरीके से नियंत्रित किया जा सके ड्रिल में शामिल जवान हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर और अन्य सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर अभ्यास करते नजर आए।

## गोमती मित्रों ने संकल्प दोहराया, स्वच्छ हों नदियां मिले पेड़ों की छाया

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हर रविवार गोमती मित्र मंडल द्वारा होने वाला साप्ताहिक स्वच्छता जागरुकता श्रमदान 10 मई को भी सीता कुंड धाम पर प्रात 6.00 बजे से शुरूकिया गया जो 3 घंटे तक अनवरत चलता रहा। 3 घंटे के श्रमदान में गोमती मित्रों ने पूरे तट परिसर, श्राद्ध स्थल व सीता उपवन की साफ सफाई तो की ही साथ ही नदी के अंदर से भी टूटे-फूटे कलश, मूर्तियां, कपड़े, कांच के फ्रेम आदि निकालने का सिलसिला जारी रखा, यह सिलसिला पिछले तीन सप्ताह से लगातार जारी है और जिसका विशेष मकसद है नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को चोट लगने से बचाना जबकि इस प्रयास में खुद गोमती मित्र भी लगातार चोटिल हो रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने एक बार फिर नगर वासियों से गोमती मित्रों का सहयोग करने की अपील की।

## बारह मीट्रिक टन चोरी की सरिया के साथ डीसीएम चालक और मालिक गिरफ्तार

**अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना इन्हौना पुलिस ने बिहार से उन्नाव जा रही बारह मीट्रिक टन सरिया चोरी के मामले में डीसीएम चालक और मालिक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरी की गई बारह मीट्रिक टन सरिया भी बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सरिया चोरी के मामले में वांछित डीसीएम चालक धीरज सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी बेरसरी थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली उम्र पच्चीस वर्ष एवं डीसीएम मालिक सुरेन्द्र कुमार पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम बेनीपुर मजरे ठोकरपुर थाना शिवरतनगंज उम्र चालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा डीसीएम यूपी 36 एटी 2819 पर लदी चोरी/गबन की 12.13 मीट्रिक टन सरिया बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में डीसीएम चालक धीरज सिंह ने बताया कि बीती पांच मई को दीना आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड अब्दुल रहमानपुर रोड दिदारगंज पटना बिहार से 12.13 मीट्रिक टन सरिया इसी वाहन पर उन्नाव डिलीवरी हेतु लोड कराया गया था। वाहन मालिक सुरेन्द्र कुमार से बातचीत करने पर मालिक उक्त सरिया को उन्नाव न पहुंचाकर चोरी/गबन के इरादे से बेचने के लिये पूरे नायाब थाना महराजगजं जनपद रायबरेली लाने को बताया गया था।वाहन मालिक सुरेन्द्र कुमार से पूंछतांछ पर बताया हम लोग सरिया बेचने के लिये दिलीप यादव पुत्र स्व0रामचन्द्र पूरे नायाब थाना महराजगंज जनपद रायबरेली के मकान के पास उससे यह कहकर सरिया उतार रहे थे कि मेरे पास रखने की जगह नहीं है हम इसको बाद मे उठा ले जायेंगे उसको यह नहीं बताया यह सरिया चोरी की है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धाराओं की बढ़ोत्तरी कर डीसीएम चालक और मालिक को जेल भेज दिया गया है।

## सम्पादकीय

# नृत्य में पिरोई देव पूजा और प्रकृति प्रेम की लयात्मक कथा

भारत के उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर की सांस्कृतिक पहचान जितनी प्राचीन है, उतनी ही जीवंत भी है। इसका सबसे सुंदर प्रतीक है यहां का लाई हाराओबा उत्सव। इसका मतलब है देवताओं की प्रसन्नता यानी 'देव उत्सव'। जो न केवल मणिपुर की सभ्यता, लोक आस्था और जीवनदर्शन का जीवंत मंच है बल्कि इस उत्सव के जरिये मानव जीवन की नश्वर यात्रा और प्रकृति के साथ उसके आत्मीय संबंधों को भी भव्य ढंग से अभिव्यक्ति मिलती है। मुख्यतः मैतेई समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला यह उत्सव लगभग एक महीने तक चलता है, जो आगामी 12 मई को संपन्न होगा। इस उत्सव में देवताओं की पूजा की जाती है, सृष्टि की उत्पत्ति का जश्न मनाया जाता है और मानव जीवन की यात्रा तथा प्रकृति के साथ उसके संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिशें की जाती हैं। यह उत्सव उमंग और उत्साह की सामूहिक अभिव्यक्ति होता है। मणिपुर का समाज धार्मिक और उत्सवप्रिय है। अपनी परंपराओं पर मणिपुर के लोगों को गर्व भी है। इसलिए प्राचीनकाल से ही मैतेई समुदाय द्वारा मनाये जाने वाले इस उत्सव पर आज तक बाजार या किसी दूसरे कारकों का जरा भी असर नहीं पड़ा, जिससे कि इस उत्सव में कभी कोई कमी दिखी हो। मैतेई समुदाय के लोग अपने पुरखों द्वारा मनाये जाने वाले देवताओं की पूजा के इस उत्सव को आज भी उतने ही उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं। लाई हाराओबा उत्सव में 'मैबी' यानी महिला पुजारिनें और 'मैबा' यानी पुरुष पुजारी, दोनों ही मुख्य पात्र होते हैं। उत्सव के दौरान महिला पुजारिनों द्वारा किया जाने वाला भव्य लोकनृत्य मनोरंजनभर ही नहीं होता बल्कि इस नृत्य में सृष्टि के क्रमिक विकास की एक लयात्मक कथा प्रस्तुत की जाती है। ये कथा दर्शाते नृत्य अलग-अलग विषयों में अलग-अलग भाव-भंगिमाओं वाले होते हैं जिनके विषय मुख्यतः पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव का जन्म, कृषि की शुरुआत, प्रेम और सामाजिक संबंधों को बड़े विस्तार और मनभावन ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। ये नृत्य एक तरह से पृथ्वी में जीवन उत्पन्न होने की क्रमिक ढंग से कहानी कहते हैं। कुल मिलाकर लाई हाराओबा उत्सव एक तरह से मानव जीवन का लोक इतिहास है, जिसे सदियों से मैतेई समाज अपनी आने वाली पीढ़ियों को विरासत के रूप में सौंपता रहा है। इसलिए कहते हैं मणिपुर की संस्कृति को समझना हो तो यहां के लाई हाराओबा उत्सव में शामिल होना चाहिए या उसे प्रत्यक्ष देखना चाहिए। इस उत्सव में स्थानीय मिथकों, लोककथाओं और धार्मिक मान्यताओं का सुंदर और सकारात्मक समावेश है। इस उत्सव से इस समुदाय की धार्मिक आस्था व समाज के नैतिक मूल्यों की भी झलक मिलती है। यह उत्सव विशेषतः पंथोइबी और निंगथौ जैसे देवी-देवताओं की सरस कथाओं को नृत्य और गीत के साथ जीवंत ढंग से पेश करने का तरीका है। जैसे कि उत्तर-पूर्व के ज्यादातर उत्सव व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक होते हैं, उसी तरह यह भी सामुदायिक उत्सव है। पूरा समुदाय मिलकर इस खुशी का आयोजन करता है, इसमें हिस्सेदारी करता है और उसका आनंद उठाता है। लाई हाराओबा उत्सव कोई एक व्यक्ति नहीं मनाता बल्कि पूरा गांव, पूरा समुदाय मिलकर इस उत्सव को मनाता है। लेकिन इस उत्सव में हरेक व्यक्ति की अपनी एक विशिष्ट भूमिका होती है। चाहे उसे अनुष्ठान में भाग लेना हो, नृत्य करना हो, विशेष वाद्य बजाना हो, खाना बनाना हो या उसमें सहयोग करना हो। कुछ लोगों की जिम्मेदारी सिर्फ सफाई करना और आयोजन स्थल की सुरक्षा करना भी होता है। इस उत्सव को मणिपुर की आत्मा का उत्सव कहा जाता है, जिसमें वाद्ययंत्रों का भी विशेष महत्व है। खासकर मणिपुरी ड्रम का, जिसे यहां की स्थानीय भाषा में 'पुंग' कहते हैं और ऐसा ही एक दूसरा वाद्य जो बहुत मशहूर है, उसे 'पेना' कहा जाता है। यह एक पारंपरिक तंतुवाद्य होता है, जिससे सुरीली धुनें विकसित की जाती है।

# महिला आरक्षण पर राजनीतिक दलों का दोहरा चरित्र

सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव की रही। भारतीय जनता पार्टी ने 294 सीटों में से केवल लगभग 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 291 सीटों पर करीब 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। यह संख्या कुल टिकटों का लगभग दस प्रतिशत ही बैठती है। तमिलनाडु में भी स्थिति बहुत अलग नहीं रही। सत्ता परिवर्तन के दावे करने वाले दलों ने महिलाओं को सीमित अवसर दिए। असम और केरल जैसे राज्यों में भी राजनीतिक दलों ने महिलाओं को प्रतीकात्मक उपस्थिति से आगे नहीं बढ़ने दिया। परिणाम यह हुआ कि कुल निर्वाचित प्रतिनिधियों में महिलाओं की संख्या अत्यंत कम रही। यह स्थिति तब है, जब देश की लगभग आधी आबादी महिलाएं हैं। दरअसल भारतीय राजनीति लंबे समय से पुरुष प्रधान मानसिकता से संचालित होती रही है। राजनीतिक दल महिलाओं को अक्सर सुरक्षित या कमजोर उम्मीदवार मानते हैं। उन्हें यह भय रहता है कि महिला प्रत्याशी चुनावी संघर्ष, धनबल, बाहुबल और जातीय समीकरणों के बीच प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी। यही कारण है कि अधिकांश दल महिलाओं को उन्हीं सीटों पर टिकट देते हैं जहां उनकी जीत की संभावना कम होती है या जहां केवल प्रतीकात्मक उपस्थिति दर्ज करानी होती है। विडंबना यह भी है कि जो राजनीतिक दल संसद में महिला आरक्षण के पक्ष में जोरदार भाषण देते हैं, वे अपने संगठनात्मक ढांचे में भी महिलाओं को निर्णायक स्थान देने से बचते हैं। अधिकांश राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व पर पुरुषों का वर्चस्व है। महिलाओं को प्रायः महिला मोर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम या सामाजिक अभियानों तक सीमित कर दिया जाता है। निर्णय लेने वाली समितियों और रणनीतिक पदों पर उनकी भागीदारी बेहद कम दिखाई देती है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष सत्र बुलाकर राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया था।

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक यह है कि जिस देश में महिलाओं को शक्ति, मातृशक्ति और आधी दुनिया कहकर सम्मानित किया जाता है, वहीं राजनीति में उन्हें समान भागीदारी देने के प्रश्न पर लगभग सभी राजनीतिक दलों की नीयत संदिग्ध दिखाई देती है। संसद से लेकर चुनावी मंचों तक महिला आरक्षण के समर्थन में बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जब उम्मीदवारों को टिकट देने का समय आता है, तब अधिकांश दल महिलाओं को हाशिये पर धकेल देते हैं। हालिया विधानसभा चुनावों ने इस विरोधाभास को एक बार फिर उजागर कर दिया है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी के विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों द्वारा महिलाओं को दिए गए टिकटों का आंकड़ा यह बताने के लिए पर्याप्त है कि महिला प्रतिनिधित्व को लेकर दलों की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर संसद में जोरदार राजनीतिक संघर्ष देखने को मिला, लेकिन उन्हीं दलों ने चुनावी मैदान में महिलाओं को पर्याप्त अवसर देने में उत्साह नहीं दिखाया। यह केवल राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता का भी प्रश्न है। सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल चुनाव की रही। भारतीय जनता पार्टी ने 294 सीटों में से केवल लगभग 33 महिलाओं को टिकट दिए, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 291 सीटों पर करीब 52 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। यह संख्या कुल टिकटों का लगभग दस प्रतिशत ही बैठती है। तमिलनाडु में भी स्थिति बहुत अलग नहीं रही। सत्ता परिवर्तन के दावे करने वाले दलों ने महिलाओं को सीमित अवसर दिए। असम और केरल जैसे राज्यों में भी राजनीतिक दलों ने महिलाओं को प्रतीकात्मक उपस्थिति से आगे नहीं बढ़ने दिया। परिणाम यह हुआ कि कुल निर्वाचित प्रतिनिधियों में महिलाओं की संख्या अत्यंत कम रही। यह स्थिति तब है, जब देश की लगभग आधी आबादी महिलाएं हैं। दरअसल भारतीय राजनीति लंबे समय से पुरुष प्रधान मानसिकता से संचालित होती रही है। राजनीतिक दल महिलाओं को अक्सर सुरक्षित या कमजोर उम्मीदवार मानते हैं। उन्हें यह भय रहता है कि महिला प्रत्याशी चुनावी संघर्ष, धनबल, बाहुबल और जातीय समीकरणों के बीच प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाएंगी। यही कारण है कि अधिकांश दल महिलाओं को उन्हीं सीटों पर टिकट देते हैं जहां उनकी जीत की संभावना कम होती है या जहां केवल प्रतीकात्मक उपस्थिति दर्ज करानी होती है। विडंबना यह भी है कि जो राजनीतिक दल संसद में महिला आरक्षण के पक्ष में जोरदार भाषण देते हैं, वे अपने संगठनात्मक ढांचे में भी महिलाओं को निर्णायक स्थान देने से बचते हैं। अधिकांश राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व पर पुरुषों का वर्चस्व है। महिलाओं को प्रायः महिला मोर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम या सामाजिक अभियानों तक सीमित कर दिया जाता है। निर्णय लेने वाली समितियों और रणनीतिक पदों पर उनकी भागीदारी बेहद कम दिखाई देती है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विशेष सत्र बुलाकर राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया था। विपक्ष पर महिलाओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया गया। लेकिन सवाल यह है कि यदि वास्तव में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण को लेकर गंभीर इच्छाशक्ति होती, तो बिना किसी संवैधानिक बाध्यता के भी दल अपने स्तर पर अधिक महिलाओं को टिकट दे सकते थे। आखिर किसने रोका था कि भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक या अन्य दल कम से कम 33 प्रतिशत महिलाओं को उम्मीदवार बनाते? स्पष्ट है कि महिला आरक्षण का मुद्दा कई बार वास्तविक सामाजिक प्रतिबद्धता से अधिक राजनीतिक लाभ का माध्यम बन जाता है। हालांकि यह भी स्वीकार करना होगा कि राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील और मानवीय बना सकती है। विश्व के अनेक देशों के अनुभव बताते हैं कि जहां महिलाओं की राजनीतिक उपस्थिति बढ़ी है, वहां शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल संरक्षण, बाल सुरक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों को अधिक प्राथमिकता मिली है। भारत में पंचायत स्तर पर महिला आरक्षण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अनेक महिला सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने गांवों में शिक्षा, स्वच्छता और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे लोकतंत्र अधिक समावेशी बनता है। महिलाओं की उपस्थिति केवल संख्या का प्रश्न नहीं, बल्कि दृष्टिकोण का भी प्रश्न है। महिलाएं समाज के उन अनुभवों और समस्याओं को सामने लाती हैं, जिन्हें पुरुष प्रधान राजनीति अक्सर नजरअंदाज कर देती है। घरेलू हिंसा, मातृत्व स्वास्थ्य, कार्यस्थल सुरक्षा, बालिका शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों को मजबूती तभी मिलती है, जब निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी हो। लेकिन दूसरी ओर कुछ चुनौतियां भी हैं, जिनकी चर्चा आवश्यक है। कई बार राजनीतिक दल केवल औपचारिकता निभाने के लिए महिलाओं को टिकट देते हैं। ऐसे मामलों में वास्तविक सत्ता उनके परिवार के पुरुष सदस्यों के हाथ में रहती है। पंचायतों में सरपंच पति जैसी प्रवृत्तियां इसका उदाहरण हैं। राजनीति में वंशवाद और परिवारवाद के कारण भी कई योग्य महिलाएं अवसर से वंचित रह जाती हैं, जबकि राजनीतिक परिवारों से जुड़ी महिलाओं को अपेक्षाकृत आसान प्रवेश मिल जाता है। इसलिए केवल आरक्षण पर्याप्त नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र नेतृत्व क्षमता का विकास भी आवश्यक है। एक अन्य चुनौती चुनावी राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण और अत्यधिक खर्च है। भारतीय राजनीति में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा और संघर्षपूर्ण हो गया है। धनबल और बाहुबल की संस्कृति महिलाओं की भागीदारी को सीमित करती है। सामाजिक रूढ़ियां भी बड़ी बाधा हैं। आज भी अनेक परिवार राजनीति को महिलाओं के लिए उपयुक्त क्षेत्र नहीं मानते। देर रात की राजनीतिक गतिविधियां, सार्वजनिक आलोचना और चरित्र हनन की आशंकाएं भी महिलाओं को राजनीति से दूर करती हैं। सवाल यह भी है कि क्या केवल आरक्षण से समस्या हल हो जाएगी? संभवतः नहीं। आरक्षण एक आवश्यक शुरुआत हो सकता है, लेकिन इसके साथ सामाजिक सोच में परिवर्तन भी जरूरी है। राजनीतिक दलों को अपने संगठनात्मक ढांचे में महिलाओं को निर्णायक भूमिका देनी होगी। उन्हें केवल चुनावी पोस्टर या प्रचार अभियान तक सीमित रखने की प्रवृत्ति बदलनी होगी। राजनीतिक प्रशिक्षण शिविर, आर्थिक सहयोग और सुरक्षित राजनीतिक वातावरण तैयार करना भी आवश्यक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि महिला प्रतिनिधित्व को दया, उपकार या राजनीतिक मजबूरी के रूप में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में देखा जाए। जब तक राजनीतिक दल स्वेच्छा से महिलाओं को पर्याप्त अवसर नहीं देंगे, तब तक लोकतंत्र का संतुलन अधूरा रहेगा। यह भी सच है कि महिलाओं को भी अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग और संगठित होना होगा। राजनीतिक चेतना और नेतृत्व क्षमता के विकास के बिना केवल संवैधानिक प्रावधान अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाएंगे। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना केवल महिलाओं का प्रश्न नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता का प्रश्न है। यदि आधी आबादी निर्णय प्रक्रिया से बाहर रहेगी, तो लोकतंत्र भी आधा-अधूरा ही रहेगा। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि महिला सशक्तीकरण केवल भाषणों और घोषणाओं से नहीं आएगा, बल्कि वास्तविक प्रतिनिधित्व और समान अवसरों से आएगा। कथनी और करनी के इस अंतर को समाप्त किए बिना महिला आरक्षण का सपना अधूरा ही रहेगा। निश्चय ही हालिया विधानसभा चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक दलों की महिला हितैषी राजनीति अभी भी बड़े पैमाने पर प्रतीकात्मक है। जब तक महिलाओं को टिकट वितरण, संगठनात्मक नेतृत्व और नीति निर्माण में न्यायसंगत भागीदारी नहीं मिलेगी, तब तक आधी दुनिया लोकतंत्र के हाशिये पर ही खड़ी दिखाई देगी। **–ललित गर्ग**

# बंगाल में सत्ता परिवर्तन से आगे बढ़कर सामाजिक पुनर्ज़ागरण की दस्तक

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की पहली सरकार का गठन निश्चित ही राज्य की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक दिशा बदलने वाले निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में बनी नई सरकार ने अपने गठन के साथ ही स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अब बंगाल की राजनीति किसी एक विचार, एक वर्ग या एक राजनीतिक परिवार तक सीमित न रहकर सर्वसमावेशी रहेगी। नई सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें समाज के लगभग प्रत्येक वर्ग को स्थान देकर व्यापक सामाजिक संतुलन स्थापित किया गया है। लंबे समय तक वामपंथी शासन और उसके बाद तृणमूल शासन के दौरान जिस प्रकार राजनीतिक हिंसा, वैचारिक असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पक्षपात की घटनाएं एवं आरोप सामने आए, उसके बाद भाजपा की यह सरकार स्वयं को लोककल्याणकारी, सहभागितापूर्ण और भयमुक्त शासन के रूप में प्रस्तुत करने के लिए पहले ही दिन से संकल्पित दिखी है। नई मंत्रिपरिषद की संरचना यह स्पष्ट करती है कि भाजपा ने बंगाल में व्यापक सामाजिक आधार तैयार करने की गंभीर कोशिश की है। बंगाल की जनता भी इस परिवर्तन को एक दल परिवर्तन के रूप में नहीं देख रही, उसके लिए इस व्यवस्था परिवर्तन के विशेष मायने हैं, जिसमें वह अपने लिए एक सुनहरा भविष्य देखती है। जिन लोगों ने आज मंत्री पद की शपथ ली, उनमें हर वर्ग का प्रतिनिधित्व समाहित है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, अग्निमित्रा पॉल जहां सामान्य वर्ग से हैं, वहीं खुदीराम टुडू के माध्यम से भारत के जनजाति समाज को प्रतिनिधित्व मिला है। इसी तरह से दिलीप घोष हैं, जोकि पिछड़ा वर्ग से आते हैं। निसिथ प्रामाणिक राजबंशी हैं। इनमें एक नाम अशोक कीर्तिनया का भी है, वह भी बंगाल के पिछले और अति पिछड़े वर्ग मतुआ समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस तरह से बंगाल की सत्ता में सभी का सहभाग एक साथ समान रूप से दिखाई दे रहा है। वस्तुतः भाजपा का संदेश साफ है, वह यह कि सत्ता के केंद्र में समाज का हर वर्ग रहेगा। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी ने यहां गांव, सीमावर्ती क्षेत्रों, वनवासी इलाकों और पिछड़े समाजों से आए चेहरों को प्रमुखता एवं प्रमाणिकता के साथ आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही आज पश्चिम बंगाल में भाजपा यह भी संदेश देने में भी सफल रही है कि भय और भ्रष्टाचार से मुक्त शासन की आवश्यकता जो इस राज्य में लम्बे समय से जरूरी माना जा रहा था, वह अब इस राज्य में होता हुआ दिखेगा। कहना होगा कि ममता शासन से जुड़े पुराने अनुभव इस राज्य के बहुत बुरे रहे हैं। उस दौर में पश्चिम बंगाल लगातार राजनीतिक हिंसा और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा रहा। पंचायत चुनावों से लेकर विधानसभा चुनावों तक अनेक स्थानों पर हिंसा, बूथ कब्जे और विपक्षी कार्यकर्ताओं पर हमलों की घटनाओं ने लोकतंत्र को आहत किया। संदेशखाली जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा और प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए। शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला तस्करी, पशु तस्करी और अवैध वसूली जैसे मामलों ने राज्य सरकार की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया। स्वभाविक है कि इन घटनाओं ने आम नागरिकों के भीतर असुरक्षा और असंतोष की भावना को और गहरा किया। भाजपा ने इन्हीं मुद्दों को जनता के बीच प्रमुखता से उठाकर परिवर्तन की आवश्यकता को मजबूत आधार दिया। वस्तुतः इसी पृष्ठभूमि में सुवेंदु सरकार का गठन उन लोगों के लिए आशा का संदेश बनकर सामने आया, जोकि लंबे समय से भयमुक्त और निष्पक्ष शासन की अपेक्षा कर रहे थे। इसके साथ यह भी आज के दिन याद आ रहा है कि कैसे बंगाल का राजनीतिक इतिहास वामपंथी शासन से प्रभावित रहा है! प्रारंभिक वर्षों में भले ही वामपंथ को व्यापक समर्थन मिला दिखता हो, किंतु समय बीतने के साथ सभी ने देखा कि राजनीतिक जड़ता, उद्योगों के पलायन और वैचारिक कठोरता के साथ हिंसा ने पूरे राज्य को पीछे धकेल दिया था। नंदीग्राम और सिंगूर की घटनाएं आज भी बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर गहरे घाव के रूप में याद की जाती हैं। किसानों के आंदोलन, पुलिस कार्रवाई और हिंसक संघर्षों ने राज्य की छवि को गंभीर क्षति पहुंचाई। उद्योगों का राज्य से बाहर जाना और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सीमित होना भी बड़ी चिंता का विषय बना।

## सेहत मंत्र

# आंखों की रोशनी कम हो रही है तो कराएं कॉर्निया ट्रांसप्लांट

कॉर्निया (पुतली) आंख की पारदर्शी, बाहरी सतह है। जिस प्रकार एक खिड़की प्रकाश को कमरे के अंदर पहुंचाती है, ठीक उसी प्रकार कॉर्निया प्रकाश को आंखों के भीतर पहुंचाती है। यह प्रकाश को आंख में फोकस भी करती है, जिससे हमें साफ दिखता है। पुतली को पारदर्शी बनाए रखने में स्टेम सेल का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इन स्टेम सेल को लिम्बल स्टेम सेल कहते हैं। आइए जानते हैं कि किन स्थितियों में कॉर्निया का ट्रांसप्लांट होता है। यह ट्रांसप्लांट किस हद तक कारगर है! कॉर्निया में परेशानी किसी को भी किसी भी उम्र में हो सकती है। किसी बीमारी, आंख के ऑपरेशन के बाद, चोट लगने से कॉर्निया की पारदर्शिता में प्रतिकूल परिवर्तन आ सकता है। ऐसी स्थिति में प्रकाश आंख के भीतर कम जाता है। इस स्थिति में क्षीण दिखाई पड़ता है और आंख में दर्द भी हो सकता है। अगर दवाओं से परिवर्तन नहीं हो पाता तो डॉक्टर कॉर्निया ट्रांसप्लांट की सलाह देते हैं। कॉर्निया ट्रांसप्लांट में अपारदर्शी कॉर्निया को नेत्रदान द्वारा प्राप्त हुई पारदर्शी कॉर्निया से ऑपरेशन द्वारा बदल दिया जाता है। पारदर्शिता लौटने से आंखों की रोशनी पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। कॉर्निया ट्रांसप्लांट (पुतली प्रत्यारोपण) में रक्त या पुतली मैच कराने की आवश्यकता नहीं होती। पुतली किसने दान की है, उसका लिंग,धर्म, आंख का रंग क्या है, इन बिंदुओं का ऑपरेशन के सफल होने से कोई संबंध नहीं है। मानव डोनर से पुतली मृत्यु के चंद घंटों (दो घंटे के अंदर) के अंदर ही ले ली जाती है। आई बैंक में नेत्रदान द्वारा प्राप्त हुई पुतली की गुणवत्ता की जांच कुछ टेस्ट के द्वारा की जाती है। कॉर्निया से संबंधित परेशानी से पीड़ित व्यक्ति को पुतली प्रत्यारोपण का ऑपरेशन कराने से पहले भी कुछ टेस्ट कराने पड़ते हैं। पुतली प्रत्यारोपण के बाद डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाएं लेनी पड़ती हैं और डॉक्टर के निर्देशानुसार समय-समय पर चेकअप कराना अति आवश्यक है।

## धर्म मंत्र

# सिंगापुर का श्री मरिअम्मन मंदिर समर्पित है मातृ शक्ति को

श्री मरिअम्मन मंदिर सिंगापुर का प्राचीनतम हिन्दू मंदिर माना जाता है। यह अगम मत का मंदिर है जो दक्षिण की द्रविड़ स्थापत्य शैली में बनाया गया है। ब्रिटिश शासन काल के दौरान सिंगापुर पहुंचे तमिल व्यक्ति नरायण पिल्लई ने 1827 में इस मंदिर का निमाण करवाया। इसके बाद 2010 में मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। श्री मरिअम्मन का प्रवेश द्वार दक्षिण भारतीय शैली के भव्य गोपुरम शैली में बना है। गोपुरम एक स्मारकीय अट्टालिका होती है जो सबसे ऊपर किरीट कलश से शोभायमान होती है। श्री मरिअम्मन मंदिर दक्षिण के ग्रामीण इलाकों में पूजी जाने वाली मातृ शक्ति देवी मरिअम्मा को समर्पित हैं। इन्हें बीमारियों से रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। हालाकि अब यहां अन्य देवी देवताओं के भी भव्य मंदिर और मूर्तियां बन प्रतिष्ठित हो गई हैं, परंतु परंपरा अनुसार मुख्य रूप से स्थापित देवी के नाम पर ही इस मंदिर को श्री मरिअम्मन मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर में सिद्धि विनायक की भव्य मूर्ति है। बताते हैं इस मंदिर का निर्माण करने वाले नरायण पिल्लई ईस्ट इंडिया कंपनी में एक क्लर्क थे जो सर स्टैमफोर्ड रैफल्स के साथ सिंगापुर गए थे, जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपना बेस वहां स्थापित करने की योजना बनाई थी। बाद में और भी कई दक्षिण भारतीय हिंदु सिंगापुर पहुंचे। उनके पूजा पाठ करने के लिए पिल्लई ने सबसे पहले 1819 में इस मंदिर का निर्माण वर्तमान मंदिर से दूर एक स्थान पर करवाया था।

## पर्यटन



# चाय की खुशबू में बसा खूबसूरत संसार है केरल का मुन्नार

देश में कश्मीर के अलावा और भी स्वर्ग मौजूद हैं, 'ईश्वर का अपना देश' माने जाने वाले केरल के इदुक्की जिले में स्थित मुन्नार को देखकर आप भी यही कहेंगे। प्रकृति प्रेमियों के साथ-साथ यह बाइकर्स और ट्रैकर्स के लिए भी स्वर्ग है। यदि आप रोमांचक खेलों के शौकीन हैं तो मुन्नार आपकी यात्रा को बना सकता है यादगार। किसी कैनवास पर उतरी चित्रकारी की तरह है मुन्नार। मन को हर्षित कर देने वाली हरियाली, इधर-उधर बलखाती नदियां, नीलगिरि की घुमावदार पहाड़ियां और घाटियां। ऊंचाई से गिरते झरने और ठंडा मौसम। तकरीबन 1700 मीटर की ऊंचाई पर बसे इस हिल स्टेशन की घुमावदार गोल-गोल पहाड़ियों पर एक ही ऊंचाई के चाय के पौधे ऐसे प्रतीत होते हैं जैसे किसी सम्राट के स्वागत में पूरे इलाके में हरे मखमली कालीन बिछा दिये गये हों। ऊंचे पहाड़ों और बादलों से अटखेलियां करते हुए आती सूरज की किरणें हरी-भरी घाटियों के कुदरती रंगों को और भी मनमोहक बना देती हैं। यहां के जंगलों के पेड़ कई रंग लिए होते हैं। हरे, लाल, भूरे, कत्थई रंग के इन पेड़ों से बने दृश्यों के साथ आप खुद कल्पना कर सकते हैं प्रकृति के विशाल कैनवास पर ये दृश्य चित्रकारी के कैसे दिलकश नजारे पेश करते होंगे! यदि आप सोच रहे हैं कि केरल केवल मसालों के लिए मशहूर है तो मुन्नार आएं, आपका यह भ्रम दूर हो जाएगा। आप जान सकेंगे कि असम, दार्जिलिंग के साथ-साथ मुन्नार में भी चाय के बगान हैं। इस जगह पर दसवीं शताब्दी से बसावट शुरू हुई। 19वीं शताब्दी आते-आते यहां छोटे-छोटे गांव बनने शुरू हो गए। चोलों के आक्रमण से बचते-बचाते मदुरै का पून्जार राज परिवार केरल के इस क्षेत्र में आ बसा था। त्रावणकोर के कमिश्नर के रूप में जॉन डेनिएल मुनरो ने सन 1877 में राज परिवार से एक लाख तीस हजार एकड़ से अधिक भूभाग पट्टे पर खेती के लिये ले लिया और उस पर कॉफी के साथ मसालों की खेती प्रारंभ करा दी। ए.एच. शार्प ने सबसे पहले यहां चाय की खेती की नींव डाली।

# हाई कोर्ट! शिक्षा विभाग की जांच के आदेश, फिर सुर्खियों में डीआईओएस

## अपीलकर्ता के खिलाफ टिप्पणियों पर रोक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ/बाराबंकी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सिटी इंटरमीडिएट कॉलेज, बाराबंकी से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी करते हुए अपीलकर्ता के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों और निर्देशों पर रोक लगा दी है। यह आदेश विशेष अपील संख्या 221/2026 में न्यायमूर्ति राजन रॉय एवं न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पारित किया।

मामले में अपीलकर्ता ओम प्रकाश त्रिपाठी की ओर से अधिवक्ता प्रिया सिंह ने पक्ष रखा, जबकि प्रतिवादियों की ओर से आकाश दीक्षित, सी.एस.सी. तथा पवन कुमार पांडेय उपस्थित रहे।

खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया प्रेषण रजिस्टर में हेरफ़ेर और झूठा हलफनामा दाखिल किए जाने संबंधी टिप्पणियों का पर्याप्त आधार नहीं पाया गया। अदालत ने यह भी कहा कि नोटिस की तामील को लेकर अपीलकर्ता का रुख बदलता रहा, जैसा कि पूर्व आदेश के पैराग्राफ-18 में उल्लेखित है।

न्यायालय ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए रिट कोर्ट के आदेश के पैराग्राफ 19 से 29 में अपीलकर्ता के विरुद्ध की गई टिप्पणियों और निर्देशों पर अंतरिम रोक लगा दी। साथ ही राज्य सरकार को निर्देश दिया कि विपक्षी संख्या-8 अभय कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के मामले में डीआईओएस और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों की भूमिका की तथ्य-खोज जांच कराई जाए तथा अगली तिथि तक रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश रिट याचिका की सुनवाई में बाधा नहीं बनेगा और संबंधित याचिका 20 मई 2026 को एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध रहेगी। खंडपीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा कि अपीलकर्ता के स्थानांतरण पर इस आदेश का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि स्थानांतरण नीति अथवा अन्य प्रशासनिक आधारों पर सक्षम प्राधिकारी उसका ट्रांसफर करना चाहता है तो वह किया जा सकता है।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को पूर्व में प्रदान की गई अन्य राहतों में, अपीलकर्ता के कथित आचरण से जुड़े हिस्से को छोड़कर, फिलहाल कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई 2026 के दूसरे सप्ताह में होगी।

# विकास के नाम पर भुगतान का खेल!

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- सिद्धौर की पंचायतों में लाखों रुपये निकले, ज़मीन पर काम नदारद?
- वाटर कूलर, स्ट्रीट लाइट और ह्यूम पाइप के नाम पर भुगतान, ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

बाराबंकी। सिद्धौर विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के भुगतान को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने में अब करीब दो सप्ताह शेष हैं और इसी बीच पंचायतों में तेजी से किए जा रहे भुगतानों ने ग्रामीणों की शंकाएं बढ़ा दी हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर बिना कार्य कराए ही लाखों रुपये निकाल लिए गए, जबकि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंखें बंद किए बैठे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत सेमरावा में 24 अप्रैल को आरओ वाटर कूलर लगाने के नाम पर करीब 3.82 लाख रुपये का भुगतान किया गया, लेकिन गांव में आज तक एक भी वाटर कूलर दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि न कोई मशीन लगी, न पाइप लाइन बिछी और न ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य हुआ, फिर भी सरकारी रिकॉर्ड में भुगतान पूरा दिखा दिया गया। गांव के लोग अब व्यंग्य करते हुए कह रहे हैं कि शायद यह ऐसा डिजिटल वाटर कूलर है जो सिर्फ फाइलों और पोर्टल पर दिखाई देता है।

इसी तरह मीरपुर और सरायमीर ग्राम पंचायतों में भी वाटर कूलर के नाम पर 1.91-1.91 लाख रुपये का भुगतान किए जाने की बात सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन कार्यों के लिए लाखों रुपये खर्च दिखाए गए हैं, उनका कोई वास्तविक अस्तित्व गांवों में नजर नहीं आता।

मामला सिर्फ वाटर कूलर तक सीमित नहीं है। कई पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगाने के नाम पर भी करीब ढाई लाख रुपये निकाले जाने की चर्चा है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि गांव की गलियां आज भी अंधेरे में डूबी हुई हैं। लोग तंज कसते हुए कह रहे हैं कि शायद ये ऐसी स्मार्ट लाइटें हैं जो सिर्फ कागजों में ही जलती हैं।

इसके अलावा बिबियापुर, थाना और खानापुर कमालापुर ग्राम पंचायतों में ह्यूम पाइप के नाम पर भी भुगतान किए जाने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि न कहीं पाइप दिखाई दे रहे हैं और न ही कोई निर्माण कार्य। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर सरकारी धन किस आधार पर जारी किया गया।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार जियो टैगिंग, फोटो अपलोड और भौतिक सत्यापन अनिवार्य होने के बावजूद बिना कार्य पूर्ण हुए भुगतान कैसे कर दिया गया। लोगों का कहना है कि यदि नियमों का सही पालन हुआ होता तो बिना कार्य के भुगतान संभव ही नहीं था।

मामले की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गई है। खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि वह अवकाश पर हैं और सोमवार को लौटने के बाद सभी शिकायतों की जांच कराई जाएगी। वहीं ग्राम पंचायत सचिव निशू पाल, रेखा चौधरी और सचिन अवस्थी ने स्वीकार किया कि भुगतान निकाला गया है तथा जल्द कार्य कराए जाने की बात कही है।

जिला पंचायत राज अधिकारी नीतीश भोडले ने कहा कि बिना कार्य कराए भुगतान नहीं किया जा सकता। यदि कहीं अनियमितता पाई गई तो जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही बना हुआ है कि जब गांवों में विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे, तो आखिर लाखों रुपये का भुगतान किस बात का हुआ। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो विकास योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएंगी और सरकारी धन के दुरुपयोग पर पर्दा पड़ जाएगा।

# नचना, हरिनारायणपुर क्रॉसिंग प्रगति पर अंडरपास निर्माण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र की नचना और हरिनारायणपुर रेलवे क्रासिंगों पर रेल विभाग द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है।वर्षों से क्रासिंग बंद होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी।किसानों विद्यार्थियों और ग्रामीणों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता था।अब बॉक्स पुशिंग तकनीक से बनाए जा रहे अंडरपासों से नचना हरिनारायणपुर केसरीपुर समेत आसपास के गांवों के लोगों को राहत मिलेगी।साथ ही महादेवा तीर्थ और सूरतगंज क्षेत्र के लिए भी अन्य स्थानों पर अंडरपास बनाने की योजना है।अंडरपास बनने से ग्रामीणों और मवेशियों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होगा तथा किसानों को खेतों व बाजार तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

# बुढवल स्टेशन, अमित का रेलमेल यज्ञ, जल मिष्ठान वितरण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। भीषण गर्मी के बीच बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर धर्मजागरण बाराबंकी द्वारा आयोजित रेलमेध यज्ञ के तहत रेल यात्रियों को शीतल जल व मिष्ठान वितरित किया गया।कार्यक्रम में समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता बालकराम शर्मा ने कहा कि हमारे शास्त्रों पुराणों और सरकार द्वारा जल ही जीवन है का संदेश दिया गया है।

रेलमेध यज्ञ भी इसी भावना को साकार करता है क्योंकि भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को जल पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।उन्होंने कहा कि जब प्यास से व्याकुल लोगों को पानी मिलता है तब जल ही जीवन है कथन पूरी तरह सार्थक प्रतीत होता है।धर्मजागरण टीम के संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशनों पर चौथे वर्ष रेलमेध यज्ञ का आयोजन किया गया।बुढ़वल रेलवे स्टेशन पर गोंडा सीतापुर तथा बरौनी रूट की ट्रेनों के यात्रियों को शीतल जल पेठा बताशा गुड़ मिष्ठान आदि वितरित किया गया।सेवा कार्य में डॉक्टर ऋषिकांत शुक्ल उमेश चंद्र वर्मा लवकुमार पाठक प्रतियोग रावत हरिओम पाठक रंजीत वर्मा अवधराज सिंह रमाकांत शुक्ल अश्विनी कुमार पाल प्रवेश शुक्ला इंद्रेश सिंह गोपीनाथ तिवारी सभाजीत सिंह प्रदीप शुक्ला उमेश तिवारी और सरबजीत सिंह सहित अनेक धर्मसेवकों ने पुण्य सेवा कार्य किया।अंत में समाजसेवी अनिल अवस्थी ने जीआरपी प्रभारी दुर्गेश कुमार सहित रेलवे कर्मचारियों एवं धर्मसेवकों का आभार व्यक्त कर सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 30 हजार महीने की नौकरी का झांसा, फिर 7 हजार की ठगी और अब दे रहा है धमकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- लखनऊ की कथित कंपनी का बड़ा खेल, बाराबंकी के दंपति को फर्जी मुकदमे और लोन में फंसाने की धमकी

सिद्धौर जनपद बाराबंकी। कोतवाली असंदरा क्षेत्र से साइबर ठगी और फर्जी नौकरी रैकेट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत रामपुर के अधूत पुरवा निवासी पूंजा देवी पत्नी बृजनाथ को घर बैठे पैकिंग का काम देने और हर महीने 30 हजार रुपये वेतन का लालच देकर ठगी का शिकार बनाया गया।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि खुद को लखनऊ की बड़ी कंपनी बताने वाले लोगों ने पहले भरोसे में लेकर पैकिंग जॉब का ऑफर दिया। इसके बाद रजिस्ट्रेशन और फाइल प्रोसेसिंग के नाम पर उनसे करीब 7 हजार रुपये वसूल लिए गए।

### पैसे नहीं दिए तो शुरू हुई धमकी

पीड़ित दंपति का कहना है कि जब आरोपियों ने दोबारा पैसे की मांग की और उन्होंने देने से मना किया, तो कथित कंपनी के लोगों ने उन्हें डराना-धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी लगातार फोन कॉल और रिकॉर्डिंग भेजकर दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं, पीड़ितों को फर्जी मुकदमे में फंसाने और उनके जमा किए गए दस्तावेजों के जरिए लोन निकालकर बर्बाद करने की धमकी भी दी जा रही है।

### गांव में दहशत, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बेरोजगारी का फायदा उठाकर साइबर ठग गांवों और गरीब परिवारों को निशाना बना रहे हैं।

पीड़ित परिवार ने प्रशासन और पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही लोगों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन नौकरी, पैकिंग जॉब या घर बैठे काम के नाम पर पैसे मांगने वालों से सावधान रहें।

# सेवा, पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया अंगद का जन्मदिन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। गल्ला आढ़ितया व्यापार संघ द्वारा रविवार को लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में संघ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एमएलसी को शुभकामनाएं दीं तथा उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

इस अवसर पर भाजपा नेता प्रहलाद कुमार विमल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिंदों के लिए जल पात्र वितरित किए। भीषण गर्मी को देखते हुए इन जल पात्रों को पेड़ों पर बांधा गया, ताकि पक्षियों को पीने के पानी की सुविधा मिल सके। इस पहल की लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

व्यापारी संघ अध्यक्ष बृजेश वर्मा ने कहा कि एमएलसी अंगद सिंह हमेशा व्यापारियों और आमजन के हित में कार्य करते हैं तथा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में मकरंद यादव, आशीष यादव, गुड्डू जायसवाल, अजीम, सतीश वर्मा, नौमीलाल, शिवनारायण, पवन जायसवाल, मेराज, उस्मान अली, एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह, दुर्गेश दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, प्रेम शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारी मौजूद रहे।

# वाहनों पर फर्जी 'प्रेस-आर्मी-पुलिस' लिखाकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे लोग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। क्षेत्र में इन दिनों वाहनों पर प्रेस, अधिवक्ता, आर्मी और पुलिस लिखवाकर सड़कों पर बेखौफ घूमने का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। सुबह के समय प्रमुख चौराहों और बाजारों में ऐसे कई वाहन आसानी से देखे जा सकते हैं, जिनका संबंधित विभागों से कोई लेना-देना नहीं है, फिर भी लोग रौब जमाने और चेकिंग से बचने के लिए इन स्लोगनों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

क्षेत्र में सवारी ढोने वाले वाहन, मैजिक और मार्केटिंग कार्य में लगे वाहन भी खुलेआम प्रेस और आर्मी लिखवाकर संचालित हो रहे हैं। कुछ लोग इन वाहनों से कपड़े और अन्य सामान लाकर दुकानों तक सप्लाई का काम कर रहे हैं, जबकि कई दोपहिया वाहन चालक भी अपनी मोटरसाइकिलों पर पुलिस, प्रेस और आर्मी लिखाकर फर्राटे भरते नजर आते हैं। इतना ही नहीं, कोरियर का कार्य करने वाले कुछ युवक भी वाहनों पर प्रेस लिखाकर घूम रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के फर्जी स्लोगनों का प्रयोग न केवल यातायात नियमों की खुली अनदेखी है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इससे अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के हौसले बढ़ रहे हैं और जांच एजेंसियों के लिए वास्तविक पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

वहीं, जिन लोगों का वास्तव में सेना, पुलिस या मीडिया से संबंध है, उन्हें वाहन चेकिंग के दौरान अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे वाहनों की जांच कर फर्जी तरीके से विभागीय पहचान लिखवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था और सुरक्षा प्रणाली को मजबूत किया जा सके।

### प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप का निधन

बाराबंकी।सिद्धार्थनगर जिला पंचायत में तैनात प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप सिंह का रविवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और प्रशासनिक विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। शांत स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए पहचाने जाने वाले प्रदीप सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जनपद के निवासी थे। परिजनों के अनुसार वह लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और उनका इलाज लखनऊ स्थित अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था। चिकित्सकों की निगरानी में उन्हें नियमित डायलिसिस भी दी जा रही थी।

### किसानों की समस्याएं, धरना जारी

सिद्धौर बाराबंकी।सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र के पूरे सारी मजरे बिबियापुर घाट में भाकियू टिकैत का धरना तीसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा।

### प्रेमी संग युवती हुई फरार, परिजनों ने की पुलिस से शिकायत

सिद्धौर बाराबंकी असंद्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि उसकी पुत्री को गांव का ही रहने वाला जीतू अपनी बाइक से मवई चौराहे पर ले गया था उसी की मिली भगत से गांव का ही रहने वाला छोटू पुत्र कृष्णा कही भाग ले गया है जाते समय मेरी पुत्री घर में रखी सोने चांदी की लगभग 2 लाख के जेवर भी अपने साथ ले गई है काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही की थाना प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है शिकायत मिलने पर प्राथमिक की दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# रामलीला मैदान के निकट मुख्य मार्ग पर भारी जल भराव, जनमानस हल्का

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत बरौलिया में रामलीला मैदान के पास मुख्य सड़क पर भारी जलभराव और कीचड़ से ग्रामीण परेशान हैं।

हल्की बारिश होते ही सड़क दलदल में बदल जाती है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में विशेष कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों देवेंद्र कुमार, सब्बू, रामकुमार, आकाश और सितेंद्र ने बताया कि उनके घर जाने वाले रास्ते पर हल्की बारिश के बाद ही अत्यधिक कीचड़ हो जाता है। इस कारण पैदल चलना तो दूर, बाइक और साइकिल निकालना भी मुश्किल हो जाता है। उन्हें हमेशा फिसलकर गिरने का डर बना रहता है।ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि बरसात से पहले नाली और सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है ताकि उन्हें इस परेशानी से निजात मिल सके।

# 2027 चुनाव की तैयारी में जुटी लोजपा, बूथ स्तर तक संगठन मजबूती पर जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की उत्तर प्रदेश इकाई मध्यांचल की संगठन समीक्षा बैठक रविवार को बदोसराय स्थित एमएस लॉन में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और जनसंपर्क अभियान को गति देना रहा।

बैठक में पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार, युवाओं और महिलाओं को पार्टी से जोड़ने तथा प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने की रणनीति पर चर्चा की। पार्टी नेताओं ने मध्यांचल की सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रांत के महासचिव एवं बाराबंकी प्रभारी पंकज पांडे उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश सचिव गोरखनाथ दुबे, आईटी सेल प्रभारी नंदकुमार चौधरी, गोपालगंज (बिहार) के जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा सहित जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत में पंकज पांडे ने कहा कि पार्टी पहले भी उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ चुकी है और उसके विधायक रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार अभियान तेजी से चलाया जा रहा है तथा आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से अपने प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने बिहार में एनडीए गठबंधन के प्रदर्शन और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# आज़ादी के बाद से क्षेत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि : लक्ष्मी नारायण गौतम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। गोण्डा-बहराइच रोड से सटी संपर्क मार्ग ठढवरिया-पिपरी जाने के लिए बारिश में अब आमजन को गड्ढों व कीचड़ का सामना नहीं करना पडेगा। रघुपुरवा निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गौतम ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को क्षेत्र की जनता की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा ठढवरिया, रघुपुरवा से पिपरी संपर्क मार्ग निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, क्योंकि आजादी के बाद अब तक इस लगभग 6 किलोमीटर संपर्क मार्ग पर काम हो रहा है।

मौके पर भाजपा विधायक बावन सिंह ठढवरिया पहुंच कर पूरे विधि-विधान से शिलान्यास किया और कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही उत्तर प्रदेश की सरकार जनता के लिए समर्पित है, सिंह ने कहा इस क्षेत्र की सारी जन समस्याएं प्राथमिकता से लिया जा रहा और भाजपा सरकार की सभी योजनाओं को जनता तक पहुंचना हमारा कर्तव्य है।



लक्ष्मी नारायण ने गोण्डा की पूर्व एवं वर्तमान जिलाधिकारी, भाजपा सांसद करण भूषण शरण सिंह व विधायक बावन सिंह का भी आभार व्यक्त किया। लक्ष्मी नारायण ने बताया लगभग तीन वर्षों के संघर्ष में लगातार जिले के जिम्मेदार अधिकारियों व नेताओं से मिले और अपने क्षेत्र की समस्याओं व संपर्क मार्ग निर्माण की बात रखी थी। फिल्हाल आज जब सड़क का लोकार्पण देखा तो भावुक हो उठे। लक्ष्मी नारायण गौतम ने कहा आजाद से अब तक की सबसे बड़ी सौगात भाजपा सरकार ने दिया है इससे क्षेत्र की जनता में बहुत ही खुशहाली है और आने वाले चुनाव 2027 में भाजपा को जनता का सहयोग मिलेगा।

## दीपिका की अगुआई में महिला रिकर्व टीम ने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता, भारत को दो पदक

एजेंसी

शंघाई। दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया। हालांकि सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव



रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और बाद में चैंपियन बनीं दक्षिण कोरिया की कंग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए प्लेऑफ में उन्हें एक और कोरियाई खिलाड़ी जांग मिनही से हार मिली। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया। शनिवार को पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में साहिल जाधव ने कांस्य पदक जीता था। इससे पहले भारतीय महिला रिकर्व टीम ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया था। ग्वाटेमाला सिटी और पेरिस में 2021 में भारत की विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।

## बेहद आक्रामक टी20 दौर में टिके रहने के लिए गेंदबाजों को नए तरीके अपनाने होंगे: शेन बॉन्ड

एजेंसी

जयपुर। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड का मानना है कि टी20 क्रिकेट में लगातार बेहद आक्रामक होती जा रही बल्लेबाजी के साथ तालमेल बैठाने के लिए गेंदबाजों को खुद को बदलना होगा और नए तरीके अपनाने होंगे। उनका मानना है कि जो गेंदबाज अपने कौशल को सफलतापूर्वक निखार पाते हैं वे इस प्रारूप में 'सुपरस्टार' बन सकते हैं। मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की गेंदबाजी की मुश्किलें शनिवार को भी जारी रहीं जब गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्हें 77 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा और इस दौरान उन्होंने 229 रन लुटा दिए। यह 11 मैच में सातवीं बार था जब रॉयल्स ने विरोधी टीम को 200 रन का आंकड़ा पार करने दिया। रॉयल्स के गेंदबाजी कोच बॉन्ड ने माना कि उनकी टीम जानी-पहचानी परिस्थितियों के हिसाब से खुद को अच्छी तरह ढालने में नाकाम रही है। मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बॉन्ड ने कहा, ''हम उन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिन्हें हम जानते हैं। विरोधी टीम ने हमें पूरी तरह से पछाड़ दिया। जब मैं गेंदबाजों को देखता हूं तो मुझे लगता है कि उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करना होगा, है ना? आपको हटकर कुछ अलग सोचना होगा। उन्होंने कहा, ''दो बातें अहम हैं: फैसले लेना और उन्हें सही तरीके से लागू करना। मुझे लगता है कि आज रात आपने शायद यह गौर किया होगा कि गेंदबाजों का प्रदर्शन लंबे समय तक एक जैसा और निरंतर नहीं रहा। और मुझे लगता है कि अगर आप पूरे आईपीएल पर नजर डालें तो हर जगह लगभग यही स्थिति देखने को मिली है। आईपीएल में बल्लेबाजी के स्तर और रन बनाने की गति में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए बॉन्ड ने कहा कि गेंदबाजों को अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना होगा और उन्हें परिस्थितियों के हिसाब से खुद को और बेहतर ढालना सीखना होगा। उन्होंने कहा, ''बल्लेबाज बेहद आक्रामक अंदाज में खेल रहे हैं और गेंदबाजों पर दबाव बना रहे हैं। ऐसे में एक गेंदबाज के तौर पर आपको खुद से यह सवाल पूछना होगा कि 'मैं ऐसा क्या अलग कर सकता हूं जिससे स्थिति मेरे पक्ष में हो जाए'? बॉन्ड ने कहा, ''उन्हें टीम के विश्लेषकों के साथ अधिक समय बिताना होगा जिससे कि उन्हें ठीक-ठीक पता चल सके कि कौन सा बल्लेबाज किस तरह के शॉट खेलने वाला है और वे मैदान के किन हिस्सों में अधिक रन बनाने की कोशिश करेंगे। आईपीएल के मौजूदा सत्र में टीमें 200 से अधिक रनों के लक्ष्य को भी काफी आसानी से हासिल करती हुई नजर आ रही हैं। बॉन्ड ने बताया कि कैसे बल्लेबाजों ने रन बनाने के अपने तरीकों का दायरा बढ़ाया है जिससे गेंदबाजों को भी उसी गति से खुद को बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने कहा, ''अब आप बल्लेबाजों को देखिए। वे अपरकट खेल रहे हैं, वे रिवर्स शॉट लगा रहे हैं, वे स्कूप शॉट खेल रहे हैं। उन्होंने कई तरह के शॉट इजाद कर लिए हैं। बॉन्ड ने कहा, ''इसलिए एक गेंदबाज को भी अपने हुनर का दायरा बढ़ाना होगा।

## पावरप्ले के बाद ही भरोसा हो गया था कि मैच पर हमारी पकड़ मजबूत है: गिल

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शनिवार को यहां 77 रन की बड़ी जीत पर शुभमन गिल ने कहा कि टीम पूरी तरह से एकतरफा जीत वाले प्रदर्शन से बेहद खुश है। गिल की 84 रन की विस्फोटक पारी और साई सुदर्शन (55) के शानदार अर्धशतक के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' राशिद खान (33 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल से गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को शिकस्त देकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। टाइटंस ने मौजूदा सत्र का अपना सबसे बड़ा स्कोर चार विकेट पर 229 रन बनाने के बाद रॉयल्स की पारी को 16.3 ओवर में 152 रन पर समेटकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। गिल ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, हम बहुत खुश हैं। यह हमारे लिए शानदार और एकतरफा जीत रही। मुझे लगता है कि हमने 10-15 रन अतिरिक्त बना लिए थे। स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ बल्लेबाज़ी करना आसान नहीं था। गिल ने बताया कि पावरप्ले के बाद ही टीम को भरोसा हो गया था कि मुकाबला उनके नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, 230 रन बनाने के बाद हमें पता था कि हम मजबूत स्थिति में हैं। हमारी सोच यही थी कि गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखें। कुछ ओवर ऐसे रहे जब हमें बाउंड्री नहीं मिली, लेकिन आखिरी ओवर में हमने उसकी भरपाई कर दी। उन्होंने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, शुरुआत में विकेट मिलने से हमारे गेंदबाज़ों को आक्रामक तरीके से गेंदबाजी करने का मौका मिला। हमारी रणनीति हमेशा आक्रमण करते रहने और विकेट निकालने की रहती है। अपनी फिटनेस पर बात करते हुए गिल ने कहा, ξमैच के दौरान मेरा टखना मुड़ गया था, लेकिन करीब आधे घंटे बाद स्थिति थोड़ी बेहतर हो गई। नियमित कप्तान रियान पराग के चोटिल होने के कारण रॉयल्स की अगुवाई कर रहे यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टीम की कोशिश अच्छी लाइन और लेंथ पर गेंदबाज़ी करने की थी, लेकिन विपक्षी बल्लेबाज़ों ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, हम सिर्फ अच्छी एरिया में गेंदबाजी करने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन उन्होंने काफी अच्छी बल्लेबाजी की। हमारी कोशिश चौके-छक्के रोकने की थी, लेकिन उनके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा। जायसवाल ने पारी के पहले ओवर में 18 रन लुटाने वाले जोफ्रा आर्चर का समर्थन करते हुए कहा, यह क्रिकेट का हिस्सा है।

## दिल्ली के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे पंजाब किंग्स

एजेंसी

धर्मशाला। पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक तीन मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले तीन लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। हैदराबाद में टीम की कैचिंग बहुत खराब थी। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाला



तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी रन लुटा रहा है। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी भी अच्छी शुरुआत के बाद अब नाकाम हो रही है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी। टी20 जैसे अनिश्चित प्रारूप में लय बहुत अहम होती है और पंजाब किंग्स की टीम चाहेगी कि वे जल्द से जल्द फिर लय हासिल कर लें। दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे। उसके बल्लेबाज धीमी और टर्न लेने वाली पिचों पर खुद को ढालने में नाकाम रहे हैं जिससे उनकी कमजोरियां उजागर हुई हैं। प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव के साधारण प्रदर्शन ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं जबकि मिचेल स्टार्क शायद बहुत देर से टीम से जुड़े। पंजाब किंग्स की तरह दिल्ली के क्षेत्ररक्षण ने भी उसे निराश किया है। आंकड़ों के लिहाज से दिल्ली की टीम अब भी प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है लेकिन इसकी बहुत कम संभावना है कि वे टूर्नामेंट में आगे बढ़ पाएंगे।

## सितंबर 2025 में निजी पूंजीगत व्यय 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हुआ: सीआईआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को बताया कि भारत का निजी पूंजीगत व्यय सितंबर 2024 के 4.6 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर सितंबर 2025 में 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो देश के निवेश चक्र में व्यापक और मजबूत पुनरुद्धार का अब तक का सबसे निर्णायक संकेत है। सीआईआई ने पश्चिम एशिया संकट के दौरान और उसके बाद के लिए उद्योग जगत के लिए पांच-सूत्रीय कार्ययोजना भी प्रस्तुत की है, जिसमें पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में मार्च में की गई कटौती को चरणबद्ध तरीके से वापस लेना भी शामिल है। इसके अलावा, उसने उद्योग द्वारा स्वैच्छिक ऊर्जा संरक्षण संधि, एमएसएमई भुगतान की 45-दिन की गारंटी, आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा के साथ गहरे आयात प्रतिस्थापन, तथा निजी पूंजीगत व्यय को अग्रिम रूप से बढ़ाने के साथ स्वैच्छिक मूल्य संयम और इंटर्नशिप में वृद्धि करने की सलाह दी है। उद्योग संगठन ने करीब 1,200 कंपनियों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर बताया कि निजी क्षेत्र का निवेश ऽ जिसे शुद्ध स्थायी परिसंपत्तियों और निर्माणाधीन पूंजीगत कार्यों में वार्षिक परिवर्तन के रूप में मापा गया ऽ सितंबर 2025 में बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले के 4.6 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि में विनिर्माण क्षेत्र ने अग्रणी भूमिका निभाई और कुल निजी पूंजीगत व्यय का लगभग आधा, यानी 3.8 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया। इसमें धातु, ऑटोमोबाइल और रसायन क्षेत्र सबसे आगे रहे। सेवा क्षेत्र ने लगभग 40 प्रतिशत यानी 3.1 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया, जिसका नेतृत्व व्यापार, संचार और आईटी/आईटीईएस क्षेत्रों ने किया।

## सर्राफा बाजार में कमजोरी का रुख सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मामूली कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 290 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 320 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,350 रुपये से लेकर 1,54,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,39,650 रुपये से लेकर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज शुरुआती कारोबार के दौरान 2,75,000



रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना की कीमत में तेजी दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,640 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती आ गई। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 1,500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। चांदी के भाव में भी पिछले सप्ताह के कारोबार में तेजी दर्ज की गई। इस तेजी के कारण चांदी पिछले सप्ताह के भाव की तुलना में 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगी हो गई। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,52,500 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,400 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,370 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## मई में भी हुई एफपीआई की बिकवाली, विदेशी निवेशकों ने 2026 में की दो लाख करोड़ से अधिक की निकासी

एजेंसी

नई दिल्ली। इस साल फरवरी के बाद से घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला मई के महीने में भी लगातार बना हुआ है। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक स्टॉक मार्केट में बिकवाली करके 14,231 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। मई के महीने में अभी तक हुए कारोबार में हुई बिकवाली के आंकड़ों को मिला दिया जाए, तो कैलेंडर ईयर 2026 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में की गई बिकवाली का आंकड़ा दो लाख करोड़ के स्तर को भी पार कर गया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर इस महीने आठ मई तक एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में कुल 2,28,040 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962




करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। फरवरी में एफपीआई ने बिकवाली की जगह लिवाली पर जोर दिया। इस महीने इन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च के महीने में एक बार फिर स्थिति बदल गई। इस महीने एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की। अप्रैल के महीने में भी एफपीआई की ओर से हो रही बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले। मौजूदा महीने में भी आठ मई तक के पांच कारोबारी दिन में एफपीआई 14,231 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं।

## भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी स्थानीय शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि रुपये-डॉलर की चाल और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को प्रभावित करेंगी। ऑनलाइन ट्रेडिंग एवं संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि बाजार इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील रहेगा और निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान से संबंधित घटनाक्रमों पर रहेगा। उन्होंने कहा कि ब्रेंट कच्चे तेल के दाम बाजार की दिशा तय करने वाला एक अहम कारक रहेगा। उन्होंने कहा, ''यदि कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बनी रहती हैं या तनाव कम करने की दिशा में प्रगति होती है तो जोखिम वाले निवेश माध्यमों में राहत भरी तेजी देखी जा सकती है। वहीं तनाव बढ़ने की स्थिति में बाजार पर दबाव बना रह सकता है। एक विशेषज्ञ ने कहा कि इस सप्ताह महंगाई के आंकड़े भी आने हैं जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इस बीच, केनरा बैंक, टाटा पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियां सप्ताह के दौरान अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि

### शेयर समीक्षा

भारतीय शेयर बाजार निकट भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति बेहद संवेदनशील बने रहेंगे और बाजार व्यापक दायरे में कारोबार कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के अप्रैल महीने के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दर नीति का संकेत देंगे, जबकि अमेरिका के सीपीआई और पीपीआई आंकड़े फ़ेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दर कटौती, बॉन्ड प्रतिफल और वैश्विक जोखिम धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत मजबूत हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफआईआई) ने भी भारतीय बाजारों से निकासी जारी रखी है। इस महीने अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों से 14,231 करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले दिनों में बाजार की दिशा मुख्य रूप से भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों, रुपये की चाल और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी। साथ ही चौथी तिमाही के नतीजों का अंतिम चरण शेयर और क्षेत्र आधारित गतिविधियों को प्रभावित करेगा।




## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में सीमित दायरे में कारोबार के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई है। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत के लाभ में रहा। सप्ताह के दौरान भारती एयरटेल, एसबीआई, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में कुल 46,685.21 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के दौरान एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 44,722.34 करोड़ रुपये घटकर 9,41,107.62 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 31,167.1 करोड़ रुपये घटकर 11,18,055.03 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 28,456.26 करोड़ रुपये घटकर 8,66,477.69 करोड़ रुपये रही। वहीं एलएंडटी का मूल्यांकन 5,371.84 करोड़ रुपये घटकर 5,46,621.21 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 15,425.09 करोड़ रुपये बढ़कर 12,02,699.26 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 11,486.89 करोड़ रुपये बढ़कर 5,94,610.02 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 8,763.97 करोड़ रुपये बढ़कर 5,37,562.98 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 6,563.28 करोड़ रुपये बढ़कर 19,42,866.58 करोड़ रुपये रहा, जबकि एलआईसी का मूल्यांकन 2,751.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,07,549.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 1,694.61 करोड़ रुपये बढ़कर 9,06,675.39 करोड़ रुपये रही।

# आज पूरी दुनिया भारत के आध्यात्मिक मूल्यों से प्रभावित: मोदी

एजेंसी



बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कोई भी अभियान तब सफल होता है, जब उसके साथ समाज की शक्ति जुड़ जाती है। उन्होंने कहा कि समाज, राजनीति और सरकारों से भी अधिक शक्तिशाली होता है। कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है, जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए।

प्रधानमंत्री बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की 45वीं वर्षगांठ और गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नवनिर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन कर संस्था की मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, प्रकृति संरक्षण तथा सामाजिक परिवर्तन से जुड़ी राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों की शुरुआत की।

अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज की सुबह अलग अनुभूति लेकर आई है। बच्चों के वैदिक मंत्रों से स्वागत, भगवान गणेश के दर्शन, श्रीश्री रविशंकर के 70 वर्ष और आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष जैसे पल उनकी स्मृतियों में हमेशा बने रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुदेव ने मंच से जो बातें कहीं, लोगों को भले लगा हो कि वह उनकी प्रशंसा कर रहे थे लेकिन उन्हें ऐसा लगा जैसे उन्हें और अधिक काम सौंपा जा रहा हो। उन्होंने कहा, ‌‌जब आपका शताब्दी समारोह होगा तब मैं फिर से आऊंगा। मोदी ने कहा कि दिव्य और भव्य ध्यान मंदिर का लोकार्पण इस बात का प्रतीक है कि जब संकल्प स्पष्ट हो और सेवाभाव से कार्य किया जाए तो हर प्रयास का सुखद परिणाम मिलता है। उन्होंने कहा, बाकी कुछ हो या न हो, हम सब लोटस की छत्रछाया में हैं। गुरुदेव का आशीर्वाद है तो लोटस की छत्रछाया ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु दुनिया में सॉफ्टवेयर और सेवाओं के लिए जाना जाता है लेकिन इस शहर ने भारत की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाई दी है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत के आध्यात्मिक मूल्यों से प्रभावित हो रही है और इन्हीं प्राचीन परंपराओं से प्रेरित होकर 45 वर्ष पहले श्रीश्री रविशंकर ने आर्ट ऑफ लिविंग का बीज बोया था, जो आज विशाल वटवृक्ष के रूप में लोगों के जीवन को स्पर्श कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है, जहां अनेक भाषाएं, परंपराएं, रीति-रिवाज और उपासना पद्धतियां हैं। इन विविधताओं को जोड़ने वाला मूल तत्व ‌स्वयं के लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीना‌ है। मोदी ने कहा कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही संस्कारों की धारा समाज को प्रेरित करती है और भारत के अनेक आध्यात्मिक आंदोलनों ने मानव सेवा के माध्यम से ही स्वयं को अभिव्यक्त किया है। मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का उदाहरण देते हुए कहा कि यह अब सरकारी कार्यक्रम न रहकर लोगों के जीवन का स्वाभाविक हिस्सा बन चुका है और समाज की शक्ति से ही आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब समाज जुड़ता है, तब देश की सबसे बड़ी चुनौतियों का भी सामूहिक समाधान निकाला जा सकता है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं, जनजातीय समाज, ग्रामीण समुदायों और कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था ने सामाजिक सरोकारों को अपने कार्यक्रमों में विशेष महत्व दिया है। उन्होंने युवाशक्ति पर संस्था के फोकस की भी प्रशंसा की और कहा कि आज विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नई संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं। भारत केवल बदलाव में भागीदारी नहीं कर रहा बल्कि अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी कर रहा है। भारत की डिजिटल क्रांति ने देश को डिजिटल भुगतान में वैश्विक का नेतृतवकर्ता बनाया है, देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है और भारतीय युवा अंतरिक्ष में अपनी सैटेलाइट भेज रहे हैं। मोदी ने कहा कि आज तकनीक के जरिए लोग एक पल में दुनिया से जुड़ जाते हैं, लेकिन स्वयं से जुड़ना भी उतना ही जरूरी है और यह भारत की महान आध्यात्मिक परंपराओं से संभव होता है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्माण ऐसे युवाओं से होगा जो मानसिक रूप से शांत, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और समाज के प्रति संवेदनशील हों। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन और मानसिक स्वास्थ्य पर काम करने वाले केंद्र आने वाले समय में उपचार के बड़े केंद्र बनेंगे। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आज इंसान ही नहीं, धरती मां को भी ‌नेचुरल हीलिंग‌ की जरूरत है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।

# उत्तर-पश्चिमी राज्यों में अगले पांच दिनों तक तेज हवाओं के चलने एवं दक्षिण भारत में सात दिनों तक भारी बारिश के आसार

एजेंसी

नयी दिल्ली। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत के कई राज्यों में अगले पांच दिनों के दौरान मौसम में बड़े बदलाव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान गरज-चमक के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने के आसार हैं।

जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख में 11 और 12 मई को मौसम अधिक खराब रह सकता है, जबकि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में 12 और 13 मई को छिटपुट ओलावृष्टि होने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग ने इन पहाड़ी राज्यों में रहने वाले लोगों और पर्यटकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में अगले 48 घंटों के भीतर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। इसके प्रभाव से दक्षिण भारत के राज्यों, विशेषकर केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अगले सात दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। लक्षद्वीप में भी रविवार को भारी बारिश का अनुमान है। एक तरफ जहां बारिश का अलर्ट है, वहीं दूसरी ओर उत्तर और मध्य भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्म हवाओं का प्रकोप जारी है। राजस्थान और गुजरात में 10 से 14 मई के दौरान, जबकि पूर्वी राजस्थान में 13 मई तक गर्म हवा के चलने की संभावना है। पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी 12 से 14 मई के बीच गर्मी का तीखा असर देखने को मिलेगा। शनिवार को राजस्थान के बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो देश में सबसे अधिक था। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में 11 से 13 मई के बीच शाम या रात के समय हल्की बारिश और धूल भरी आंधी चलने से तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और तेज हवाओं को देखते हुए कृषि क्षेत्र के लिए परामर्श जारी किया है। पहाड़ी राज्यों के फल उत्पादकों को सुझाव दिया गया है कि वे अपने बागानों को ओलों से बचाने के लिए 'हेलनेट' का प्रयोग करें। साथ ही, तेज हवाओं के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखने और कटी हुई फसलों को ढककर रखने की सलाह दी गई है।

# कर्नाटक मंत्री सुधाकर का निधन, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ने किया शोक व्यक्त

एजेंसी

बेंगलुरु। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के योजना एवं सांख्यिकी मंत्री डी. सुधाकर का केआईएमएस अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद रविवार तड़के निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। अस्पताल सूत्रों ने पुष्टि करते हुए कहा कि श्री सुधाकर ने आज सुबह लगभग 3:15 बजे अंतिम सांस ली। गंभीर शल्यक्रिया के बाद की जटिलताओं के कारण उन्हें मणिपाल अस्पताल से जीवन रक्षक उपकरणों पर स्थानांतरित किया गया था और कई हफ्तों से उनका गहन चिकित्सा उपचार चल रहा था। बेंगलुरु के कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (केआईएमएस) के डॉक्टरों ने बताया कि फ़ेफड़ों की विफलता के कारण उन्हें एक्स्ट्राकॉर्पोरियल लाइफ सपोर्ट पर रखा गया था और फ़ेफड़े के प्रत्यारोपण की संभावना पर विचार किया जा रहा था। बहुविषयक चिकित्सा दल द्वारा निरंतर निगरानी के बावजूद उनकी हालत बिगड़ती चली गई। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, डी. सुधाकर ने चित्रदुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में भी कार्य किया और वे हिरियूर से चार बार विधायक रहे, इससे पहले वे चल्लाकेरे का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। श्री सुधाकर का जन्म 28 मार्च, 1961 को चल्लाकेरे में हुआ था। उन्होंने बी.कॉम की डिग्री पूरी करने के बाद राजनीति में प्रवेश किया और दो दशकों से अधिक समय तक कर्नाटक की राजनीति में अपनी पहचान बनाई। वे उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के करीबी माने जाते थे, जिन्होंने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें घनिष्ठ सहयोगी और समर्पित लोक सेवक बताया। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति करार दिया ।मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य ने एक समर्पित लोक सेवक और दयालु नेता को खो दिया है। उन्होंने हाल ही में अस्पताल में श्री सुधाकर से मिलने का उल्लेख किया और कहा कि उन्हें उनके स्वस्थ होने की उम्मीद है। श्री सिद्दारमैया ने कहा, ''उस समय मुझे उनके ठीक होने की उम्मीद थी। श्री सुधाकर जनसेवा और जनता के कल्याण के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। डॉक्टरों के प्रयासों एवं जन प्रार्थनाओं के बावजूद मंत्री को बचाया नहीं जा सका।'' उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने श्री सुधाकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें निर्वाचन क्षेत्र के विकास और जन कल्याण के प्रति समर्पित एक गतिशील प्रतिनिधि बताया। उन्होंने कहा कि श्री सुधाकर अक्सर विकास प्रस्ताव और सिंचाई संबंधी अनुरोध लेकर आते थे, जिनमें भद्रा अपर बैंक परियोजना से जुड़ी परियोजनाएं भी शामिल थीं।

## इजरायल ने ईरान युद्ध में सहायता के लिए इराक के रेगिस्तान में बना रखे हैं गुप्त सैन्य अड्डे: रिपोर्ट

तेल अवीव/बगदाद। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपने हवाई युद्ध में सहायता के लिए इराक के पश्चिमी रेगिस्तान के भीतर एक गुप्त सैन्य चौकी बना रखी है।

'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने अमेरिकी अधिकारियों और इस अभियान से परिचित स्रोतों के हवाले से इस विषय में जनकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गुप्त ठिकाने का निर्माण 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किए गए समन्वित हमलों से कुछ समय पहले किया गया था। यह बेस कथित तौर पर अमेरिका की जानकारी में संचालित हो रहा था और इजरायली वायु सेना के लिए एक रसद और परिचालन केंद्र के रूप में कार्य कर रहा था। बताया गया है कि वहां इजरायली विशेष बल और खोज-एवं-बचाव इकाइयां तैनात थीं ताकि संकट में फंसे पायलटों की सहायता की जा सके और शत्रु क्षेत्र के भीतर गुप्त मिशनों को अंजाम दिया जा सके।

# असम में हिमंता बिस्व सरमा ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया

एजेंसी

गुवाहाटी। असम विधानसभा चुनावों में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता हिमंता बिस्व सरमा ने रविवार दोपहर राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के समक्ष राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

श्री सरमा ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, ''असम की जनता के आशीर्वाद और विश्वास के साथ, आज मैंने राजभवन में माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी को सरकार गठन का प्रस्ताव सौंपा। आम जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने तथा विकास, सुशासन और एक समृद्ध असम की ओर हमारी यात्रा को और अधिक गतिशील बनाने के लिए, हम एक बार फिर से प्रतिबद्ध हैं।''



इससे पहले पर्यवेक्षक के तौर पर यहां भेजे गए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में श्री सरमा को विधायक दल का नेता चुना गया। हाल ही में संपन्न हुए 126 सदस्यीय विधानसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग ने प्रचंड जीत हासिल की है। भाजपा ने अकेले 82 सीटें जीती हैं, जबकि उनके गठबंधन सहयोगियों असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) ने 10-10 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस दो तिहाई बहुमत के साथ राजग ने राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। असम में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की यह लगातार तीसरी सरकार होगी। राजग ने यहां 2016 और 2021 के बाद अब 2026 में जीत की हैट्रिक लगाई है। श्री सरमा के लिए मुख्यमंत्री के रूप में यह दूसरा कार्यकाल होगा।

## राज राठी संभालेंगे सिटी इंडिया के विलय एवं अधिग्रहण कारोबार की कमान



नई दिल्ली। सिटी इंडिया ने विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) के प्रमुख के तौर पर राज राठी की नियुक्ति की घोषणा की, जो जून 2026 से प्रभावी होगी। राज मुंबई में रहकर काम करते हुए, डिजिटल बुनियादी ढांचे, इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवाओं (ईएमएस) और कुछ चुनिंदा बी2बी कंपनियों के क्षेत्र की ज़िम्मेदारी भी संभालेंगे। राज अपनी इस नई भूमिका में, भारत में सिटी की एमएंडए फ्रेंचाइज़ी का नेतृत्व करने, जटिल और बड़े सौदों में रणनीतिक परामर्श प्रदान करने, और प्राथमिकता वाले खंडों में ग्राहकों के साथ संबंध और मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। वे निवेश बैंकिंग, बाज़ार, और अन्य उत्पाद समूह के भागीदारों के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि ग्राहकों को एकीकृत समाधान प्रदान किए जा सकें। राज के पास निवेश बैंकिंग, एमएंडए, और निवेश परामर्श के क्षेत्र में 15 साल से अधिक का अनुभव है। वे ड्रीम स्पोर्ट्स से सिटी में शामिल हो रहे हैं, जहां वह रणनीति एवं कॉर्पोरेट विकास प्रमुख की भूमिका में थे। उन्होंने ड्रीम स्पोर्ट्स में रणनीतिक साझेदारियों और विलय एवं अधिग्रहण के ज़रिये वृद्धि (इनऑर्गेनिक ग्रोथ) से जुड़ी पहलों का नेतृत्व किया, साथ ही विभिन्न निवेशों में लगभग 150 मिलियन डॉलर का निवेश किया। राज ऐसे समय में सिटी में शामिल हो रहे हैं जब भारत में कंपनी के लिए निवेश बैंकिंग कारोबार के लिहाज़ से महत्वपूर्ण समय है। सिटी सौदों के मूल्य के आधार पर (2024 और 2025 में) भारत में निरंतर सर्वश्रेष्ठ विलय एवं अधिग्रहण सलाहकार बनी हुई है। इससे सिटी की उल्लेखनीय निष्पादन क्षमता और ग्राहकों के साथ गहरा संबंध रेखांकित होता है। हाल के कुछ महत्वपूर्ण सौदों में यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड के लिए रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में 100% हिस्सेदारी की बिक्री, और हायर समूह के लिए हायर इंडिया की 49% हिस्सेदारी की बिक्री में विशिष्ट वित्तीय सलाहकार की भूमिका शामिल है। ये सौदे इसके सलाहकार प्लेटफॉर्म की मज़बूती को उजागर करते हैं।

## विजय की पहली घोषणा– तमिलनाडु में हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त

**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख सी जोसेफ विजय ने आज शपथ ग्रहण करने के बाद तमिलनाडु सचिवालय में राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद सबसे पहले महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल के गठन और घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने से जुड़ी पहली फाइलों पर हस्ताक्षर किए। जोसेफ विजय ने सबसे पहले राज्य के सभी घरों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा वाली फाइल पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष बल (सिंगप्पेन स्पेशल टास्क फोर्स) के गठन की फाइल पर हस्ताक्षर किए। विजय ने नशा विरोधी अभियान और मादक पदार्थों की रोकथाम से संबंधित फाइलों पर भी हस्ताक्षर किए। विजय को इससे पहले चेन्नई स्थित जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में सुबह लगभग 10 बजे तमिलनाडु के प्रभारी राज्यपाल ने मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं के नारों से स्टेडियम गूंज उठा। उनके पिता और निर्देशक एस. ए. चंद्रशेखर और उनकी मां शोभा भावुक हो गए।समारोह में उनके परिवार के सदस्य, फिल्म जगत की हस्तियां और गठबंधन दलों के नेता भी शामिल हुए। इससे पहले आमतौर पर मुख्यमंत्री पद संभालने वाले नेता सचिवालय जाकर फाइलों पर हस्ताक्षर करते रहे हैं, लेकिन विजय ने शपथ ग्रहण करते ही जनता के सामने फाइलों पर हस्ताक्षर किए। इसमें वह फाइल भी शामिल है, जिसमें हर दो महीने में 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की गई है। विजय अपने भाषण की शुरुात मेरे दिल में बसने वाले लोगों से कहकर की। उन्होंने कहा, मुझे भी पता है कि जिंदगी में गरीबी क्या होती है। भूख क्या होती है। यह भी मैं जानता हूं। मैं किसी राजघराने से नहीं आया हूं। मैं आपमें से ही एक हूं। आपके परिवार के एक सदस्य जैसा हूं। मैं खुद को हमेशा ऐसा ही महसूस करता हूं। और आपने भी मुझे उसी तरह अपनाया, तभी आपने मुझे सिनेमा में इतना बड़ा स्थान दिया। विजय ने कहा, मैं आप लोगों का ऋण चुकाने के लिए राजनीति में आया। तब आपने मुझसे कहा– 'आओ विजय३ हम संभाल लेंगे।

# पेज एक का शेष

### योगी मंत्रिमंडल...

(स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भाजपा ने पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दलित, ओबीसी और ब्राह्मण समीकरणों को साधने की कोशिश की है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में कुल 403 सीटें हैं। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार राज्य में अधिकतम 60 मंत्री बनाये जा सकते हैं। अब तक योगी सरकार में 54 मंत्री थे ऐसे में खाली पड़ी छह सीटों पर नए मंत्री बनाये गए है।

### तमिलनाडु के...

इन सभी को विजय की करीबी टीम का सदस्य माना जाता है। आमतौर पर सफ़ेद कमीज और खाकी पतलून में नजर आने वाले विजय रविवार को शपथ ग्रहण समारोह में अलग अंदाज में दिखे। उन्होंने सफ़ेद कमीज और गहरे रंग की पतलून के साथ कोट पहना था। उनके अधिकतर मंत्रिमंडलीय सहयोगी भी कमीज और पतलून में नजर आए। इस तरह टीवीके मंत्रिमंडल की पोशाक भी सामान्य परंपरा से अलग दिखी। इससे पहले तमिलनाडु में पुरुष नेता ऐसे अवसरों पर आम तौर पर सफ़ेद धोती और सफ़ेद कमीज पहने नजर आते रहे हैं। विजय के माता-पिता उनके बेटे को पहले ही चुनाव में राजनीतिक शिखर पर पहुंचते देख बेहद खुश और भावुक नजर आए। विजय ने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के गठन के दो साल बाद यह चुनाव जीता। रविवार के शपथग्रहण समारोह के साथ ही द्रविड़ राजनीति के गढ़ तमिलनाडु में करीब 60 साल में पहली बार द्रमुक और अन्नाद्रमुक से इतर किसी दल की सरकार बनी। करीब एक घंटे तक चले कार्यक्रम के अंत में विजय ने मंच पर मौजूद राहुल गांधी और अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों एवं अन्य लोगों के साथ सेल्फी ली। कार्यक्रम के दौरान जवाहरलाल नेहरू इनडोर स्टेडियम उत्साह से सराबोर दिखा जहां हजारों लोग अपने 'थलपति' (कमांडर) को 'मुथलमाइचर' यानी मुख्यमंत्री बनते देखने के लिए एकत्र हुए थे। यहां हर तरफ कठिन संघर्ष के बाद मिली जीत के जश्न का माहौल था। समारोह स्थल के भीतर माहौल बेहद उत्साहपूर्ण दिखा। सुबह से ही पहुंच रही भीड़ की भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक समर्थक ने कहा, ''हम थलपति की वजह से बहुत खुश हैं। टीवीके के चुनाव चिह्न सीटी की आवाजें चारों ओर गूंज रही थीं, वहीं समर्थक अपने नेता के सत्ता में आने का जश्न मनाते हुए पीले रंग की प्रधानता वाले पार्टी के शॉल लहरा रहे थे। अभिनेत्री सनम शेट्टी ने पत्रकारों से कहा कि यह क्षण तमिलनाडु की राजनीति के लिए एक बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा, ''बहुमत हासिल करने और इतिहास रचने के बावजूद३ राजनीतिक समीकरणों में बदलाव से भरा पिछला एक सप्ताह इतना कठिन रहा कि हम चैन से सो नहीं पाए। आज हम अपने प्रिय थलपति जोसेफ विजय के सुरक्षित हाथों में बेहतर तमिलनाडु के सपने के साथ चैन से सो पाएंगे। इस दिन का भावनात्मक महत्व विजय के पिता एस ए चंद्रशेखर के आवास पर सबसे अधिक दिखाई दिया। विजय की मां शोभा चंद्रशेखर ने नयी जिम्मेदारी को लेकर अपने बेटे पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा, ''विजय इसे अच्छी तरह निभायेगा। मुझे उसपर पूरा विश्वास है। अभिनेत्री तृषा सहित फिल्म जगत की कई हस्तियां समारोह में शामिल हुईं। यह समारोह संयोग से मातृ दिवस के दिन हुआ और कई परिजनों तथा समर्थकों ने इसे ''तमिलनाडु के सच्चे बेटे'' के लिए एक अच्छी शुरुआत बताया। गांधी ने चेन्नई में विजय के शपथग्रहण समारोह में भाग लिया और कार्यक्रम की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं। विजय ने रविवार को एक भव्य समारोह में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में 60 वर्षों बाद पहली बार गैर-द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और गैर-अन्नाद्रमुक (ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम) सरकार बनी है। विपक्ष के नेता ने 'एक्स' पर कहा, ''तमिलनाडु ने चुनाव कर लिया है। एक नयी पीढ़ी। एक नयी आवाज। एक नयी कल्पना। थिरु विजय को मेरी शुभकामनाएं ऽ आशा है कि वह तमिलनाडु की जनता की आशाओं को पूरा करेंगे। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि लंबे समय से राज्य की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को परिभाषित करने वाले आदर्श टीवीके प्रमुख के नेतृत्व में सरकार को आगे भी दिशा देते रहेंगे। खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''विजय के तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मैं उन्हें, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) पार्टी और पूरे गठबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस सरकार का गठन आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय, सशक्तीकरण और तर्कसंगत सोच जैसे उन मूल्यों की स्थायी ताकत को दोहराता है, जिन्होंने तमिलनाडु की राजनीतिक और सामाजिक चेतना को लंबे समय से आकार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विरासत पेरियार और कामराज द्वारा गढ़ी गई थी।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''तमिलनाडु के लाखों लोगों, खासकर महत्वाकांक्षी युवाओं ने टीवीके पर भरोसा जताया है। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में ये आदर्श शासन का मार्गदर्शन करते रहेंगे और देश को प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा, ''ऐसी कामना है कि नयी सरकार को करुणा, समावेशिता और प्रतिबद्धता के साथ लोगों की सेवा करने में बड़ी सफलता मिले। विजय के मंत्रिमंडल में युवा और अनुभवी नेताओं का मिश्रण देखने को मिला। अभिनेता से नेता बने 51 वर्षीय विजय की मुख्य टीम को उनकी पहली सरकार में जगह मिली है। अपने पहले संबोधन में विजय ने कहा कि वह किसी शाही परिवार से नहीं आते और जनता ने उन्हें अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह लोगों को झूठे वादे कर धोखा नहीं देंगे। समारोह में विजय के पिता एस. ए. चंद्रशेखर और उनकी मां शोभा, अभिनेत्री तृषा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। यह कार्यक्रम चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया।

### झूठे पोस्ट संवैधानिक...

इसका दोष ब्राह्मणों का नहीं बल्कि उसकी अपनी मानसिकता का है। बयान में कहा गया है, ''ये आरोप पूरी तरह से निराधार, दुर्भावनापूर्ण और स्पष्ट रूप से झूठे हैं। बयान के अनुसार, ''प्रधान न्यायाधीश का कार्यालय सभी जिम्मेदार नागरिकों, मीडिया संगठनों और सोशल मीडिया मंचों से झूठी और मनगढ़ंत सामग्री को बढ़ावा देने से बचने का आह्वान करता है।

### यूक्रेन संघर्ष ...

संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम देशों द्वारा यूक्रेन की मदद करने के बारे में पूछे गए सवाल पर श्री पुतिन ने कहा, ''उन्होंने (पश्चिम ने) सहायता का वादा किया और फिर रूस के साथ टकराव को हवा देना शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। मुझे लगता है कि मामला अब सुलझने वाला है लेकिन यह एक गंभीर मामला है। रूसी सेना ने 2014 में क्रीमिया और पूर्वी यूक्रेन के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया, फिर फरवरी 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण रूप से आक्रमण शुरू कर दिया। श्री पुतिन ने कहा कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से तभी मिलेंगे जब एक स्थायी शांति समझौते पर सहमति बन जाएगी। श्री पुतिन ने कहा कि उन्होंने सुना है कि श्री ज़ेलेंस्की व्यक्तिगत मुलाकात के लिए तैयार हैं लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह पहली बार नहीं है जब हमने इस तरह के बयान सुने हैं। श्री पुतिन ने कहा कि वह यूरोप के लिए नई सुरक्षा व्यवस्था पर बातचीत करने के लिए तैयार हैं और उनके पसंदीदा वार्ताकार जर्मनी के पूर्व चांसलर गेरहार्ड श्रोडर होंगे। पूर्व जर्मन चांसलर राष्ट्रपति पुतिन के लंबे समय से मित्र हैं और रूसी सरकारी ऊर्जा कंपनियों के लिए अपने काम के कारण विवादास्पद हैं। अमेरिका के नेतृत्व में सप्ताहांत में हुए युद्धविराम समझौते के अंतर्गत, कीव और मास्को ने एक-दूसरे से 1,000 कैदियों की अदला-बदली पर सहमति व्यक्त की थी लेकिन श्री पुतिन ने शनिवार को कहा कि रूस को यूक्रेन से अभी तक किसी भी प्रकार की अदला-बदली के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि लगभग दो दशकों में पहली बार रेड स्क्वायर परेड में कोई सैन्य उपकरण नहीं शामिल किया गया जिसे क्रेमलिन आम तौर पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर रूसी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए आयोजित करता है।

### अमेरिका की परमाणु ...

कोई प्रमाण नहीं मिला है जिससे यह संकेत मिले कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि रूस अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम के प्रबंधन में सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि रूस का प्रस्ताव ईरान के संवर्धित यूरेनियम को शांतिपूर्ण परमाणु उपयोग के लिए ईंधन रॉड में परिवर्तित करने पर आधारित है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ईरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्तावित 10 सूत्री समझौता ज्ञापन पर जवाब देने का इंतजार कर रहा है। इस प्रस्ताव में ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रमुख विवादित मुद्दों में शामिल है। अमेरिका ने अब तक रूस के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। अमेरिका की मुख्य चिंता ईरान के लगभग 450 किलोग्राम 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भंडार को लेकर है, जिसे हथियार-स्तरीय 90 प्रतिशत संवर्धन से केवल एक तकनीकी कदम दूर माना जाता है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान के पास लगभग 1,000 किलोग्राम 20 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम और करीब 8,500 किलोग्राम 3.6 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम भी मौजूद है। रूस ने इस सामग्री को नागरिक रिएक्टरों के लिए ईंधन छड़ों में बदलने का प्रस्ताव रखा है।

### कांग्रेस देश की...

हुए कहा कि पुडुचेरी में लगातार दूसरी बार एनडीए सरकार बनी है। असम में तीसरी बार एनडीए को जनादेश मिला है और पश्चिम बंगाल में भाजपा को पहली बार इतना बड़ा समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ये नतीजे देश के युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों और मध्यम वर्ग के मूड को दर्शाते हैं तथा यह संदेश देते हैं कि भारत की जनता स्थिरता चाहती है। मोदी ने कहा कि देश की जनता को स्पीड चाहिए, स्कैम नहीं, सॉल्यूशन चाहिए और राष्ट्र नीति वाली राजनीति चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश भाजपा की राष्ट्रनीति के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल और केरल में भाजपा के विस्तार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक समय बंगाल में भाजपा के केवल तीन विधायक थे, लेकिन आज वहां भाजपा की सरकार है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में भाजपा की ताकत लगातार बढ़ रही है और भविष्य में वहां भी भाजपा-नीत गठबंधन बहुमत का आंकड़ा पार करेगा। मोदी ने कहा कि 10 मई की तारीख ऐतिहासिक है क्योंकि 1857 में इसी दिन स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी भड़की थी, जिसने आगे चलकर अंग्रेजी शासन की बेड़ियों को तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि शौर्य और सामर्थ्य की यही विरासत देश की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ का भी उल्लेख किया और कहा कि वह गुजरात के सोमनाथ में मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में भी कंग्रेस के भीतर इसी प्रकार की स्थिति देखने को मिली थी और अब केरल में भी पार्टी के अंदरूनी मतभेद सामने आने लगे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार केरल में भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं और आने वाले समय में वहां भी भाजपा सरकार बनाने में सफल होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि असम में तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है, जबकि पुडुचेरी में दूसरी बार एनडीए सत्ता में लौटा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा, देश में भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होने से पहले ही कर्नाटक में पार्टी एक बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी थी। आज आंध्र प्रदेश में एनडीए की सरकार है और तेलंगाना में भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का मैसूर पगड़ी और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। वहीं राज्य भाजपा नेताओं ने उन्हें 13 किलोग्राम वजन की चांदी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

# संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने किए बदरीनाथ धाम के दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि व न्याय से संबंधित विभागीय संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष बृज लाल ने पत्नी सहित सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रविवार को श्री बदरीनाथ धाम पहुंचे।

प्रतिनिधिमंडल के आगमन पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने हेलीपेड पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अतिथियों का पारंपरिक रूप से अभिनंदन भी किया गया। अध्यक्ष और प्रतिनिधिमंडल ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश व देश की सुख-समृद्धि की कामना की। समिति सदस्यों ने श्री बदरीनाथ धाम की आध्यात्मिक गरिमा व धार्मिक महत्व की सराहना करते हुए कहा कि धाम में संचालित मास्टर प्लान कार्य भविष्य में श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। समिति के सदस्यों ने श्री बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया।



उन्होंने यात्री सुविधाओं, सौंदर्यीकरण, नदी तट विकास, पैदल मार्गों, सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं आधारभूत संरचनाओं को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। समिति सदस्यों ने कहा कि बदरीनाथ धाम में परंपरा और आधुनिकता का संतुलित एवं आकर्षक स्वरूप विकसित किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को अधिक सुव्यवस्थित एवं सुगम सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

# बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने टीम के लिए दरबार साहिब में की अरदास

कैनविज टाइम्स संवाददाता


अमृतसर। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री प्रीति जिंटा शनिवार देर रात श्री दरबार साहिब अमृतसर में माथा टेकने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने श्री दरबार साहिब में माथा टेका और सरबत के भले की अरदास की। प्रीति जिंटा को देखने के लिए संगत में उत्साह देखने को मिला और कई श्रद्धालुओं ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के बाद प्रीति जिंटा ने लंगर हॉल में सेवा भी निभाई। उन्होंने संगत को रोटी वितरित की और सेवा भाव के साथ अपनी श्रद्धा प्रकट की।

मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वाहेगुरु जी का बुलावा आया था, इसलिए हम यहां आए हैं। उन्होंने बताया कि 11 तारीख को उनकी क्रिकेट टीम का एक महत्वपूर्ण मुकाबला है, जिसके लिए उन्होंने जीत की अरदास की है। उन्होंने विश्वास जताया कि वाहेगुरु जी की कृपा से



उनकी टीम शानदार प्रदर्शन करेगी और हर मैच जीतने की पूरी कोशिश करेगी। इस दौरान उन्होंने श्रेयस अय्यर का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब के लोग उन्हें प्यार से ल्लसरपंचङ्क कहते हैं, जो टीम के लिए गर्व की बात है। प्रीति जिंटा ने पंजाब के युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि टीम को लोगों से भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यही समर्थन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाता है और टीम की सबसे बड़ी ताकत है।

# प्रतिबंधित क्षेत्र में ऑनलाइन नॉनवेज डिलीवरी से विवाद आंदोलन की चेतावनी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी में प्रतिबंधित क्षेत्र के भीतर ऑनलाइन माध्यम से नॉनवेज की डिलीवरी का मामला सामने आने के बाद विवाद गहरा गया है। हिंदूवादी संगठनों और संत समाज ने इसे धार्मिक मर्यादा का उल्लंघन बताते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

बताया जा रहा है कि हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र के प्रतिबंधित इलाके में मोबाइल ऐप के जरिए नॉनवेज आसानी से मंगाया जा रहा है। शिकायतों की पुष्टि के लिए कुछ लोगों ने स्वयं ऑनलाइन ऑर्डर कर परीक्षण किया। आरोप है कि एक रेस्टोरेंट से नॉनवेज पार्सल मंगाकर ऐप आधारित बाइक राइडर के जरिए डिलीवरी कराई गई, जो करीब आधे घंटे के भीतर ओम पुल और सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस के पास गंगा तट तक पहुंच गई। इस संबंध में सतों का कहना है कि हरिद्वार करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और यहां की धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए। चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो संत समाज आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। वहीं पंडित कृष्ण चन्द्र शास्त्रीं ने कहा कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद वास्तविकता जानने के लिए यह प्रयोग किया गया था। उनका कहना है कि यदि बिना जांच के किसी भी प्रकार का पार्सल प्रतिबंधित क्षेत्र तक पहुंचाया जा सकता है तो यह सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। पार्सल पहुंचाने वाले युवक ने कहा कि उसे पार्सल के अंदर क्या सामग्री थी, इसकी जानकारी नहीं थी। उसके अनुसार वह केवल ऐप के माध्यम से मिली बुकिंग के आधार पर डिलीवरी करता है और सील खोलना उसकी नौकरी के लिए खतरा बन सकता था।

नगर निगम अधिकारी नंदन कुमार ने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में नॉनवेज डिलीवरी का मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हरिद्वार नगर निगम के पुराने बायलॉज के अनुसार हरकी पैड़ी क्षेत्र के लगभग पांच किलोमीटर दायरे में मांस और मदिरा की बिक्री एवं सेवन प्रतिबंधित माना जाता रहा है। बाद में नगर निगम बोर्ड द्वारा पूरे निगम क्षेत्र में मांस और शराब की दुकानों के संचालन पर रोक संबंधी प्रस्ताव भी पारित किए गए। बताया जा रहा है कि नगर निगम क्षेत्र से बाहर सराय गांव में लाइसेंसी कारोबारियों के लिए वैकल्पिक दुकानें विकसित की जा रही हैं।

## जिले में दबंगों ने जबरन जमीन की रजिस्ट्री कराकर अधेड़ को अगवा कर हत्या

नालंदा, बिहारशरीफ। नालंदा जिले में दबंगों ने जबरन जमीन की रजिस्ट्री कराकर अधेड़ को अगवा कर उनकी हत्या कर दी है। जहां मानपुर थाना पुलिस ने रविवार को तेतरावां गांव के खंधा से अधेड़ का शव बरामद किया है। मृतक अस्थावां थाना क्षेत्र के अस्थावां गांव निवासी 45 वर्षीय सोनू राम हैं। मौके से चप्पल, प्लास्टिक की बोतल, आधार कार्ड, कुछ जरूरी कागजात बरामद की गई है। बरामद आधार कार्ड से मृतक की पहचान हुई। अधेड़ पांच दिनों से लापता थे। परिवार के लोग उनकी तलाश कर रहे थे। बताया जाता है कि कपड़ा से अधेड़ का गला घोंटा गया है शरीर पर जख्मों के निशान भी पाये गये है।मृतक की पत्नी माधुरी देवी ने बताया कि गांव के दबंग मुकेश यादव ने उनकी 13 कट्ठा जमीन पर कब्जा कर लिया है। इसके बाद आठ कट्ठा जमीन की जबरन रजिस्ट्री करा ली। दबंग ने 1.62 लाख रुपए प्रति कट्ठा मूल्य देने की बात कही थी।

# शराब के साथ तस्करी में जुटी महिला को उत्पाद बलों ने किया गिरफ्तार, शराब जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र के नवादा जिले की चितर कोली स्थित समेकित जांच चौकी पर रविवार को एक बस की जांच के दौरान उत्पाद बलों ने शराब की तस्करी में जुटी एक महिला को गिरफ्तार किया है। जांच चौकी पर शराब की तस्करी में जुटे कई पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है,किंतु इस बार महिला तस्कर के गिरफ्तार होने से क्षेत्र में हलचल मचा हुआ है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में रांची से बिहार जानेवाली एक यात्री बस की जांच की गई। बस में सवार एक महिला के पास संदिग्ध रूप से रखा एक बैग था। जांच के दौरान बैग से 750



एमएल वाले रॉयल स्टैग बैरल सेलेक्ट व्हिस्की के 10 बोतल एवं 500 एमएल वाले किंगफिशर नामक बियर के 5 केन बरामद हुआ है। जब्त शराब व बियर को लेकर महिला शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव निवासी स्व. डोमन मुंडा की पत्नी विनीता मुंडा के रूप में हुई है। गिरफ्तार महिला ने पूछताछ के क्रम में बताई कि वह उक्त शराब को एक व्यक्ति को देने वाली थी। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब व बियर के अलावे गिरफ्तार महिला एवं फरार अभियुक्त को लेकर उत्पाद बल अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार महिला को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। इस मौके पर उत्पाद एएसआई विश्वजीत कुमार सिंह के साथ गृहरक्षक जवान मौजूद रहे।

## मोहाली में आप विधायक डिपी ढिल्लों को पुलिस ने नाके पर रोका, एएसआई सस्पेंड

मोहाली। पंजाब के मोहाली में आम आदमी पार्टी के गिद्दड़बाहा से विधायक हरदीप सिंह डिपी ढिल्लों और पुलिस के बीच हुए विवाद तूल पकड़ चुका है। विधायक ने मोहाली पुलिस के एक एएसआई पर बदसलूकी और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाया है। शिकायत के बाद मोहाली के एसएसपी हरमंदीप सिंह हंस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एएसआई लखबीर सिंह को सस्पेंड कर दिया।

जानकारी के अनुसार, विधायक ढिल्लों अपनी पत्नी और चालक जगतार के साथ मोहाली में खाना खाने जा रहे थे। जब उनकी गाड़ी फ़ेज-8 थाना क्षेत्र में लगाए गए पुलिस नाके पर पहुंची तो वहां तैनात एएसआई लखबीर सिंह ने उनके वाहन को रोक लिया। पुलिसकर्मी ने गाड़ी पर लगी ब्लिंकर लाइट को लेकर सवाल पूछे और चालक से वाहन संबंधी जानकारी मांगी।

# अपराध पर लगाम नहीं तो होगी कार्रवाई, सीवान एसपी ने थानाध्यक्षों को दिखाई सख्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीवान। जिले में बढ़ते अपराध और लंबित मामलों को लेकर शनिवार को आयोजित अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा का कड़ा तेवर देखने को मिला। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में एसपी ने साफ शब्दों में कहा कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हत्या, आर्म्स एक्ट और संगीन मामलों में तेजी से चार्जशीट दाखिल कर अपराधियों को सजा दिलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले के सभी थानाध्यक्षों, डीएसपी और शाखा प्रभारियों की मौजूदगी में फरार अपराधियों, जेल से छूटे बदमाशों और सक्रिय अपराधकर्मियों की सूची अपडेट



कर तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया गया। एसपी ने वारंट, कुर्की और गिरफ्तारी अभियान को तेज करने का निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने में किसी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई, अपराध से अर्जित संपत्ति जब्ती और संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्ती बढ़ाने पर भी जोर दिया गया. पुलिस अधीक्षक ने साफ किया कि कंट्रोल रूम से मिलने वाली शिकायतों पर 15 मिनट के भीतर रिस्पांस हर हाल में देना होगा.थानों में आने वाले फरियादियों के साथ व्यवहार को लेकर भी एसपी ने सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों के साथ अभद्रता या लापरवाही की शिकायत मिलने पर संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई तय होगी. सभी थानों में आगंतुक पंजी संधारित करने और रात्रि गश्ती को मजबूत बनाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक के दौरान महाराजगंज थानाध्यक्ष को ल्लएसएचओ ऑफ द मंथङ्क घोषित किया गया, जबकि बेहतर अनुसंधान कार्य करने वाले सात पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। अपराध गोष्ठी में एसपी का पूरा फोकस अपराध नियंत्रण, तेज कार्रवाई और पुलिसिंग में जवाबदेही तय करने पर रहा।

# विक्रमशिला सेतु ध्वस्त, सब्जी और केला कारोबार प्रभावित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। पूर्वी बिहार और सीमांचल का लाइफलाइन माने जाने वाले विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद से भागलपुर की व्यापारिक व्यवस्था पूरी तरह बदल गई है। विशेषकर सब्जी और केला कारोबार पर इसका बड़ा असर पड़ा है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर हरी सब्जियों और केले का एक बड़ा बाजार है, जहां गंगा पार के इलाकों से रोजाना भारी मात्रा में सामान आता था। पहले प्रतिदिन हजारों क्विंटल सब्जियां गंगा पार से भागलपुर पहुंचती थीं, लेकिन पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद स्थिति काफी खराब हो गई है। अब सब्जी और केला कारोबारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई व्यापारी कम दाम में ही गंगा पार के इलाकों में अपनी उपज बेचने को मजबूर हो गए हैं। गंगा पार से आने वाली अलग-अलग किस्म की सब्जियों की आवक लगभग ठप हो गई है। इतना ही नहीं, भागलपुर बाजार में केले के सबसे बड़े सप्लायर नवगछिया के किसान थे। पहले सुबह 6 बजे से ही केला व्यापारी पुल के रास्ते साइकिल और अन्य वाहनों से बाजार पहुंचने लगते थे, लेकिन अब यह व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। सब्जी कारोबारियों का कहना है कि भागलपुर उनके लिए सबसे बड़ा बाजार था। यहां की मंडियों में सुबह 4 बजे तक सब्जियां पहुंच जाती थीं, जहां से छोटे व्यापारी खरीदकर अलग-अलग जगहों पर बेचते थे। इससे सामान आसानी से बिक जाता था और अच्छे दाम भी मिलते थे। लेकिन अब सब्जी लाने में काफी परेशानी हो रही है। बहुत कम मात्रा में सब्जियां गंगा पार से आ पा रही हैं, जिसके कारण बाजार में कीमत काफी बढ़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार के भागलपुर में विक्रमशिला सेतु का एक हिस्सा (पिलर संख्या 133 के पास) 4 मई 2026 की रात टूटकर गंगा नदी में समा गया था। जिससे भागलपुर और नवगछिया के बीच सीधा संपर्क टूट गया है। इस मुख्य मार्ग के ठप होने से हरी सब्जी, दूध और केलों की भारी किल्लत हो गई है और दाम भी बढ़ गए हैं। नवगछिया से आने वाले ह़जारों क्विंटल सब्जी और केले का शहर आना बंद हो गया है। सब्जी और फल व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है, माल समय पर न पहुंचने से कालाबाजारी की आशंका है। पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। लोगों को नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। उधर जिलाधिकारी ने माल के आवागमन के लिए बड़े मालवाहक जहाज (स्टीमर) की व्यवस्था करने की योजना बनाई है, ताकि सब्जी और अन्य सामान की किल्लत कम की जा सके। पुल को चालू होने में 3-4 महीने तक का समय लग सकता है। प्रशासन ने लोगों से मुंगेर के रास्ते या नाव से यात्रा करने की सलाह दी है।

## दिल्ली-हलवारा उड़ान 15 मई से शुरू होगी, उद्घाटन फ्लाइट की सिर्फ 40 फीसदी सीटें बुक

चंडीगढ़। हलवारा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए बहुप्रतीक्षित पहली उड़ान 15 मई को सुबह 5:55 बजे रवाना होगी। इसके साथ ही हलवारा एयरपोर्ट आधिकारिक तौर पर संचालन शुरू कर देगा, जिसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। हालांकि, शुरुआत में यात्रियों का उत्साह उम्मीद के मुताबिक नजर नहीं आ रहा है। उद्घाटन उड़ान के लिए अब तक केवल लगभग 40 फीसदी सीटों की ही बुकिंग हुई है। इस रूट पर 138 सीटों वाले विमान के संचालन की तैयारी है। अधिकारियों का मानना है कि नए एयरपोर्ट पर लोगों का भरोसा बनने में करीब छह महीने तक का समय लग सकता है। दिल्ली से हलवारा आने वाली पहली उड़ान के साथ-साथ हलवारा से दिल्ली लौटने वाली सुबह की उड़ान में भी यात्रियों की संख्या कम है। वापसी उड़ान में अब तक केवल करीब 35 सीटें ही बुक हुई हैं। आगामी दिनों की फ्लाइट्स में बुकिंग महज 10 से 15 प्रतिशत तक पहुंची है।

# मदर्स डे कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने सबका मनमोहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मदर्स डे के उपलक्ष में पैसिफिक मॉल,देहरादून में आयोजित 'बेबीज़ डे आउट' कार्यक्रम में नन्हे बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बेबी क्रॉल प्रतियोगिता,टॉडलर हर्डल रेस,टॉडलर रेव एवं माइलस्टोन सर्टिफिकेशन जैसी कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गईं,जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मेहर हॉस्पिटल के सीनियर चाइल्ड पीडियाट्रिक डॉक्टर डॉ. हंस वैश ने किया। इस अवसर पर उनके साथ पैसिफिक मॉल की असिस्टेंट जनरल मैनेजर पैसिफिक मॉल देविका सिंह तिवारी, स्टोरीटेलर अनुभा, अस्पताल की डॉक्टर सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। मदर्स डे के विशेष अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे परिवारों के लिए एक यादगार आयोजन बताया। इस



अवसर पर डॉ.हंस वैश ने कहा, 'आज के दौर में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियां बेहद आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं बल्कि अभिभावकों और बच्चों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूत करते हैं। मदर्स डे के अवसर पर पैसिफिक मॉल द्वारा किया गया यह आयोजन बेहद सराहनीय पहल है। कार्यक्रम का आयोजन सुविधा सुपरमार्केट के सहयोग व मेहर हॉस्पिटल की हेल्थ पार्टनरशिप में किया गया। पूरे आयोजन में बड़ी संख्या में परिवारों की सहभागिता देखने को मिली और वातावरण उत्साह व उल्लास से भर गया। सुविधा सुपर मार्केट की ओर से दिए गए सभी उपहार को देखकर बच्चे व माता-पिता काफी खुश हुए दिखे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063